सूर्योदय 5:21 सूर्यास्त 7:16

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 19.0 न्यू | 27.0 अधि |
| धर्मशाला | 18.8 न्यू | 35.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 75.415 |
| निफ्टी | 23,719 |
| सोना | 1,58,000 |
| चांदी | 2,65,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 24 मई 2026 | 10 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 145, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### नीट पेपर लीक मामले की आरोपी मनीषा सस्पेंड

**एजेंसी, नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के स्कूल सेठ हीरालाल सरस्वती प्रशाला ने सीनियर फिजिक्स लेक्चरर मनीषा संजय हवलदार को नीट पेपर लीक में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तारी के बाद तुरंत सस्पेंड कर दिया है। स्कूल सेक्रेटरी डॉ. सतीश गावड़े ने बताया कि मनीषा, 1992 से संस्थान में फिजिक्स की लेक्चरर हैं। उनके पास एमएससी, बीएड की डिग्री है और वह 30 जून को रिटायर होने वाली हैं। गावड़े ने मनीषा के इस काम को छात्रों, संस्थान और देश के साथ विश्वासघात बताया। उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच के लिए एक हाई लेवल इंटरनल जांच कमेटी बनाई गई है। (अनंत ज्ञान)

### लेह में सेना का हेलिकॉप्टर क्रैश तीन अधिकारी बाल-बाल बचे



**एजेंसी, लेह।** लद्दाख में लेह के पास पहाड़ी टैंगस्टे इलाके में एक हेलिकॉप्टर के क्रैश होने से इंडियन आर्मी के तीन ऑफिसर बाल-बाल बच गए। यह चॉपर पुराने चीता फ्लीट का हिस्सा था, उसमें एक लेफ्टिनेंट कर्नल, एक मेजर और एक मेजर जनरल सवार थे, और 20 मई को क्रैश हो गया, अधिकारियों ने शनिवार सुबह इस खबर की पुष्टि की। लेफ्टिनेंट कर्नल और मेजर सिंगल-इंजन चॉपर चला रहे थे, जबकि तीसरी इन्फेंट्री डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल सचिन मेहता पैसेंजर के तौर पर उसमें सवार थे। तीनों को चोटें आईं। (अनंत ज्ञान)

### ईडी ने जमीन धोखाधड़ी केस में रियल एस्टेट कारोबारी दबोचा

**एजेंसी, चंडीगढ़।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पंजाब में जमीन धोखाधड़ी और धनशोधन मामले में एक रियल एस्टेट कारोबारी को गिरफ्तार किया है। यह मामला भूमि उपयोग परिवर्तन (सीएलयू) की मंजूरी के लिए कथित फर्जी सहमति पत्रों से जुड़ा है। अधिकारियों के अनुसार, इंडियन कोऑपरेटिव हाउस बिल्डिंग सोसायटी (आईसीएचबीएस) के सचिव अजय सहगल को जालंधर स्थित ईडी कार्यालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत हिरासत में लिया है। ईडी ने इस महीने की शुरुआत में सहगल और उनकी 'सनटेक सिटी' परियोजना से जुड़े परिसरों समेत कई स्थानों पर छापेमारी की थी। यह मामला किसानों की शिकायत पर दर्ज एफआईआर से जुड़ा है, जिसमें आरोप है कि सीएलयू मंजूरी के लिए फर्जी तरीके से सहमति पत्र तैयार किए गए। (अनंत ज्ञान)

### 1.24 करोड़ बैंक धोखाधड़ी में 3 दोषियों को 5 साल कैद

**एजेंसी, चेन्नई।** तमिलनाड धन्नई के एग्मोर स्थित अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन अदालत ने 1.24 करोड़ रुपए के बैंक धोखाधड़ी मामले में तीन लोगों को दोषी ठहराते हुए पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषियों पर कुल 12.9 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया। यह मामला 2008 में सीबीआई की आर्थिक अपराध शाखा द्वारा एसबीआई की शिकायत पर दर्ज किया गया था। आरोप था कि मैसर्स पलपाप इचिनीची सॉफ्टवेयर इंटरनेशनल लिमिटेड और अन्य आरोपियों ने फर्जी कर्मचारियों के नाम पर पर्सनल लोन मंजूर कर बैंक को चूना लगाया। दोषियों में कंपनी के एमडी एवं सीईओ सेंथिल कुमार, पीए ससी कुमार और प. तंजाई चेजियन शामिल हैं। अदालत ने कंपनी पर भी जुर्माना लगाया है। (अनंत ज्ञान)

# पेट्रोल–डीजल फिर हुआ महंगा

## 10 दिन में तीसरी बार बढ़े दाम, डीजल 87 और पेट्रोल के रेट में 91 पैसे बढ़ोतरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**




देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी की गई है। दिल्ली में पेट्रोल 87 पैसे महंगा होकर 99.51 रुपए प्रति लीटर पहुंच गया है। डीजल 91 पैसे प्रति लीटर महंगा हुआ है। इसके दाम 92.49 रुपए पर पहुंच गए हैं। इसके अलावा दिल्ली–एनसीआर में सीएनजी की कीमतें एक रुपए किलो बढ़ गई हैं। इस बदलाव के बाद दिल्ली में सीएनजी अब 81.09 रुपए प्रति किलो मिलेगी। पिछले 10 दिनों में यह तीसरी बढ़ोतरी है। इससे पहले सरकार ने 15 मई को सीएनजी के दाम 2 रुपए और फिर 18 मई को एक रुपए बढ़ाए थे।

ईंधन की कीमतों में 9 दिन में यह तीसरी बढ़ोतरी है। 4 दिन पहले 19 मई को पेट्रोल और डीजल के दामों में एवरेज 90 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी, जबकि 15 मई को भी कीमतों में 3 रुपए प्रति लीटर का इजाफा किया गया था। इस बढ़ोतरी की मुख्य वजह अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार–चढ़ाव है। ईरान और अमेरिका की जंग शुरू होने से पहले क्रूड ऑयल के दाम 70 डॉलर थे जो अब बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गए हैं। क्रूड की कीमतें बढ़ने से तेल कंपनियां दबाव में थीं। इसलिए कंपनियों ने घाटे की भरपाई के लिए यह कदम उठाया है। अगर कच्चे तेल की कीमतों में लंबे समय तक तेजी बनी रहती है तो पेट्रोल–डीजल की कीमतें और भी बढ़ाई जा सकती हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों और डॉलर के मुकाबले रुपए की स्थिति के आधार पर देश में ईंधन के दाम तय किए जाते हैं। सरकारी तेल कंपनियां 'डेली प्राइस रिवीजन' यानी डायनेमिक प्राइसिंग सिस्टम के तहत हर दिन सुबह 6 बजे नए रेट अपडेट करती हैं।

## शिमला में पेट्रोल 100 के पार

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी ने हिमाचल प्रदेश में महंगाई की चिंता और बढ़ा दी है। पिछले दस दिनों में तीसरी बार ईंधन महंगा होने से आम लोगों, किसानों, बागवानों और व्यापारियों पर आर्थिक दबाव बढ़ने लगा है। राजधानी शिमला में पेट्रोल 100 रुपये प्रति लीटर के करीब पहुंच गया है, जबकि डीजल 92 रुपए के आसपास बिक रहा है।


जानकारी के अनुसार शिमला में सामान्य पेट्रोल 99.96 रुपए और पावर पेट्रोल 109.18 रुपए प्रति लीटर तक पहुंच गया है। वहीं, डीजल 91.86 रुपए प्रति लीटर बिक रहा है। पेट्रोल पंप संचालकों के मुताबिक इस बार पेट्रोल में करीब 87 पैसे और डीजल में 91 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई है। विशेषज्ञों का मानना है कि इसका सबसे बड़ा असर प्रदेश की बागवानी अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। अगले महीने शुरू होने वाले सेब सीजन में ट्रकों और ढुलाई का खर्च बढ़ने से बागवानों की लागत बढ़ेगी। खाद, दवाइयों और मजदूरी की बढ़ती कीमतों के बीच परिवहन महंगा होना बागवानों के लिए नई चुनौती बन सकता है।

ईंधन कीमतों में वृद्धि का असर निर्माण सामग्री, राशन, सब्जियों और अन्य दैनिक जरूरत की वस्तुओं पर भी पड़ने की आशंका है। डीजल महंगा होने से खेती–किसानी और कृषि मशीनों की संचालन लागत भी बढ़ेगी। जानकारों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण तेल कंपनियों ने ईंधन दरों में बढ़ोतरी की है। वहीं आम लोगों का कहना है कि रसोई, शिक्षा और घरेलू खर्च पहले ही बढ़ चुके हैं, ऐसे में लगातार महंगा होता पेट्रोल–डीजल आम आदमी की मुश्किलें बढ़ा रहा है।

# सीएम सुक्खू के 'चिट्टा मुक्त हिमाचल' अभियान के साथ जुड़े 2 .34 लाख लोग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की 'चिट्टा मुक्त हिमाचल' मुहिम को प्रदेशभर में व्यापक जन समर्थन मिल रहा है। राज्य में अब तक 2.34 लाख लोग इस अभियान से जुड़ चुके हैं। पंचायतीराज विभाग द्वारा इन लोगों को नशीले एवं मादक पदार्थों के दुरुपयोग की रोकथाम, आपदा प्रबंधन तथा सामाजिक जागरूकता जैसे विषयों पर विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया है ताकि वे अपने–अपने क्षेत्रों में इन चुनौतियों का प्रभावी ढंग से मुकाबला कर सकें।



प्रदेश सरकार के सतत् प्रयासों और जनसहभागिता के कारण अब समाज के विभिन्न वर्ग इस मुहिम का सक्रिय हिस्सा बन रहे हैं। लोगों में नशे के खिलाफ जागरूकता बढ़ी है तथा युवाओं को चिट्टे जैसी घातक प्रवृत्तियों से बचाने के लिए सामूहिक प्रयास तेज हुए हैं। राज्य के 2.34 लाख लोग प्रदेश सरकार की आंख और कान बनकर नशे का कारोबार करने वालों की सूचना समय पर पुलिस तक पहुंचा रहे हैं ताकि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। इसके अलावा ये लोग चिट्टे के दुष्प्रभावों के बारे में युवाओं और समाज को जागरूक करने में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

◆ **नशे के खिलाफ जनजागरण तेज, पंचायत स्तर पर किया है रेड, येलो और ग्रीन वर्गीकरण**

प्रदेश को चिट्टा मुक्त बनाने के अभियान की सफलता के लिए एक व्यापक योजना तैयार कर उसे प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। प्रदेश के युवाओं को नशे की दलदल में जाने से रोकने के लिए पंचायती राज और पुलिस विभाग को विशेष निर्देश जारी किए गए थे। इसके तहत पंचायत स्तर पर चिट्टे का सेवन करने वालों तथा नशा तस्करों की पहचान सुनिश्चित की गई।

हिमाचल देश का पहला राज्य बना है, जहां पंचायत स्तर पर चिट्टा प्रभावित क्षेत्रों का वैज्ञानिक आधार पर वर्गीकरण किया गया। सर्वेक्षण के आधार पर प्रदेश की पंचायतों को रेड, येलो और ग्रीन श्रेणियों में विभाजित किया गया है। इनमें 234 पंचायतों को रेड श्रेणी में रखा गया है जहां चिट्टे का प्रभाव सबसे अधिक पाया गया। इन पंचायतों में नशे के प्रभाव को कम करने के लिए विशेष अभियान चलाए गए हैं। स्थानीय लोगों की सक्रिय भागीदारी, पंचायत प्रतिनिधियों के सहयोग और पुलिस की निगरानी के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं।

# राजौरी के डोरीमाल जंगलों में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच भीषण मुठभेड़

**एजेंसी, राजौरी**



जम्मू–कश्मीर के राजौरी जिले में शनिवार सुबह से ही हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। जिले के डोलीमाल जंगलों में दो से तीन आतंकियों के देखे जाने की सूचना के बाद सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया है। ऑपरेशन के शुरुआत में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच संक्षिप्त गोलीबारी भी हुई, परंतु अब काफी समय से फायरिंग बंद है। जंगल के घना होने की वजह से सेना और जम्मू–कश्मीर पुलिस के एसओजी के जवान धीरे–धीरे से आगे बढ़ रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार, भारतीय सेना और जम्मू–कश्मीर पुलिस की संयुक्त टीम को खुफिया जानकारी मिली थी कि डोरीमाल के जंगलों में 2 से 3 आतंकी छिपे हुए हैं। बताया जा रहा है कि ये सभी आतंकी पाकिस्तान से घुसपैठ कर भारतीय सीमा में दाखिल हुए थे। सूचना मिलते ही सुरक्षाबलों ने शनिवार सुबह करीब 6 बजे इलाके की घेराबंदी कर जंगल के अंदर बढ़ना शुरू किया, तभी छिपे हुए आतंकियों ने अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। गोलीबारी का यह सिलसिला कुछ देर चला, परंतु उसके बाद दोनों ओर से फायरिंग शांत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि दोनों तरफ से अब फायरिंग काफी देर से बंद है। आतंकियों को चारों ओर से घेरने के लिए अतिरिक्त सुरक्षाबलों को बुलाया गया है। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके में हाई अलर्ट जारी कर दिया है। ऑपरेशन अभी जारी है। (अनंत ज्ञान)

◆ **2-3 आतंकवादियों के छिपे होने का शक**

## 19वें रोजगार मेले में 51000 युवाओं को मिले जॉब लेटर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 51 हजार से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी के लिए अपॉइंटमेंट लेटर दिए। इसमें चुने गए युवाओं को रेलवे, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य विभाग, वित्तीय सेवा और उच्च शिक्षा समेत कई सरकारी विभागों में नौकरी मिली। देश के 47 शहरों में हुए 19वें रोजगार मेले में पीएम मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए। उन्होंने युवा इससे पहले देशभर में 18 रोजगार मेले हो चुके हैं, जिनमें करीब 12 लाख युवाओं को अपॉइंटमेंट लेटर दिए जा चुके हैं।

◆ **पीएम बोले-अब आप देश की विकास यात्रा में शामिल**




इसे पहले, मोदी ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि सरकार युवाओं के बेहतर भविष्य और उन्हें मजबूत बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि रोजगार मेले से युवाओं को सरकारी नौकरी पाने का मौका मिल रहा है। (अनंत ज्ञान)

## हेमकुंड साहिब के 225 दिन बाद खुले कपाट

### 3000 श्रद्धालुओं ने किए दर्शन, पांच क्विंटल फूलों से सजा धाम

**एजेंसी, चमोली**



चमोली में स्थित सिखों के पवित्र तीर्थ श्री हेमकुंड साहिब के कपाट शनिवार सुबह 11:30 बजे पूरे विधि–विधान और अरदास के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। करीब 225 दिन बाद खुले कपाटों के ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने के लिए देश–विदेश से आए 3000 से अधिक श्रद्धालु धाम में मौजूद रहे।

पंच प्यारों की अगुवाई में श्रद्धालुओं का पहला जत्था घांघरिया से कठिन चढ़ाई पूरी कर करीब 1500 फीट की ऊंचाई पर स्थित धाम पहुंचा। कपाट खुलते ही पूरी लोकपाल घाटी 'बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' के जयकारों से गूंज उठी। गुरुद्वारे को करीब 5 क्विंटल फूलों से सजाया गया था। हेमकुंड साहिब के कपाट पिछले साल 10 अक्तूबर 2025 को शीतकाल के लिए बंद किए गए थे। इसके बाद छह महीने से ज्यादा समय तक धाम बर्फ से ढका रहा। इस बार यात्रा शुरू होने से पहले ही 67,690 श्रद्धालु ऑनलाइन और ऑफलाइन पंजीकरण करा चुके हैं, जिससे शुरुआती दिनों में ही भारी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। (अनंत ज्ञान)

## यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**एजेंसी, नई दिल्ली**



उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

एक समाचार एजेंसी के अनुसार यूपी के में महोबा शनिवार को कोतवाली नगर थाने में बीजेपी कार्यकर्ता नीरज रावत की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई है। एएसपी वंदना सिंह ने एक न्यूज एजेंसी को बताया कि 22 मई 2026 को सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया, जिसमें कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय अपने समर्थकों के साथ सरकारी काम में बाधा डाल रहे थे। इस दौरान उन्होंने सार्वजनिक रास्ता भी रोक दिया था। उन्होंने बताया कि अजय राय ने प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी भी की थी। इस मामले में कई धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है और कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि अजय राय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ तीन बार चुनाव लड़ चुके हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश की वाराणसी लोकसभा सीट से 2014, 2019 और 2024 में चुनाव लड़ा था। (अनंत ज्ञान)

◆ **पीएम मोदी के खिलाफ आपतिजनक टिप्पणी करने का लगा आरोप**

## अमरनाथ गुफा में सात फुट बाबा बर्फानी का बना स्वरूप, यात्रा तीन जुलाई से शुरू

**एजेंसी, श्रीनगर**



अमरनाथ यात्रा शुरू होने से पहले शनिवार को बर्फ से बने शिवलिंग (बाबा बर्फानी) की पहली तस्वीरें सामने आ गई हैं। तस्वीरों में दिख रहा है कि करीब 6 से 7 फुट का शिवलिंग अपना आकार ले चुका है।

इस दौरान सुरक्षा के लिए तैनात जवानों ने सबसे पहले शिवलिंग के दर्शन भी किए। अमरनाथ यात्रा इस साल 3 जुलाई 2026 से शुरू होकर 9 अगस्त 2026 तक चलेगी। इस साल की अमरनाथ यात्रा के लिए अब तक 3.6 लाख से ज्यादा श्रद्धालु रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं।

यात्रा मार्ग पर कई जगह अब भी 10 से 12 फीट तक बर्फ जमी है, लेकिन सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) दोनों रास्तों पर तेजी से ट्रैक बहाल करने में जुटा है। अधिकारियों का दावा है कि 15 जून तक दोनों रास्ते पूरी तरह तैयार कर दिए जाएंगे। यात्रा 3 जुलाई से बालटाल–सोनमर्ग और पारंपरिक नुनवान–पहलगाम मार्ग से शुरू होगी। 57 दिन की यह यात्रा 28 अगस्त को रक्षा बंधन और सावन पूर्णिमा के दिन संपन्न होगी। रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल से शुरू हुए थे। (अनंत ज्ञान)

◆ **यात्रा के लिए 3.6 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने कराया रजिस्ट्रेशन**

## चीन की कोयला खदान में विस्फोट, 90 मजदूर मरे

**एजेंसी, बीजिंग**



चीन के शांक्सी प्रांत में एक कोयला खदान में हुए भीषण विस्फोट में कम से कम 90 लोगों की मौत हो गई। इसे पिछले एक दशक का चीन का सबसे बड़ा खदान हादसा माना जा रहा है।

सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार हादसा शुक्रवार देर रात किनयुआन काउंटी स्थित खदान में हुआ। विस्फोट के समय खदान में 247 मजदूर काम कर रहे थे। हादसे से पहले कार्बन मोनोऑक्साइड गैस का अलर्ट जारी किया गया था, जिसके कुछ देर बाद जोरदार धमाका हुआ। राहत एवं बचाव अभियान अभी भी जारी है और कई मजदूरों के फंसे होने की आशंका जताई जा रही है। शुरुआत में सरकारी मीडिया ने आठ मौतों की पुष्टि की थी, लेकिन बाद में मृतकों की संख्या बढ़कर 90 तक पहुंच गई। आंकड़ों में अचानक हुई बढ़ोतरी को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। चीन के राष्ट्रपति शी जिंगपिंग ने बचाव कार्य तेज करने और हादसे के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

# तेलंगाना में 'लू' से 16 लोगों की मौत

## झारखंड–बिहार समेत कई राज्यों में भीषण गर्मी का अलर्ट

**एजेंसी, हैदराबाद**



तेलंगाना के राजस्व मंत्री पी श्रीनिवास रेड्डी ने शनिवार को कहा कि राज्य में लू की चपेट में आने के कारण 16 लोगों की मौत हो गई है। रेड्डी ने अधिकारियों के साथ बैठक की और कहा कि जयशंकर भूपलपल्ली जिले में चार लोगों की मौत हुई, जबकि वारंगल, करीमनगर और निजामाबाद में तीन–तीन और जोगुलंबा गड़वाल, रंगा रेड्डी और सूर्यापेट जिलों में एक–एक व्यक्ति की मौत हुई। उन्होंने कहा कि सरकार मृतकों के परिजनों को चार–चार लाख रुपए की अनुग्रह राशि प्रदान करेगी।

वहीं, मौसम विभाग के अनुसार पूर्वी मध्य प्रदेश, पूर्वी उत्तर प्रदेश और विदर्भ के कुछ हिस्सों में भीषण लू चलने की संभावना है। जबकि बिहार, राजस्थान, तेलंगाना, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और अन्य जगहों के लिए भी लू का अलर्ट जारी किया गया है। कई क्षेत्रों में रातें भी गर्म रहेंगी और उमस भरी गर्मी से लोगों की परेशानी और बढ़ जाएगी।

राजस्थान में गर्मी का दौर जारी है और मौसम विभाग ने रविवार से इसके और भीषण होने का पूर्वानुमान जताया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के जयपुर केंद्र के अनुसार राज्य के अधिकांश भागों में आगामी एक सप्ताह के दौरान मौसम मुख्यत: शुष्क रहने की संभावना है, जबकि 24 मई से तापमान में दो–तीन डिग्री बढ़ोतरी होने व राज्य के कुछ भागों में उष्णलहर व कहीं–कहीं तीव्र उष्णलहर का अनुमान है। (अनंत ज्ञान)

**बहार** वीकेंड पर 80–90 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी, ट्रैफिक जाम से बढ़ी परेशानी

# हिमाचल में पर्यटकों की बाढ़, शिमला–मनाली में होटल फुल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मैदानी राज्यों में भीषण गर्मी के बीच हिमाचल प्रदेश एक बार फिर पर्यटकों की पहली पसंद बन गया है। शिमला, कुफरी, नारकंडा, मनाली, सोलंगनाला, बारालाचा और लाहौल घाटी में इन दिनों सैलानियों की भारी आमद देखने को मिल रही है। पिछले कुछ दिनों में हजारों पर्यटक प्रदेश पहुंचे हैं, जिससे होटल उद्योग, टैक्सी कारोबार, रेस्तरां और स्थानीय बाजारों में रौनक लौट आई है।




पर्यटन कारोबारियों के अनुसार वीकेंड पर शिमला और मनाली के बड़े होटल लगभग पूरी तरह फुल रहे, जबकि छोटे होटल और होम–स्टे में भी कमरों की मांग लगातार बढ़ रही है। शिमला के रिज, मालरोड, जाखू और कुफरी में दिनभर पर्यटकों की भीड़ बनी हुई है। कुल्लू–मनाली क्षेत्र में बर्फ देखने पहुंचे सैलानियों की संख्या में भी तेजी देखी जा रही है।

होटल कारोबारियों के मुताबिक ऑक्यूपेंसी 80 से 90 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जबकि सामान्य दिनों में भी 50 से 60 प्रतिशत कमरे भरे हुए हैं। कमरों के किराए श्रेणी के अनुसार 1800 रुपए से लेकर 20 हजार रुपए प्रतिदिन तक पहुंच गए हैं।

पर्यटन सीजन के साथ शिमला और मनाली मार्गों पर ट्रैफिक दबाव भी बढ़ गया है। ढली, संजौली और कुफरी सहित कई क्षेत्रों में जाम की स्थिति बन रही है। पुलिस अतिरिक्त जवान तैनात कर यातायात नियंत्रण में जुटी है। पर्यटन विशेषज्ञों के अनुसार कूल क्लाइमेट टूरिज्म की बढ़ती मांग, सोशल मीडिया आकर्षण और लंबी छुट्टियों के कारण इस बार पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

### ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बारिश व बर्फीली हवाओं की संभावना

**मौसम** विभाग ने आगामी दिनों में ऊंचाई वाले क्षेत्रों में मौसम बदलने और हल्की बारिश तथा बर्फीली हवाओं की संभावना जताई है। विभाग ने पर्यटकों को मौसम अपडेट देखकर ही यात्रा करने, गर्म कपड़े साथ रखने और पहाड़ी मार्गों पर सावधानी बरतने की सलाह दी है। प्रशासन ने भी अपील की है कि पर्यटक अनावश्यक जोखिम न लें, निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग करें और ट्रैफिक नियमों का पालन करें ताकि पर्यटन सीजन सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से चलता रहे।

# पीजीआर के नाम पर करोड़ों का 'खेल'

## नकली बागवानी व्यवस्था ने तोड़ी बागवानों की कमर, सामने आया घोटाला

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल की बागवानी अर्थव्यवस्था में पीजीआर के नाम पर चल रहे कथित खेल ने अब एक बड़े घोटाले का रूप लेना शुरू कर दिया है। वर्षों से बेहतर उत्पादन, चमकदार फसल व अधिक मुनाफे के सपने दिखाकर बागवानों तक पहुंचाए जा रहे उत्पाद अब संदेह के घेरे में हैं। सबसे चिंताजनक बात यह मानी जा रही है कि इस पूरे तंत्र ने धीरे-धीरे प्राकृतिक और वैज्ञानिक बागवानी प्रणाली को भीतर से कमजोर कर दिया। कई इलाकों में बागवान अब यह कहने लगे हैं कि नकली उम्मीदों व अप्रमाणित उत्पादों के सहारे उनकी पारंपरिक बागवानी व्यवस्था लगभग तहस-नहस होने की स्थिति तक पहुंच गई है। सूत्रों के अनुसार, राज्य में सेब

◆ कागजों में निगरानी, जमीन पर केवल अव्यवस्था

◆ बागवानी विभाग की भूमिका पर भी उठे सवाल

अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार माना जाता है। ऐसे में पीजीआर के नाम पर करोड़ों रुपए का कारोबार बिना सख्त निगरानी के चलता रहा, यह अपने आप में बड़ा सवाल बन गया है। बागवानों का आरोप है कि भारी कीमतों पर बेचे गए उत्पादों को चमत्कारी बताकर प्रचारित किया गया, लेकिन परिणाम जमीन पर वैसा दिखाई नहीं दिया। कई बागवानों को उम्मीद के विपरीत नुकसान उठाना पड़ा। अब यह चर्चा तेज हो गई है कि यदि इतने बड़े स्तर पर उत्पादों की बिक्री हो रही

### उच्च स्तरीय व निष्पक्ष जांच की उठी मांग

अब मांग उठने लगी है कि पूरे मामले की केवल विभागीय नहीं, बल्कि उच्चस्तरीय और निष्पक्ष तकनीकी जांच करवाई जाए। यह पता लगाया जाए कि किन परिस्थितियों में पीजीआर के नाम पर इतना बड़ा नेटवर्क विकसित हुआ, किस स्तर पर निगरानी कमजोर रही और आखिर जिम्मेदारी किसकी तय होगी। बागवानों का साफ कहना है कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई, पारदर्शिता और वैज्ञानिक नियंत्रण लागू नहीं किए गए, तो हिमाचल की बागवानी अर्थव्यवस्था को लंबे समय तक इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

थी, तो गुणवत्ता जांच, प्रयोगशाला परीक्षण व फील्ड मॉनिटरिंग की प्रक्रिया आखिर कितनी प्रभावी थी। इस पूरे मामले में सबसे अधिक सवाल बागवानी व्यवस्था और निगरानी तंत्र पर उठ रहे हैं। वर्षों से शिकायतें सामने आती रहीं, लेकिन हर बार मामला केवल औपचारिक जांच, बैठकों व समितियों तक सीमित रह गया। जानकार मानते हैं कि यदि समय रहते वैज्ञानिक अध्ययन व पारदर्शी जांच होती, तो आज स्थिति इतनी गंभीर नहीं बनती। कई बागवान यह भी मानते हैं कि सोशल मीडिया और प्रचार तंत्र के माध्यम से ऐसे उत्पादों का ऐसा माहौल बनाया गया, जिसमें बागवान भरोसे और दबाव दोनों के बीच फंसता चला गया। धीरे-धीरे यह कारोबार खेतों से अधिक उम्मीदों का व्यापार बनता गया।

बागवानी क्षेत्र से जुड़े जानकारों का कहना है कि हिमाचल पहले ही जलवायु परिवर्तन, घटते उत्पादन व बढ़ती लागत जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है। ऐसे समय में यदि अप्रमाणित या संदिग्ध उत्पादों का अनियंत्रित उपयोग बढ़ता है, तो इसका असर केवल एक सीजन तक सीमित नहीं रहता, विपरीत इसके मिट्टी, पौधों और पूरी उत्पादन प्रणाली पर दीर्घकालिक प्रभाव छोड़ता है। यही कारण है कि अब बागवानों के बीच असुरक्षा और अविश्वास का माहौल गहराने लगा है। किसानों को यह डर सता रहा है कि कहीं अधिक उत्पादन की दौड़ में उनकी पारंपरिक और वैज्ञानिक बागवानी पद्धति स्थायी नुकसान की ओर न बढ़ जाए।

# लुहरी प्रोजेक्ट प्रभावितों को आखिरी मौका


## रोजगार नहीं मिला, तो चुन सकेंगे 5 लाख की एकमुश्त सहायता

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। शिमला जिले की बहुचर्चित लुहरी जल विद्युत परियोजना चरण-1 से प्रभावित परिवारों के लिए प्रशासन ने राहत और अंतिम अवसर दोनों का संदेश जारी किया है।

पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन योजना के तहत उन परिवारों को अब रोजगार विकल्प बदलने या नया विकल्प चुनने का मौका दिया गया है, जिन्हें अब तक परियोजना में रोजगार नहीं मिल पाया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इच्छुक और पात्र परिवार आगामी 15 जून 2026 तक 5 लाख रुपये की एकमुश्त सहायता राशि अथवा वार्षिकी योजना का चयन कर सकते हैं। इसके बाद किसी भी प्रकार का दावा, संशोधन या विकल्प परिवर्तन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उपमंडलाधिकारी (एसडीएम) रामपुर हर्ष अमरेंद्र सिंह द्वारा जारी



◆ प्रशासन ने पंचायत चुनावों से पहले तय की समयसीमा

सार्वजनिक सूचना के अनुसार यह लाभ दो श्रेणियों के प्रभावित परिवारों को मिलेगा। पहली श्रेणी में वे परिवार शामिल हैं जिन्होंने पहले आर एंड आर योजना के तहत रोजगार का विकल्प चुना था, लेकिन वर्तमान में परियोजना में कार्यरत नहीं हैं। ऐसे परिवार अब रोजगार के स्थान पर वित्तीय सहायता योजना चुन सकेंगे। दूसरी श्रेणी में वे प्रभावित परिवार रखे गए हैं जिन्होंने अब तक किसी भी विकल्प का चयन नहीं किया था। ऐसे परिवारों को भी पहली बार अपनी पसंद दर्ज कराने का अवसर दिया गया है। प्रशासन का कहना है कि यह फैसला लंबे समय से लंबित मांगों और प्रभावित परिवारों की परेशानियों को देखते हुए लिया गया है।

### 15 जून अंतिम समयसीमा तय

प्रशासन ने यह भी साफ किया है कि आगामी पंचायत चुनावों और प्रशासनिक प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए 15 जून को अंतिम समयसीमा तय की गई है। एसडीएम हर्ष अमरेंद्र सिंह ने प्रभावित परिवारों से अपील की है कि वे अंतिम तारीख का इंतजार किए बिना जल्द अपने आवेदन जमा करें, ताकि बाद में किसी प्रकार की असुविधा या विवाद की स्थिति पैदा न हो।

# शिमला में दो जगह अवैध शराब बरामद, केस दर्ज

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। शिमला जिले में पुलिस ने अलग-अलग जगहों पर कार्रवाई करते हुए अवैध शराब बरामद की है। दोनों मामलों में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 39(1)(ए) के तहत केस दर्ज किए गए हैं। पहला मामला थाना कुपवी क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार सांय पुलिस दल ने थाना कुपवी के पास संदेह के आधार पर एक ऑल्टो कार को रोका और उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन के अंदर रखे गत्ते के डिब्बे से रॉयल स्टैग और शाही संतरा शराब की 12-12 बोतलें बरामद हुईं। पुलिस ने वाहन चालक राकेश सकटा, पुत्र छज्जू राम, निवासी ग्राम एवं डाकघर जुब्बली, तहसील कुपवी, जिला शिमला, उम्र 31 वर्ष, के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरा मामला थाना



चौपाल क्षेत्र का है। पुलिस ने सराहां स्थित पीएनबी बैंक के पास कर्मदास की दुकान में तलाशी ली। उस समय दुकान में उसकी पत्नी बिमला मौजूद थी। तलाशी के दौरान प्लास्टिक के कट्टों के नीचे छिपाकर रखी गई चार पेटियां बरामद हुई। इनमें दो पेटियों में 'नाटी नं.1 संतरा' ब्रांड की 24 बोतलें देशी शराब और अन्य दो पेटियों में 'थंडर बोल्ट प्लेटिनम' ब्रांड की 24 बोतलें बीयर मिलीं। पुलिस ने मौके पर ही शराब को कब्जे में लेकर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि दोनों मामलों में आगे की जांच कर रही है।

# राजधानी शिमला में धारा 118 पर विवाद

## प्रदेश सरकार ने संयुक्त विकास समझौतों पर अपनाया सख्त रुख

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश में धारा 118 से जुड़े संयुक्त विकास समझौतों (जेडीए) को लेकर बड़ा प्रशासनिक व कानूनी विवाद खड़ा हो गया है। राज्य सरकार ने अब इस पूरे मामले में सख्त रुख अपनाते हुए राज्य विजिलेंस एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से कानूनी राय मांगी है। मामला उन परियोजनाओं से जुड़ा है, जिनमें किसानों और बाहरी निवेशकों के बीच जेडीए मॉडल के तहत जमीन पर विकास कार्य किए गए। सरकार को आशंका है कि कई मामलों में हिमाचल प्रदेश भू-स्वामित्व एवं भूमि सुधार अधिनियम, 1972 की धारा 118 की मूल भावना का उल्लंघन हुआ हो सकता है। इस मामले में रेरा की मंजूरियों और संबंधित अधिकारियों की भूमिका भी अब सवालों के घेरे में आ गई है, जिससे सचिवालय से लेकर राजस्व विभाग तक हलचल तेज हो गई है।

जानकारी के अनुसार आवास विभाग की ओर से विजिलेंस महानिदेशक को भेजे गए पत्र में तीन बेहद अहम बिंदुओं पर कानूनी राय मांगी गई है। इनमें पहला सवाल यह है कि क्या धारा 118 के संभावित उल्लंघन के मामलों में रेरा अधिकारियों की जवाबदेही तय की जा सकती है। दूसरा प्रश्न यह उठाया गया है कि राजस्व विभाग द्वारा पहले ही आपत्तियां और स्पष्टीकरण जारी किए जाने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं हुई। तीसरा बड़ा मुद्दा विभागीय स्तर पर हुई देरी और लंबे समय तक बनी चुप्पी को लेकर उठाया गया है। सूत्रों के अनुसार सरकार अब यह जानना चाहती है कि आखिर

◆ रेरा की मंजूरियों और संबंधित अधिकारियों की भूमिका पर उठे सवाल

किन परिस्थितियों में ऐसी परियोजनाओं को मंजूरी दी गई, जिनमें जमीन का नियंत्रण अप्रत्यक्ष रूप से बाहरी पक्षों के हाथों में जाता दिखाई देता है।

राजस्व विभाग पहले ही सात नवंबर 2023 को स्पष्ट कर चुका था कि कई जेडीए मॉडल धारा 118 के प्रावधानों के विपरीत माने जा सकते हैं। इसके बावजूद रेरा स्तर पर कोई ठोस सुधारात्मक कार्रवाई नहीं होने से अब कई अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि चार जनवरी 2024 को आवास विभाग द्वारा भेजे गए पत्र का लंबे समय तक जवाब नहीं दिया गया, जिससे विभागीय

### विजिलेंस जांच तेज होने के आसार

रियल एस्टेट क्षेत्र से जुड़े लोग इसे निवेश और विकास का वैध मॉडल बता रहे हैं, जबकि राजस्व विभाग का मानना है कि ऐसे समझौते कानून की मूल भावना के खिलाफ जा सकते हैं। अब विजिलेंस की कानूनी राय के बाद इस पूरे मामले में बड़े प्रशासनिक फैसले और जांच की संभावना तेज हो गई है।

कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल उठे हैं। सरकार को आशंका है कि कुछ बिल्डरों और निवेशकों ने किसानों के साथ साझेदारी मॉडल अपनाकर कानूनी प्रावधानों को दरकिनार करने की कोशिश की।

# राज्यपाल ने हिमाचल की समृद्ध बोलियों के संरक्षण पर दिया बल

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने आज हिमाचल की समृद्ध बोलियों और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की विभिन्न स्थानीय बोलियां यहां की पहचान, परंपराओं और लोगों की सामूहिक संस्कृति को प्रदर्शित करती हैं। इन बोलियों को साहित्यिक और लिखित माध्यम से संरक्षित किया जाना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ियां भी अपनी सांस्कृतिक धरोहर से जुड़ी रहें। राज्यपाल को आज लोक भवन में वरिष्ठ लेखक डॉ. ओ.पी. शर्मा ने अपनी कविता संग्रह 'म्हारी सोच' भेंट की।



इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि हिमाचल अपने अलौकिक प्राकृतिक सौन्दर्य के साथ-साथ लोक परंपराओं, भाषाओं और सांस्कृतिक विविधता के लिए भी जाना जाता है। उन्होंने कहा कि कांगड़ी, मंडयाली, कुल्लवी, सिरमौरी, किन्नौरी आदि बोलियां प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान हैं और इन्हें साहित्य, शोध तथा शैक्षणिक दस्तावेजों के माध्यम से बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाषाएं और बोलियां किसी भी समाज की आत्मा होती हैं। हमारी क्षेत्रीय बोलियों को लिखित रूप में सुरक्षित रखना हमारी सांस्कृतिक जड़ों को बचाने और युवाओं तक अपनी समृद्ध विरासत पहुंचाने के लिए आवश्यक है। राज्यपाल ने कहा कि साहित्यिक कृतियां सामाजिक मूल्यों और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने लेखकों और कवियों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि स्थानीय परंपराओं और भाषाओं को बढ़ावा देने में साहित्यकार उल्लेखनीय भूमिका निभाते हैं।

# जनता पर महंगे बिलों की मार: कर्ण नंदा

## 300 यूनिट मुफ्त बिजली का वादा हवा, जनता से वसूले जा रहे भारी बिल

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक कर्ण नंदा ने कांग्रेस सरकार पर प्रदेश की जनता को महंगे बिजली बिलों के बोझ तले दबाने का आरोप लगाया है। शनिवार को शिमला में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि सत्ता में आने से पहले 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने का दावा करने वाली कांग्रेस अब आम लोगों से भारी-भरकम बिजली बिल वसूल रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के समय 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली की सुविधा दी जा रही थी, लेकिन वर्तमान सरकार ने सब्सिडी खत्म कर गरीब, मध्यम वर्ग और किरायेदार परिवारों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

कर्ण नंदा ने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार बिजली दरों में वृद्धि कर रही है। उनके अनुसार सितंबर 2023 में बड़े उद्योगों पर बिजली ड्यूटी 11 प्रतिशत से

### केंद्रीय फंड के दुरुपयोग का भी लगाया आरोप



भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार केंद्र सरकार से मिले विकासात्मक फंड का सही उपयोग नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र की प्राइड ऑफ हिल्स योजना के तहत हिमाचल को हजारों करोड़ रुपये की सहायता मिली, लेकिन राज्य सरकार उस धन का इस्तेमाल विकास कार्यों के बजाय अपनी विफल गारंटियों को संभालने में कर रही है। कर्ण नंदा ने कहा कि कांग्रेस सरकार के फैसलों से हिमाचल प्रदेश देश के सबसे महंगे राज्यों में शामिल होता जा रहा है और भाजपा जनता के हितों की रक्षा के लिए इस मुद्दे को लगातार उठाती रहेगी।

बढ़ाकर 25 प्रतिशत की गई और जनवरी 2024 में इसे 37.5 प्रतिशत तक पहुंचा दिया गया।

इसके अलावा वर्ष 2026 में व्यवसायिक उपभोक्ताओं पर एक रुपये प्रति यूनिट अतिरिक्त बिजली सेस लगाया गया, जिससे होटल, मॉल, निजी अस्पताल, पेट्रोल पंप और कोचिंग संस्थानों पर आर्थिक दबाव बढ़ा है। भाजपा ने आरोप लगाया कि इसका सीधा असर आम जनता पर भी पड़ रहा है और प्रदेश

◆ किरायेदारों, विद्यार्थियों पर सबसे ज्यादा मार, सब्सिडी खत्म होने से बढ़ी परेशानी

में महंगाई लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि पहले 125 यूनिट तक बिजली मुफ्त मिलती थी, जबकि अब उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट 5.44 रुपये तक भुगतान करना पड़ रहा है।

वहीं, 126 से 300 यूनिट तक की दरें भी बढ़ाकर 5.89 रुपये प्रति यूनिट कर दी गई हैं। भाजपा का दावा है कि न्यूनतम बिजली बिल 750 रुपये तक पहुंच चुका है, जिससे आम परिवारों का मासिक बजट बिगड़ रहा है। उन्होंने कहा कि नौकरीपेशा लोग, आउटसोर्स कर्मचारी, विद्यार्थी और मजदूर वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हुआ है, क्योंकि दो मीटर से अधिक वाले मकानों की सब्सिडी बंद कर दी गई है।

# 23 अगस्त को आयोजित होगी विशेष लोक अदालत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा न्याय व्यवस्था को अधिक सरल, सुलभ व जनहितकारी बनाने की दिशा में शुरू किए गए समाधान समारोह विशेष लोक अदालत अभियान के अंतर्गत देशभर में लंबित मामलों के निपटारे की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। 21 अप्रैल से आरंभ इस विशेष अभियान का समापन 23 अगस्त को सर्वोच्च न्यायालय परिसर में आयोजित विशेष लोक अदालत के साथ होगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य वर्षों से लंबित मामलों को आपसी सहमति, संवाद और सुलह के माध्यम से शीघ्र निपटाना है, ताकि आम नागरिकों को त्वरित न्याय मिल सके। इस अभियान के तहत राज्य, जिला, तालुका एवं उप न्यायालय स्तर पर विधिक सेवा प्राधिकरणों और मध्यस्थता केन्द्रों में लगातार पूर्व-सुलह बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इन बैठकों में अधिवक्ताओं, वादकारियों और संबंधित पक्षों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है, जिससे बातचीत और सहमति के जरिए विवादों का समाधान संभव हो सके। विशेष बात यह है कि पक्षकार इन बैठकों में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के साथ-साथ वर्चुअल माध्यम से भी शामिल हो सकते हैं, जिससे दूरदराज के लोगों को भी सुविधा मिल रही है। सर्वोच्च न्यायालय ने इस विशेष लोक अदालत में मामलों को शामिल करने के लिए एक सरल ऑनलाइन प्रक्रिया भी शुरू की है। इच्छुक पक्ष सर्वोच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध गूगल फॉर्म भरकर अपने मामलों को इस अभियान में शामिल कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई निर्धारित की गई है।

# जाखू मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए पुलिस ने जारी किया ट्रैफिक प्लान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। शिमला के प्रसिद्ध जाखू मंदिर में बढ़ती पर्यटकों और श्रद्धालुओं की आवाजाही को देखते हुए शिमला पुलिस ने विशेष ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। पुलिस ने शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने और जाम की स्थिति से बचने के लिए पर्यटकों से तय मार्गों का पालन करने की अपील की है। एडवाइजरी के अनुसार चंडीगढ़ की ओर से आने वाले वाहन चालक टुटीकंडी बाईफरकेशन, आईएसबीटी, विक्ट्री सुरंग, छोटा शिमला और नवबहार होकर जाखू मंदिर पहुंच सकते हैं। इसे प्राथमिक मार्ग बताया गया है, जहां अपेक्षाकृत कम भीड़ रहने की संभावना जताई गई है।



◆ भीड़ और जाम से बचने के लिए पर्यटकों को सुझाए वैकल्पिक मार्ग

◆ पार्किंग में ही वाहन खड़े करने और रोपवे सेवा अपनाने की अपील

पुलिस ने वैकल्पिक मार्ग के तौर पर टुटीकंडी बाईफरकेशन, विक्ट्री सुरंग, लिफ्ट क्षेत्र, हिल्स हॉस्पिटल, टॉलेंड, छोटा शिमला और नवबहार मार्ग का भी सुझाव दिया है। साथ ही स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वाहन केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े किए जाएं। शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करने के लिए श्रद्धालुओं और पर्यटकों से जाखू रोपवे, एचआरटीसी टैक्सी सेवा और पैदल मार्गों का अधिक उपयोग करने की सलाह दी गई है। पुलिस का कहना है कि सहयोग से ही पर्यटन सीजन के दौरान शहर की यातायात व्यवस्था सुचारु रखी जा सकती है।

# शिमला की सड़कों पर थमी रफ्तार

## शहर में जगह-जगह हांफी बसें, यात्रियों की बढ़ी मुश्किलें

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। राजधानी शिमला में शनिवार की सुबह लोगों के लिए भारी परेशानी लेकर आई, जब शहर के अलग-अलग इलाकों में एक के बाद एक पांच सरकारी और निजी बसें बीच सड़क पर खराब हो गईं। पर्यटन सीजन और सप्ताहांत की भीड़ के बीच अचानक बसों के पहिये थमने से शहर की यातायात व्यवस्था चरमरा गई। रेलवे एजिंट, लक्कड़ बाजार, ढली और ओबेरॉय सेसिल होटल के समीप लंबे समय तक जाम की स्थिति बनी रही। दफ्तर जाने वाले कर्मचारी, स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी और अन्य यात्री घंटों परेशान होते रहे। कई लोगों को मजबूरन पैदल ही अपने गंतव्य की ओर रवाना होना पड़ा। लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं ने एचआरटीसी और निजी बसों की तकनीकी स्थिति पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार रेलवे एजिंट के समीप सुबह एक एचआरटीसी बस अचानक बीच



सड़क पर खराब हो गई, जिससे यातायात को काफी देर तक एकतरफा चलाना पड़ा। व्यस्त मार्ग होने के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। बाद में क्रेन की सहायता से बस को सड़क से हटाया गया, तब जाकर यातायात सामान्य हो सका। वहीं लक्कड़ बाजार स्थित ग्रीनलैंड होटल के समीप एक निजी बस के खराब होने से भी लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मौके पर पहुंचे मैकेनिक ने काफी मशक्कत के बाद बस को ठीक किया। इसके अलावा ढली और ओबेरॉय सेसिल होटल के समीप भी बसों के खराब होने की घटनाओं ने पूरे शहर की रफ्तार पर असर डाला।

उधर, भट्टाकुफर बाईपास रोड पर शिव मंदिर के पास एक ट्राला खराब हो जाने से भी यातायात व्यवस्था प्रभावित रही। वाहन रेंग-रेंग कर चलते रहे और लोगों को गंतव्य तक पहुंचने में अतिरिक्त समय लगा। लगातार हो रही इन घटनाओं ने परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान लगा दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अधिकतर बसें तकनीकी जांच के बिना ही सड़कों पर उतार दी जाती हैं, जिसके कारण आए दिन यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

साइबर क्राइम

### हिमाचल में साइबर ठगों ने ईजाद किया साइबर फ्रॉड करने का नया तरीका

# व्हाट्सऐप, क्यूआर कोड व स्क्रीन शेयरिंग से हो रही ठगी

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश में तेजी से बढ़ते साइबर अपराधों को लेकर पुलिस प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। डिजिटल तकनीक और स्मार्टफोन के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर ठग अब नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को निशाना बना रहे हैं। हिमाचल पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरवीर सिंह राठौर ने कहा कि जनजागरूकता ही साइबर अपराध के खिलाफ सबसे मजबूत सुरक्षा कवच है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध कॉल, संदेश या ऑनलाइन प्रस्ताव पर बिना जांच विश्वास न करें और निजी बैंकिंग जानकारी किसी के साथ साझा न करें।

पुलिस एडवाइजरी के अनुसार साइबर अपराधी फर्जी केवाईसी अपडेट, बैंक अधिकारी बनकर कॉल, व्हाट्सएप हैकिंग, एपीके फाइल, क्यूआर कोड स्कैन और



स्क्रीन शेयरिंग एप्लीकेशन के माध्यम से लोगों के बैंक खातों तक पहुंच बना रहे हैं। इसके अलावा अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित नकली आवाज और वीडियो कॉल के जरिए रिश्तेदारों और परिचितों की पहचान का इस्तेमाल कर आर्थिक ठगी की घटनाएं भी तेजी से बढ़ रही हैं। कई मामलों में पढ़े-लिखे और तकनीकी जानकारी रखने वाले लोग भी डर, जल्दबाजी और भ्रम के कारण ठगी का शिकार बन रहे हैं।

हिमाचल पुलिस ने लोगों को सोशल मीडिया और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पर आने वाले संदिग्ध लिंक तथा अनजान फाइल डाउनलोड करने से बचने की सलाह

### साइबर ठगी होने पर तुरंत करें शिकायत

हिमाचल पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी साइबर ठगी, संदिग्ध कॉल या ऑनलाइन धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करवाएं। साथ ही व्हाट्सएप, जीमेल, सोशल मीडिया और बैंकिंग एप्स में दो-स्तरीय सत्यापन सक्रिय रखने की सलाह दी गई है।

◆ पुलिस की एडवाइजरी, एक क्लिक और एक कॉल से खाली हो सकते हैं खाते

◆ पीड़ितों से 1930 हेल्पलाइन पर तुरंत शिकायत दर्ज कराने की अपील

दी है। पुलिस के अनुसार साइबर सुरक्षा अब केवल तकनीकी विषय नहीं रह गया, बल्कि यह डिजिटल अनुशासन और जिम्मेदार स्मार्टफोन उपयोग से जुड़ा मामला बन चुका है। लोगों को केवल आवश्यकता पड़ने पर ही लोकेशन ऑन रखने, व्हाट्सएप समूहों की गोपनीयता सेटिंग सुरक्षित रखने तथा ब्लूटूथ, एनएफसी और हॉटस्पॉट का उपयोग समाप्त होने के बाद तुरंत बंद करने को कहा गया है।

पुलिस ने फर्जी निवेश योजनाओं से भी सावधान रहने की चेतावनी दी है। दोगुना पैसा, गारंटी लाभ और अत्यधिक मुनाफे का लालच देकर साइबर गिरोह लोगों को जाल में फंसा रहे हैं। इसके अलावा फर्जी ग्राहक सेवा नंबरों और डिजिटल अरेस्ट जैसी धमकियों का इस्तेमाल कर लोगों पर मानसिक दबाव बनाया जा रहा है।

# पेट्रोल–डीजल की बढ़ती कीमतों के खिलाफ प्रदर्शन

## ब्लॉक कांग्रेस धर्मशाला ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन, कहा- केंद्र ने ठोस कदम नहीं उठाया तो तेज होगा आंदोलन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** देशभर में पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों तथा इसके चलते आम जनता पर बढ़ रहे महंगाई के बोझ के खिलाफ आज धर्मशाला ब्लॉक कांग्रेस ने सड़क पर उतरकर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदेश महासचिव देवेंद्र जग्गी के नेतृत्व तथा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हरभजन सिंह की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए अपनी नाराजगी जाहिर की। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त (डीसी) कांगड़ा हेमराज बैरवा के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपकर ईंधन कीमतों में की गई वृद्धि को तत्काल वापस लेने की मांग की।

देवेंद्र जग्गी ने कहा कि लगातार बढ़ती पेट्रोल और डीजल की कीमतों ने आम लोगों का जीवन प्रभावित कर रहा है। ईंधन की कीमतों में वृद्धि का असर केवल वाहनों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इसका सीधा प्रभाव देश की पूरी अर्थव्यवस्था और आम नागरिकों के दैनिक जीवन पर पड़ता है। माल ढुलाई महंगी होने से बाजार में खाद्य पदार्थों, सब्जियों, फलों और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिससे लोगों के घरेलू बजट पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है।

उन्होंने केंद्र सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही ईंधन की कीमतों को नियंत्रित करने और महंगाई कम करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो पार्टी जनता को साथ लेकर अपने आंदोलन को और व्यापक तथा तेज करेगी। उन्होंने कहा कि आम जनता के हितों से जुड़े मुद्दों पर कांग्रेस पार्टी का संघर्ष आगे भी जारी रहेगा। इस अवसर पर कार्यक्रम में पूर्व मेयर नीनू शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हरभजन सिंह सहित कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। नगर निगम के विभिन्न वार्डों से कांग्रेस प्रत्याशी भी अपने समर्थकों के साथ प्रदर्शन में शामिल हुए।



प्रदर्शन के बाद डीसी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजते कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

### 10 दिन में तीसरी बार बढ़े पेट्रोल–डीजल के दाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पिछले 10 दिन में पेट्रोल व डीजल के दाम में तीसरी बार बढ़ोतरी की गई है। मिडल ईस्ट संकट के चलते सरकार की ओर से थोड़े-थोड़े अंतराल पर पेट्रोल व डीजल के रेट बढ़ाए जा रहे हैं, ऐसे में लगातार बढ़ती कीमतों से हाहाकार मचना शुरू हो गया है। पिछले शुक्रवार से शुरू हुआ पेट्रोल और डीजल रेट बढ़ोतरी का सिलसिला लगातार जारी है। शनिवार को भी पेट्रोल और डीजल के दामों में बढ़ोतरी की गई है। ऐसे में अब कमर्शियल व्हीकल ड्राइवर मांग करने लगे हैं कि जिस तरह से पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाए जा रहे हैं, उसके अनुरूप किराए में भी बढ़ोतरी की जाए, क्योंकि अधिकतर लोगों ने बैंकों से लोन लेकर कमर्शियल व्हीकल डाले हैं, जिससे कि वह परिवार का पालन पोषण कर सके। ड्राइवर्स का कहना है कि पेट्रोल डीजल के बढ़ते दामों से उन्हें परिवार का पालन पोषण करना मुश्किल हो जाएगा। ड्राइवर्स का कहना है कि सरकार को गरीब तबके का भी ध्यान रखना चाहिए। गौरतलब है कि 15 मई को प्रीमियम पेट्रोल के दाम में 2 रुपए 95 पैसे, नॉर्मल पेट्रोल के दाम में 2 रुपए 90 पैसे और डीजल के दाम में 2 रुपए 73 पैसे की बढ़ोतरी की गई थी, जबकि 19 मई को पेट्रोल के दाम में 85 पैसे और डीजल के दाम में 88 पैसे की बढ़ोतरी हुई थी। अब फिर से पेट्रोल के दाम में 87 पैसे, जबकि डीजल के दाम में कान में पैसे की बढ़ोतरी की गई है। ऐसे में लगातार पेट्रोल और डीजल के बढ़ते दामों का विरोध होना शुरू हो गया है। स्थानीय ड्राइवर्स रिशु कुमार, रूबी कुमार व राकेश कुमार ने कहा कि सरकार को पेट्रोल व डीजल के रेट नियंत्रित करने चाहिए। जिस तरह से नौ दिन में तीन बार रेट बढ़ाए गए हैं, ऐसे ही चलता रहा तो हमें अपने वाहन खड़े करने पड़ेंगे। उन्होंने सरकार से पेट्रोल व डीजल रेट बढ़ने के साथ किराया व भाड़ा रेट में भी इजाफा करने का आग्रह किया है।

- **कमर्शियल व्हीकल ड्राइवर्स बोले, किराया भी बढ़ाए सरकार**
- **बैंकों से लोन लेकर डाली हैं गाड़ियां, दाम बढ़ते रहे तो होगी मुश्किल**

### देर रात डीजे बजाने पर पुलिस का एक्शन

**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** पुलिस थाना बीड़ के तहत चौगान क्षेत्र में देर रात तेज आवाज में डीजे और म्यूजिक बजाने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 22 मई की रात करीब 12 बजे पुलिस टीम रात्रि गश्त पर थी। इस दौरान सूर्या होटल के पास तेज आवाज में डीजे बजने की आवाज सुनाई दी।

आवाज का पीछा करते हुए पुलिस टीम चौगान स्थित निमा मोनेस्ट्री के समीप बैगपैकर्स होटल पहुंची, जहां एक कैफे में तेज आवाज में म्यूजिक चलाया जा रहा था। पुलिस द्वारा मौके पर मौजूद लोगों से म्यूजिक चलाने संबंधी लाइसेंस और अनुमति पत्र मांगा गया, लेकिन कोई भी व्यक्ति संबंधित अनुमति पेश नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने हिमाचल प्रदेश वाद्य यंत्र (ध्वनि नियंत्रण) अधिनियम 1969 की धारा 6 के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### हैप्पी बर्थडे



जमूला गांव के कृतविक नारिया को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

**बर्थडे** हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# परागपुर में एसडीएम कार्यालय खोलने की राह साफ, कैबिनेट ने दी मंजूरी

अनंत ज्ञान

**प्रवेश शर्मा, परागपुर।** परागपुर को उपमंडल का दर्जा मिलने और वहां एसडीएम कार्यालय खुलने का मार्ग अंततः प्रशस्त हो गया है। राज्य कैबिनेट ने शुक्रवार को इस बहुप्रतीक्षित प्रस्ताव को औपचारिक मंजूरी प्रदान कर दी है। इस ऐतिहासिक निर्णय के साथ ही क्षेत्रवासियों की एक लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हो गई है, जिससे पूरे इलाके में खुशी की लहर है इस मुद्दे को अनंत ज्ञान समाचार पत्र ने 24 अप्रैल 2026 को प्रशासनिक रिपोर्ट तैयार होने के बावजूद फाइलों में फंसी अधिसूचना शीर्षक के साथ प्रमुखता से उठाया था। उस समय सामान्य प्रशासन विभाग की अवर सचिव प्रोमिला शर्मा ने पंचायत चुनावों और आचार संहिता को देरी का कारण बताया था।

हालांकि, स्थानीय निवासियों ने तर्क दिया था कि एसडीएम कार्यालय की घोषणा आचार संहिता से काफी पहले हो चुकी थी, इसलिए इसमें देरी का कोई उचित आधार नहीं है। क्षेत्र की जनता ने अनंत ज्ञान के मंच से सरकार से मांग की थी कि वे आगामी कैबिनेट बैठक में बिना किसी बहानेबाजी के इस प्रस्ताव को तुरंत मंजूरी दें। जनभावनाओं का सम्मान करते हुए सरकार ने अब कैबिनेट में इस प्रस्ताव पर मुहर लगाकर विकास की नई राह खोल दी है। सूत्रों के अनुसार, कैबिनेट की मंजूरी के बाद अब अधिसूचना जारी होने की औपचारिकताएं भी पूर्ण कर ली गई हैं। सरकार के इस कदम को जनता द्वारा एक सराहनीय और सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है। परागपुर के निवासियों लक्की शाह, कृष्ण गोपाल सूद, संजीव सोनी, राजीव धीमान, दीपक पटियाल, अखिलेश सोनी, मदन पटियाल, भगवान दास, अशोक भाटिया, कपिल सूद, सेंटी शाह, रिशु सूद, विभु सूद, अजय शर्मा, रजत शर्मा, राजन शर्मा, चंद्रशेखर शर्मा, ओमप्रकाश, नरेश वैद, राजिंदर कुमार ने इस निर्णय के लिए सरकार का आभार व्यक्त किया है।यह कदम न केवल प्रशासनिक विकेंद्रीकरण को बढ़ावा देगा, बल्कि भविष्य में स्थानीय विकास के नए द्वार भी खोलेगा।



अनंत ज्ञान इंपैक्ट

**प्रशासनिक रिपोर्ट तैयार होने के बावजूद फाइलों में फंसी अधिसूचना**

अनंत ज्ञान, प्रवेश शर्मा, परागपुर। परागपुर को उपमंडल का दर्जा देने की घोषणा मुख्यमंत्री की ओर से काफी समय पहले ही की जा चुकी है, लेकिन प्रशासन की कार्यप्रणाली के चलते अभी तक इसकी औपचारिक [illegible] जारी नहीं हो पाई है। इस देरी ने स्थानीय [illegible] बीच भारी असमंजस पैदा कर दिया है। बड़ा [illegible] है कि प्रशासन की ओर से प्रपोजल रिपोर्ट [illegible] पहले ही सचिवालय पहुंच चुकी है, लेकिन [illegible] चुनाव और आचार संहिता के नाम पर उलझाया जा रहा है। सामान्य प्रशासन विभाग के इस तर्क पर क्षेत्र के लोगों ने कड़ा ऐतराज जताया है।

अनंत ज्ञान में प्रकाशित समाचार। अनंत ज्ञान

# नशा करना है तो खेल और तिरंगे का करें, बीमारी आएगी तो सफलता की ही आएगी: फोगाट

- **कहा- खुशी की बात है कि 2030 में भारत में होंगी कामनवेल्थ गेम्स**

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कॉमनवेल्थ गोल्ड मेडलिस्ट पहलवान बबीता फोगाट ने कहा कि युवाओं को नशा करना है तो खेल और तिरंगे का करें, इससे बीमारी भी आएगी तो सफलता की ही आएगी। इससे आपका नाम होगा, परिवार का नाम होगा। खेल भी एक नशा है, स्पोटर्स का नशा ऐसा है, जिसकी बीमारी भी सफलता की आएगी। धर्मशाला में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की ओर से आयोजित किए जा रहे संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम में भाग लेने आई बबीता फोगाट ने कांगड़ा एयरपोर्ट पर पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि फिट इंडिया मूवमेंट और संडे ऑन साइकिल को देशभर में खासा समर्थन मिल रहा है।

खुशी की बात है कि वर्ष 2030 में कॉमनवेल्थ गेम्स भारत में अहमदाबाद में हो रहे हैं। स्पोट्र्स ऑफ इंडिया की ओर से फिट इंडिया मूवमेंट और संडे ऑन साइकिल मुहिम चलाई जा रही है। इसके तहत धर्मशाला में कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है, जिसमें भाग लेने मैं धर्मशाला आई हूं। धर्मशाला बहुत खूबसूरत हैं, अब धर्मशाला आई हूं तो खूबसूरती को निहारूंगी।

### धर्मशाला में संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम आज

**राष्ट्रीय** उत्कृष्टता केंद्र धर्मशाला की ओर से रविवार को 'संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। फिट इंडिया मूवमेंट के तहत आयोजित कार्यक्रम की थीम 'स्टार्ट ऑफ कॉमनवेल्थ गेम्स-2030' रखी गई है। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं और आमजन को फिटनेस के प्रति जागरूक करने के साथ वर्ष-2030 में भारत में प्रस्तावित कॉमनवेल्थ गेम्स के प्रति जनसमर्थन तैयार करना है। कार्यक्रम में कॉमनवेल्थ गोल्ड मेडलिस्ट पहलवान बबीता फोगाट मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहेंगी। उनके साथ फिट इंडिया एंबेसेडर दीपक मिश्रा भी विशेष रूप से शामिल होंगे। इसके अलावा भारतीय खेल प्राधिकरण के क्षेत्रीय निदेशक शैलेंद्र कुमार (चंडीगढ़) व उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा भी उपस्थित रहेंगे।

# सिद्ध बाबा मंदिर गुराला में भंडारे के दौरान मधुमक्खियों का हमला, 10 श्रद्धालु घायल

## धार्मिक आयोजन के बीच मची अफरा-तफरी, सभी घायल खतरे से बाहर



सिविल अस्पताल डाडासीबा में मधुमक्खियों के हमले से घायलों का उपचार करता डॉक्टर। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**डाडासीबा।** डाडासीबा क्षेत्र के गांव गुराला स्थित सिद्ध बाबा मंदिर में आयोजित भंडारे के दौरान उस समय अफरा–तफरी मच गई, जब अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने लोगों पर हमला कर दिया।

घटना उस समय हुई जब बड़ी संख्या में ग्रामीण मंदिर में रोट चढ़ाने और धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए एकत्रित हुए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मौजूद थी। इसी दौरान अचानक मधुमक्खियां भड़क गईं और लोगों पर हमला कर दिया। देखते ही देखते मंदिर परिसर में चीख–पुकार मच गई और लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर–उधर भागने लगे। मधुमक्खियों के हमले में करीब 10 स्थानीय लोग भी घायल हो गए, जिनमें महिलाएं और बुजुर्ग भी शामिल हैं। घायलों की पहचान देशराज, सुरजीत सिंह, रक्षा देवी, रविंदर, मोहिंदर सिंह, शिवांक, कुलदीप सिंह, संदीप कुमार, सुनीता कुमारी और विजय कुमार निवासी गुराला के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों और ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को आदर्श स्वास्थ्य संस्थान एवं सिविल अस्पताल डाडासीबा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों द्वारा उनका उपचार किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार सभी मरीजों को अस्पताल में एडमिट किया गया है तथा सभी की हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# बैजनाथ में कांग्रेस ने केंद्र के खिलाफ रैली निकालकर किया विरोध–प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** कांग्रेस पार्टी द्वारा विधायक किशोरी लाल एवं युवा नेता रविंदर बिट्टू के नेतृत्व में विरोध रैली निकाली गई। यह रैली कांग्रेस पार्टी कार्यालय से शुरू होकर चौबीन चौक तक पहुंची, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और युवाओं ने भाग लिया।

रैली के दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ बढ़ती महंगाई, आर्थिक गिरावट, नीट पेपर लीक, पेट्रोल–डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी, गैस सिलेंडर के दाम तथा डॉलर के मुकाबले गिरते रुपये जैसे मुद्दों को जोर–शोर से उठाया गया। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शशि राणा युवा कांग्रेस अध्यक्ष अतुल चौधरी एनएसयूआई प्रदेश महासचिव कार्तिक राणा। आदि कार्यकर्ताओं ने सरकार विरोधी नारे लगाकर आम जनता की समस्याओं को प्रमुखता से सामने रखा।



रैली निकालते कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता।

## जासूस ने 40 हजार में सेना गतिविधियों की लाइव फीड पाक तक पहुंचाई

अनंत ज्ञान फॉलोअप

**अनंत ज्ञान, अशोक ठाकुर, पठानकोट।** पठानकोट में गिरफ्तार जासूस ने 40 हजार रुपए के लिए भारतीय सेना व पैरामिलिट्री फोर्सेज की गतिविधियों की लाइव फीड पाकिस्तान तक पहुंचाई। उसने इसी साल जनवरी महीने में 3 साथियों के साथ मिलकर पठानकोट-जम्मू नेशनल हाईवे पर हाई-डेफिनेशन 360 डिग्री कैमरा लगाया था। इसे हाईवे से सेना के काफिले गुजरते हैं। पठानकोट एसएसपी दलजिंदर सिंह ढिल्लों ने बताया कि बलजीत सिंह उर्फ बिट्टू ने किसी दुकान पर इस कैमरे को लगवाया था, जिसका एक्सेस बलजीत और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के हैंडलर के पास था। प्राइवेट इंटरनेट असेस के जरिए फीड पाकिस्तानी हैंडलरों तक भेजता था। पूछताछ में सामने आया है कि उसे दुबई में बैठे शख्स की ओर से निर्देश दिए जा रहे थे। बुधवार रात (20 मई) को पुलिस ने उसे पकड़ा था। इसके बाद उसे 5 दिन की रिमांड पर लिया गया है। उससे पूछताछ शुरू की जा रही है

## अश्वनी शर्मा ने 'आप' और कांग्रेस पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप लगाए

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट में भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष एवं विधायक अश्वनी शर्मा ने प्रेसवार्ता कर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि दोनों दलों में कोई अंतर नहीं है और ये 'सगी बहनें' हैं, जो भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पठानकोट में हुए जमीन घोटालों की विजिलेंस जांच को सरकार ने ठंडे बस्ते में डाल दिया। शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा भेजे गए 110 करोड़ रुपए से अधिक विकास फंड का उपयोग जमीन पर नहीं दिखता। उन्होंने अमृत योजना, सीवरेज, ट्यूबवेल, पार्कों के विकास और सड़क मरम्मत के लिए आए बजट का हवाला देते हुए सवाल उठाया कि यह धन कहां खर्च हुआ। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि गरीबों को दी गई जमीनों पर अवैध निर्माण हुए और स्वच्छता योजनाओं के उपकरण खराब पड़े हैं। बैलेट पेपर चुनाव पर भी उन्होंने निष्पक्षता को लेकर आशंका जताई और जनता से बदलाव की अपील की।

## पंचायत चुनाव 2026 के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम किए स्थापित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पंचायतीराज संस्थाओं के निर्वाचन–2026 के सुचारु, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त हेमराज बैरवा के निर्देशानुसार जिला स्तर पर कंट्रोल रूम के संचालन के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। यह व्यवस्था निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान विभिन्न गतिविधियों के बेहतर समन्वय, सूचनाओं के त्वरित आदान–प्रदान तथा आवश्यक सहायता उपलब्ध करवाने के लिए की गई है। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) सचिन ठाकुर ने बताया कि नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों में विभिन्न विभागों से जुड़े अधिकारी शामिल हैं, जिन्हें निर्वाचन कार्यों के दौरान अलग–अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इनमें सहायक अभियंता अजय डोगरा को नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है, जबकि अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशासनिक, तकनीकी तथा समन्वय संबंधी दायित्व दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि उनके कार्यालय में स्थापित इस कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 01892.292372 है। जिला स्तर पर स्थापित यह कंट्रोल रूम निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित सूचनाओं के संकलन, शिकायतों के निस्तारण, विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त रिपोर्टों की निगरानी तथा निर्वाचन गतिविधियों पर सतत नजर रखने का कार्य करेगा। इसके माध्यम से निर्वाचन से संबंधित किसी भी स्थिति में त्वरित निर्णय लेने एवं आवश्यक दिशा–निर्देश जारी करने में भी सहायता मिलेगी।

# शिक्षा क्षेत्र में हिमाचल की उपलब्धि पर कल्याण भंडारी ने जताई खुशी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ के पूर्व राज्य अध्यक्ष एवं वर्तमान में पेंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट के राज्य प्रवक्ता रिटायर्ड प्रिंसिपल कल्याण भंडारी ने परफॉर्मेंस ग्रेडिंग इंडेक्स 2.0 और परफॉर्मेंस ग्रेडिंग इंडेक्स–डी 2024–25 में प्रदेश के बेहतरीन प्रदर्शन पर गहरी प्रसन्नता व्यक्त कर राज्य सरकार, शिक्षा विभाग और विशेष रूप से अग्रिम मोर्चे पर डटे शिक्षकों व छात्र–छात्राओं को बधाई दी है और कहा कि यह गौरवपूर्ण उपलब्धि धरातल पर काम करने वाले हर एक कार्मिक की निष्ठा और सामूहिक संचेतना का प्रतिफल है। राष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल का 13वें पायदान से उठकर सीधे छठे स्थान पर आना और जिलों का दबदबा कायम होना यह साबित करता है कि हमारे अकादमिक ऊर्जस्व में अपार क्षमताएं हैं। कल्याण भंडारी ने कहा कि विषम भौगोलिक परिस्थितियों और दुर्गम अंचलों के बावजूद 659.2 अंकों के साथ प्रचेष्टा–2 श्रेणी में जगह बनाना कोई साधारण बात नहीं है। शिक्षा में सर्वसुलभता, लैंगिक व सामाजिक समरूपता और शिक्षक–प्रशिक्षण के मानकों पर जो सुधार हुआ है, वह स्पष्ट दिखाता है कि सूबे में शिक्षा की बुनियादी और गुणात्मक संरचना सही दिशा में आगे बढ़ रही है। भंडारी ने नीतिगत सचेतता की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि इस ऐतिहासिक छलांग को अंतिम गंतव्य मानकर बैठ जाना आत्मघाती होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि गवर्नेंस प्रोसेसेज यानि शासन प्रक्रियाओं के मोर्चे पर जो कमियां रह गई हैं, उन्हें अविलंब दूर करना होगा। जब तक हम प्रशासनिक पारदर्शिता, डिजिटल निगरानी, स्टूडेंट डेटा लिंकेज और संस्थागत प्रबंधन को आधुनिक तकनीकों से पूरी तरह सुदृढ़ नहीं करेंगे, तब तक देश के शीर्ष तीन राज्यों में जगह बनाना कठिन होगा। परफोर्मेंस ग्रेडिंग इंडेक्स–डी के नतीजों पर संतोष व्यक्त करते हुए पेंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट के प्रवक्ता ने कहा कि 12 में से 11 जिलों का उत्तम–3 श्रेणी में आना सुखद है, लेकिन किन्नौर, लाहौल–स्पीति और चंबा जैसे अत्यंत कठिन और जनजातीय क्षेत्रों में अभी भी विशेष ध्यान देने की जरूरत है।



# चुनाव के दौरान खाना बनाने के आदेश पर आंगनबाड़ी यूनियन ने देहरा में किया विरोध

## आंगनबाड़ी वर्कर्स ने प्रदेश सरकार और प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी

अनंत ज्ञान

**पिंकी, डाडासीबा।** पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों के दौरान आंगनबाड़ी कर्मियों की ड्यूटी चुनावी कर्मचारियों के लिए भोजन तैयार करने में लगाए जाने के आदेश के विरोध में शनिवार को देहरा एसडीएम कार्यालय के बाहर आंगनबाड़ी वर्कर हेल्पर यूनियन संबंधित सीटू ने जोरदार प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में महिला कर्मियों ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए इस आदेश को महिला कर्मचारियों के साथ अन्याय बताया।

प्रदर्शन के बाद यूनियन प्रतिनिधियों ने एसडीएम कुलवंत सिंह पॉटन को ज्ञापन सौंपकर आदेश को तुरंत वापस लेने की मांग की। यूनियन की जसवां–परागपुर अध्यक्ष संजना ठाकुर ने कहा कि आंगनबाड़ी कर्मियों पर पहले से ही अत्यधिक कार्यभार है और अब चुनावी टीमों के लिए भोजन तैयार करने जैसी अतिरिक्त जिम्मेदारी देना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि चुनावी टीमें एक दिन पहले पोलिंग बूथों पर पहुंचती हैं, जिससे महिला कर्मियों को देर रात तक रुकना पड़ेगा। यूनियन ने महिला सुरक्षा और देर रात घर वापसी को गंभीर मुद्दा बताते हुए कहा कि चुनावी स्टाफ में अधिकांश पुरुष कर्मचारी होते हैं, ऐसे में यह व्यवस्था सुरक्षित नहीं मानी जा सकती। यूनियन ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।



आंगनबाड़ी वर्कर्स ने एसडीएम देहरा को सौंपा ज्ञापन। अनंत ज्ञान

## कलोहा मार्ग पर नीलगाय से टकराई गाड़ी, बड़ा हादसा टला



गाडी से टकराते ही नीलगाय की मौत। अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** जसवां–परागपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत रिजर्व वन सदवां (कलोहा) मार्ग पर शनिवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ। बद्दी से कांगड़ा की ओर जा रही एक सफेद रंग की गाड़ी की अचानक सड़क पर आई नीलगाय से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि नीलगाय ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया और सड़क पर चारों ओर खून बिखर गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, नीलगाय झाड़ियों से निकलकर अचानक सड़क पर आ गई और सीधे गाड़ी के बोनट से जा टकराई। गाड़ी के एयरबैग्स भी खुल गए। गाड़ी में सवार दो लोग, जो एक रिश्तेदारी में अंतिम संस्कार के लिए जा रहे थे, चमत्कारिक रूप से सुरक्षित बच गए और उन्हें कोई गंभीर चोट नहीं आई। वन विभाग ने नीलगाय के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। स्थानीय निवासियों और वन्य प्राणी प्रेमियों ने इस क्षेत्र में आए दिन हो रही दुर्घटनाओं पर गहरा रोष जताया है। लोगों का कहना है कि सड़क न तो स्पीड ब्रेकर हैं और न ही चेतावनी देने वाले बोर्ड। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस क्षेत्र में वाहनों की गति सीमा निर्धारित की जाए और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएं।

## गुरदासपुर में फौजी ने की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान, अशोक ठाकुर, पठानकोट।** गुरदासपुर के बटाला गांव छित निवासी भारतीय सेना के जवान कंवलजीत सिंह (30) ने फेसबुक लाइव के माध्यम से जहरीला पदार्थ निगलकर आत्महत्या कर ली। वह 17 सिख रेजिमेंट, जयपुर में तैनात था और हाल ही में जबलपुर भेजा गया था। घटना के पीछे उसकी पत्नी सरबजीत कौर द्वारा प्रेमी के साथ फरार होने और मानसिक प्रताड़ना का आरोप है। मृतक की मां ने बताया कि उसकी शादी फरवरी 2026 में हुई थी, लेकिन दो महीने बाद ही पत्नी घर छोड़कर फरार हो गई। कंवलजीत ने यूनिट से फोन कर आरोप लगाए और जहर खा लिया। परिवार का कहना है कि पुलिस ने शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की। बहन ने भी आरोप लगाए हैं कि आरोपी पत्नी और ससुराल वाले परेशान कर रहे थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई जबलपुर पुलिस करेगी। इस घटना से क्षेत्र में शोक छाया है।

# विधायक पठानिया ने पूर्व मंत्री स्व. शिवकुमार को दी श्रद्धांजलि



सिविल अस्पताल शाहपुर में मरीजों को बांटे फल। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कोहली, शाहपुर।** पूर्व मंत्री स्व. शिवकुमार उपमन्यु के जन्मदिवस के अवसर पर सिविल अस्पताल शाहपुर में श्रद्धांजलि एवं सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान अस्पताल में भर्ती मरीजों और स्टाफ को फल वितरित किए गए। अस्पताल के सभा हाल में आयोजित कार्यक्रम में स्वर्गीय उपमन्यु को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम में उनके पुत्र रंजन उपमन्यु और राजीव उपमन्यु (राजू) विशेष रूप से उपस्थित रहे। शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया ने भी कार्यक्रम में भाग लेते हुए स्वर्गीय उपमन्यु के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। विधायक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि स्वर्गीय शिवकुमार उपमन्यु ने अपने राजनीतिक जीवन में प्रदेश सरकार के 19 विभागों का सफल नेतृत्व किया और हमेशा जनसेवा तथा गरीबों की सहायता के लिए समर्पित रहे। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत शाहपुर में प्रस्ताव लाकर उपमन्यु के निवास क्षेत्र का नाम 'शिवकुमार उपमन्यु कॉलोनी' रखा जाएगा। इस अवसर पर विधायक ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का दौरा कर मरीजों का कुशलक्षेम भी जाना।

## न्यूज ब्रीफ

### केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मांडविया ने जताई प्रसन्नता

**अनंत ज्ञान, जाहू।** भारत में पहली बार शुरू हो रही कोर्फबॉल प्रीमियर लीग प्रतियोगिता पर केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने प्रसन्नता व्यक्त की है। अखिल भारतीय कोर्फबॉल संघ के कोषाध्यक्ष विनोद ठाकुर ने बताया कि मंत्री ने संदेश में कहा कि यह लीग युवाओं के लिए नया मंच और सुनहरा अवसर है। इससे खेलों में जेंडर समानता को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि कोर्फबॉल जैसे खेल, जिसमें लड़के और लड़कियां एक साथ खेलते हैं, टीम भावना और समानता को मजबूत करते हैं। यह लीग 'खेलो इंडिया' और 'फिट इंडिया' अभियान को भी गति देगी।

### डीएवी भड़ोली में लोकगीत प्रतियोगिता आयोजित



**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी पब्लिक स्कूल भड़ोली में पहाड़ी लोकगीतों पर आधारित सामूहिक गान प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। सुभाष, नेहरू, पटेल और गांधी सदन के छठी से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और हिमाचली संस्कृति की सुंदर झलक प्रस्तुत की। पटेल सदन ने 'रूल्ला दी कुल' गीत पर प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि नेहरू सदन द्वितीय स्थान पर रहा। कार्यक्रम में विद्यालय परिसर लोकधुनों से गूंज उठा और विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने बच्चों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां आत्मविश्वास और सांस्कृतिक जुड़ाव बढ़ाती हैं।

# पेट्रोल-डीजल की बढ़ी कीमतों के विरोध में प्रदर्शन

## आम जनता पर महंगाई का डाला बोझ, रोजमर्रा की वस्तुएं 10 से 30 प्रतिशत तक महंगी

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** देश में बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल और गैस सिलेंडर की बढ़ी कीमतों के विरोध में शनिवार को ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी और हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा की अगुवाई में जगह-जगह केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार ने चुनावी लाभ के लिए पहले पेट्रोल, डीजल और गैस सिलेंडर की कीमतों को रोके रखा और अब अचानक भारी वृद्धि कर आम जनता पर महंगाई का बोझ डाल दिया है। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ रहा है और रोजमर्रा की वस्तुएं 10 से 30 प्रतिशत तक महंगी हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि




पेट्रोल-डीजल और गैस सिलेंडर की बढ़ी कीमतों के विरोध में प्रदर्शन किया।

आज आम परिवारों के लिए रसोई चलाना मुश्किल हो गया है। हर क्षेत्र में महंगाई की मार जनता को झेलनी पड़ रही है। केंद्र सरकार की आर्थिक और विदेश नीति पूरी तरह विफल साबित हो रही है। रुपया डॉलर के मुकाबले लगातार कमजोर हो रहा है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था पर भी गंभीर असर पड़ रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार से मांग की कि बढ़ती महंगाई पर तुरंत रोक लगाई जाए और पेट्रोल, डीजल व गैस सिलेंडर के दाम कम किए जाएं। इस अवसर पर यूथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष दिवस ठाकुर, हमीरपुर इंटक ब्लॉक अध्यक्ष सुनील कुमार, सुभाष कटोच, कांग्रेस उपाध्यक्ष अनुराग चैधरी, रजत राणा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष यूथ कांग्रेस अश्विनी कुमार, कांग्रेस उपाध्यक्ष शुभम, कैप्टन दूनी चंद, सूबेदार रतन चंद, संजय कुमार, सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे।

## ब्लॉक कांग्रेस सुजानपुर ने भी जताया रोष



विधायक कैप्टन रणजीत सिंह की अगुवाई में किया प्रदर्शन।

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** सुजानपुर ब्लॉक कांग्रेस की ओर से विधायक कैप्टन रणजीत सिंह व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा की अगुवाई में पैट्रोल व डीजल की कीमतों में हुई बेतहाशा वृद्धि के विरोध में सुजानपुर में विरोध-प्रदर्शन किया।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने कहा कि पेट्रोल व डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों के कारण महंगाई चरम पर पहुंच गई है, जिससे आम जनता का जीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई से हर वर्ग परेशान है और केंद्र सरकार को जनता को राहत देने के लिए तुरंत प्रभावी कदम उठाने चाहिए। विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने कहा कि पेट्रोल व डीजल की कीमतों में हुई बेतहाशा वृद्धि का सीधा असर आम जनता की रोजमर्रा की जिंदगी पर पड़ रहा है। ईंधन महंगा होने से परिवहन खर्च बढ़ गया है, जिसके कारण खाद्य पदार्थों, सब्जियों, रसोई गैस तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। इसका सबसे अधिक प्रभाव मध्यम वर्ग, किसानों, मजदूरों और छोटे व्यापारियों पर पड़ रहा है। महंगाई बढ़ने से आम आदमी का घरेलू बजट पूरी तरह प्रभावित हो गया है और लोगों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। धरना प्रदर्शन में केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई तथा इसे केंद्र सरकार की नाकामी करार दिया गया। विरोध प्रदर्शन में पार्षद विनय, ज्योतिका ठाकुर, नीलम धीमान, पूर्व प्रधान मनोज ठाकुर राजकुमार शर्मा आदि शामिल हुए।

## हमीरपुर की 83 पंचायतों में आज थमेगा चुनाव प्रचार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला हमीरपुर में पंचायत चुनावों के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यहां कुल 1998 पदों के लिए मतदान 26, 28 और 30 मई को सुबह 7 बजे से सायं 3 बजे तक तीन चरणों में होगा। इनमें 242 ग्राम पंचायतों के प्रधान-उपप्रधान, पंचायत सदस्य, बीडीसी और जिला परिषद सदस्य शामिल हैं। पहले चरण में 83, दूसरे में 82 और तीसरे में 77 ग्राम पंचायतों में मतदान होगा। पहले चरण का प्रचार 24 मई सायं 3 बजे समाप्त हो जाएगा, जबकि अन्य चरणों का प्रचार क्रमशः 26 और 28 मई को थम जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि मतदान से 48 घंटे पहले सभी चुनावी सभाओं, जुलूसों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और सार्वजनिक बैठकों पर प्रतिबंध रहेगा। इस अवधि में शराब की बिक्री और वितरण पर भी पूर्ण रोक रहेगी। नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# हिम अकादमी के छात्रों ने ओलंपियाड में हासिल की शानदार सफलता

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान



प्रार्थना सभा में मेधावी किए सम्मानित।

**हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर के विद्यार्थियों ने एसओएफ इंटरनेशनल सोशल स्टडीज ओलंपियाड (आईएसएसओ) तथा इंटरनेशनल कंप्यूटर साइंस ओलंपियाड (आईसीएसओ) 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों ने गोल्ड मेडल ऑफ डिस्टिंक्शन, गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस तथा जोनल ब्रॉन्ज मेडल हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

शनिवार को प्रार्थना सभा में विद्यालय की हेड मास्टर कंचन लखनपाल, को-ऑर्डिनेटर मनीषा मरवाह और सभी विषय अध्यापकों ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उन्हें प्रमाण पत्र और मेडल प्रदान कर उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं। आईएसएसओ में गोल्ड मेडल ऑफ डिस्टिंक्शन प्राप्त करने वालों में आरव शर्मा, चिन्मय चौधरी, नमन जैन, अगस्त्य शर्मा, क्षितिज ठाकुर सहित कई विद्यार्थी शामिल रहे। वहीं आईसीएसओ में अव्यान शर्मा, आद्विक शर्मा, श्रेया शर्मा, वेदांश गौतम और अन्य छात्रों ने गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस प्राप्त किया। इसके अलावा अंशिका नंदन ने जोनल ब्रॉन्ज मेडल हासिल कर विशेष उपलब्धि दर्ज की। विद्यालय प्रबंधन ने सभी विजेता विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता मेहनत, मार्गदर्शन और सहयोग का परिणाम है। विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया गया।

# हमीरपुर उपभोक्ता संरक्षण संगठन की मासिक बैठक में उठे कई मुद्दे



समस्या को लेकर नगर निगम के आयुक्त से मिला शिष्टमंडल।

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** दि हमीरपुर उपभोक्ता संरक्षण संगठन जिला हमीरपुर की मासिक बैठक शनिवार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष एसके कौड़ा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक का संचालन महासचिव मनोहर लाल कानूनगो ने किया।

बैठक में उपभोक्ता हितों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। सदस्यों ने आरोप लगाया कि तिपहिया वाहन चालक निर्धारित दरों से अधिक किराया वसूल रहे हैं। इस पर आरटीओ हमीरपुर से औचक निरीक्षण कर कार्रवाई करने की मांग की गई। इसके अलावा लावारिस कुत्तों की समस्या और खराब स्ट्रीट लाइटों को लेकर नगर निगम आयुक्त से शिष्टमंडल मिला, जिस पर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया। तहसील परिसर में कार्यरत लोक मित्र केंद्रों द्वारा अधिक शुल्क वसूलने, रात 10 बजे के बाद डीजे बजाने से ध्वनि प्रदूषण, और स्मार्ट मीटर लगाए जाने को लेकर भी चिंता जताई गई। संगठन ने स्मार्ट मीटर की बजाय ऑफलाइन बिल उपलब्ध कराने की मांग रखी। जिले में पशु पॉलीक्लिनिक स्थापित करने, तथा कुछ पंचायतों द्वारा हाउस टैक्स और स्वच्छता शुल्क में अनियमितता का मुद्दा भी उठाया। बैठक में कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे और उपभोक्ता हितों की रक्षा के लिए प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की गई।

## भाजपा की अंदरुनी कलह पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुमन भारती का तंज

# जो खुद अनुशासन नहीं मानते वे दे रहे कार्यकर्ताओं को सीख

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुमन भारती ने भाजपा की अंदरुनी कलह और कार्यकर्ताओं पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश करने वाले नेताओं पर तंज कसते हुए कहा कि जिन्होंने स्वयं कभी अनुशासन का पालन नहीं किया, वही आज पुराने भाजपा कार्यकर्ताओं को अनुशासन का पाठ पढ़ा रहे हैं। शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल लोकतंत्र की नींव होते हैं और यदि किसी पार्टी में कार्यकर्ताओं के साथ इस प्रकार का व्यवहार होने लगे तो यह गंभीर चिंता का विषय है।

सुमन भारती ने कहा कि हमीरपुर जिला के तीन विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा के भीतर जो



प्रेसार्ता करते कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुमन भारती व अन्य।

घटनाक्रम चल रहा है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जो पार्टी अपने कार्यकर्ताओं का सम्मान नहीं करती, वह लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करती है।

उन्होंने 2022 विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि जो व्यक्ति निर्दलीय चुनाव लड़ चुका है, वही अब भाजपा में रहकर कार्यकर्ताओं पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की बात कर रहा है। उन्होंने कहा कि बड़सर और सुजानपुर में भी पार्टी कार्यकर्ताओं की लगातार अनदेखी की जा रही है और उन्हें प्रताड़ित करने का प्रयास हो रहा है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी में सभी का स्वागत है और यदि कोई कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल होना चाहता है तो उसका स्वागत किया जाएगा। प्रेस वार्ता में पार्टी के अन्य नेता भी मौजूद रहे।

# जाहू से बस्सी वाया लगमन्वीं सड़क सुधार कार्य पर खर्च होंगे 1.80 करोड़

## भूस्खलन स्थलों पर डंगों के निर्माण का कार्य युद्धस्तर पर जारी

अनंत ज्ञान

**जाहू।** लोक निर्माण विभाग मंडल भोरंज के अंतर्गत आने वाली जाहू से बस्सी वाया लगमन्वीं सड़क के सुधार कार्य पर करीब 1 करोड़ 80 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। करीब 11 माह पहले बरसात के दौरान आई आपदा की वजह से सड़क के किनारे भूस्खलन होने से कई स्थान दुर्घटना संभावित बन गए थे। लोक निर्माण विभाग ने इन स्थानों को चिन्हित कर डंगों के निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया था।

अब इसकी स्वीकृति मिलने के बाद समकरी, लगमन्वी व जाहू से बस्सी बाया बाहन्वीं सड़क को जोड़ने वाली सड़क के किनारे लुद्दर चौक के पास लंबे डंगे का निर्माण कार्ययुद्ध स्तर पर जारी है। इन स्थानों पर दुर्घटनाओं का खतरा कम हुआ है। वहीं, सड़क की चौड़ाई बढ़ने से वाहन चालकों को भी राहत मिलेगी। इसके अलावा सड़क पर



जाहू से बस्सी वाया लगमन्वीं सड़क के किनारे जारी डंगों का निर्माण कार्य।

पानी खड़ा होने की समस्या के स्थायी समाधान के लिए करीब 100 मीटर क्षेत्र में सीमेंट के पेवर ब्लॉक लगाए जाएंगे। इससे सड़क के उखड़ने की समस्या का भी स्थायी समाधान होगा तथा लोगों को बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी।

सड़क के किनारे डंगों के निर्माण कार्य से स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर स्थानीय निवासी हरनाम सिंह, तिलक चंद, त्रिलोक चंद, श्रवण कुमार, शशि कुमार, लेखराज, राजेश कुमार, रमेश चंद, विश्वनाथ सहित अन्य लोगों का कहना है कि सड़क किनारे डंगे बनने से वाहनों की आवाजाही सुरक्षित हुई है। लोक निर्माण विभाग मंडल भोरंज के अधिशाषी अभियंता राजेश ठाकुर ने बताया कि लगमन्वीं सड़क सुधार कार्य पर 1 करोड़ 80 लाख रुपए खर्च किए जा रहे हैं। डंगों के निर्माण का कार्य जारी है तथा जल्द ही सीमेंट के पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य भी शुरू किया जाएगा।

## आर्ट ऑफ लिविंग संस्था ने कैदियों को दिया योग व सुदर्शन क्रिया का प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला मुख्यालय पर स्थित जिला कारागार में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की ओर से 7 दिवसीय शिविर का आयोजन कैदियों के लिए किया गया। इसमें कैदियों को योग, ध्यान, प्राणायाम और सुदर्शन क्रिया के साथ साथ मन को शांत रखने, क्रोध पर नियंत्रण, नशा मुक्त और अन्य नकारात्मक भावनाओं से अपने मन को मुक्त और अपने आप को नशामुक्त रखने की विभिन्न क्रियाएं आर्ट ऑफ लिविंग के प्रिजन स्मार्ट अभियान के तहत निशुल्क सिखाई गई। इस छह दिवसीय शिविर के अंतिम दिन कारागार उप अधीक्षक पंकज शर्मा की उपस्थिति में सभी प्रतिभागियों ने शिविर से हुए लाभ के अपने-अपने अनुभव साझा किए और अपनी मन और बुद्धि की शांत, तनाव रहित स्थिति के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। उपाधीक्षक ने जेल में रहने वाले प्रतिभागियों के व्यवहार में भी सकारात्मक परिवर्तन होने से आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के प्रशिक्षक जोगिंदर ठाकुर और संस्थापक श्रीश्री रविशंकर के प्रति इस सामाजिक बदलाव और मानसिक विकृतियों को दूर करने के लिए चलाए जा रहे इन शिविरों के लिए आभार व्यक्त किया। प्रतिभागियों ने यहां अपने मन को शांत और विकार रहित रखने के लिए भूत और भविष्य के बजाए वर्तमान क्षण में रखने का प्रयास करने का भी प्रण लिया, जिसके लिए आर्ट ऑफ लिविंग की सुदर्शन क्रिया का निरंतर अभ्यास व्यक्ति के जीवन पर अभूतपूर्व प्रभाव डालता है। इस आयोजन के लिए जेल प्रशासन और आयोजक संस्था के प्रति भी कृतज्ञता व्यक्त की। शिविर में राजपूत कल्याण सभा के पैटर्न यशपाल मन्हास का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

# सीनियर सेकेंडरी स्कूल भोटा के 4 बच्चे पीलिया से ग्रसित

अनंत ज्ञान

**भोटा।** सीनियर सेकेंडरी स्कूल भोटा में चार बच्चों का पीलिया रोग से पीड़ित होने का समाचार है। इनमें से एक बच्चे का राधा स्वामी चैरिटेबल हॉस्पिटल में अभी भी इलाज चल रहा है। इसके अलावा गांव मोरसू गारलां में भी एक छठी कक्षा की बच्ची पीलिया रोग से पीड़ित बताई गई है। ये बच्चे छटी,आठवीं, दसवीं, प्लस वन और प्लस टू कक्षा के बताए गए हैं। इन बच्चों को पीलिया कैसे हुआ, इस बात की पुष्टि अभी तक नहीं हो पाई है। इस बारे स्कूल की प्रिंसिपल मैडम सनम का कहना है कि स्कूल में जिस स्रोत से बच्चों को पानी पिलाया जा रहा है उसकी जांच जल शक्ति विभाग से करवा ली गई है। लैब में जांच करवाने के बाद पानी में कोई बैक्टीरिया नहीं पाया गया है। इस बारे पीएचसी भोटा के प्रभारी डॉक्टर ऋषभ का कहना है कि 18 मई के उपरांत पीएचसी भोटा में डिग्री कॉलेज हमीरपुर, पॉलिटेक्निकल कॉलेज बडू तथा सेकेंडरी स्कूल भोटा के 7-8 पीलिया रोग के मामले उपचार के लिए आए हैं। इनमें से कुछ रोगी ठीक हो गए हैं और कुछेक का उपचार अभी भी चल रहा है।

## हीरानगर चिल्ड्रन पार्क में चलाया सफाई अभियान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा शनिवार सुबह हीरानगर स्थित चिल्ड्रन पार्क में व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी की अध्यक्ष गंधर्वा राठौड़ ने किया। अभियान के दौरान अधिकारियों, कर्मचारियों, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों, पत्रकारों तथा स्वयंसेवकों ने मिलकर पाक्र और उसके आसपास फैले कूड़े तथा चीड़ की पत्तियों की सफाई की। सफाई अभियान के पश्चात पार्क परिसर में पौधरोपण भी किया गया, जिससे क्षेत्र को हरित और स्वच्छ बनाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर एडीसी अभिषेक गर्ग, एसडीएम संजीत सिंह, सहायक आयुक्त चिराग शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा नगर निगम, पुलिस, होमगार्ड, वन विभाग, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, माई भारत युवा केंद्र, हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय, रोटरी क्लब, शुभ प्रभात हेल्थ क्लब, प्रेस क्लब तथा अन्य संस्थाओं के स्वयंसेवकों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के सामूहिक प्रयासों से न केवल स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है।

## मतदान के दिन संबंधित पंचायत क्षेत्रों में रहेगी सार्वजनिक छुट्टी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर जिले में भी तीन चरणों में होने वाले पंचायत चुनावों के दौरान मतदान के दिन संबंधित पंचायतों में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि मतदान के दिन संबंधित पंचायत क्षेत्रों में सभी सरकारी एवं अर्ध सरकारी कार्यालय, सार्वजनिक उपक्रमों के कार्यालय, शिक्षण संस्थान, औद्योगिक और व्यापारिक प्रतिष्ठान इत्यादि बंद रहेंगे। इन पंचायत क्षेत्रों में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को भी वैतनिक अवकाश मिलेगा। अपने पंचायत क्षेत्र से बाहर हिमाचल के अन्य क्षेत्रों में सेवारत कर्मचारियों को भी मतदान के लिए विशेष आकस्मिक अवकाश मिलेगा, लेकिन इसके लिए उन्हें अपने मतदान केंद्र के पीठासीन अधिकारी द्वारा जारी मतदान प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

# संयुक्त कार्यालय भवन में जगह के लिए डिमांड भेजें विभाग: डीसी

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** जिला मुख्यालय हमीरपुर में नए संयुक्त कार्यालय भवन (मिनी सचिवालय) के निर्माण के लिए आवश्यक औपचारिकताएं आरंभ की जा रही हैं। इस नए प्रस्तावित भवन में जनता से संबंधित अधिक से अधिक विभागों के कार्यालय स्थापित करने तथा इन विभागों की जरुरतों के अनुसार, भवन निर्माण पर चर्चा के लिए उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने शनिवार को यहां हमीर भवन में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। उपायुक्त ने बताया कि वर्तमान जिला सचिवालय के विभिन्न भवनों की जगह एक नया संयुक्त कार्यालय भवन बनाने का प्रस्ताव है। इस नये प्रस्तावित संयुक्त कार्यालय भवन के अलग-अलग ब्लॉकों में आम जनता से जुड़े अधिक से अधिक विभागों के कार्यालय स्थापित किए जाएंगे, ताकि लोगों को विभिन्न विभागों से संबंधित सेवाएं एक जगह पर ही आसानी से उपलब्ध हो सकें। गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि वर्तमान में उपायुक्त कार्यालय परिसर एवं इसके आस-पास के भवनों में संचालित किए जा रहे विभिन्न विभागों के अलावा हमीरपुर शहर में अन्य स्थानों पर अपने भवनों में या किराये के भवनों में चलाए जा रहे विभागों को भी नए मिनी सचिवालय में जगह दी जाएगी। इसके लिए सभी विभागों से उनकी आवश्यकताओं के अनुसार डिमांड मांगी गई है। उपायुक्त ने जिला स्तर के अधिकारियों को अपने-अपने विभागों के कर्मचारियों की संख्या और नए प्रस्तावित संयुक्त कार्यालय भवन में स्थान की आवश्यकताओं का पूर्ण ब्यौरा दो-तीन दिन के भीतर जिला प्रशासन को प्रेषित करने के निर्देश दिए। बैठक में एसपी बलवीर सिंह, एडीसी अभिषेक गर्ग, सहायक आयुक्त चिराग शर्मा आदि मौजूद रहे।

## बेसहारा गो वंश की समस्या पर चुनावी चुप्पी से लोगों में रोष: अनिल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बेसहारा गोवंश की समस्या को पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव लड़ने वाले अधिकांश प्रत्याशियों, विशेषकर ग्राम पंचायत प्रधान पद के दावेदारों द्वारा अपने चुनावी घोषणा पत्रों और प्रचार में शामिल न किए जाने पर लोगों में निराशा और रोष व्याप्त हो रहा है। हिमाचल प्रदेश की सड़कों पर बेसहारा गोवंश फसलों को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ यातायात बाधा और दुर्घटनाओं का कारण बन रहा है। कई पशु भूख-प्यास से तड़पते हुए भी देखे जा सकते हैं। हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 के अनुसार इस समस्या के समाधान की जिम्मेदारी ग्राम पंचायतों और पशुपालन विभाग की है। इसके बावजूद चुनावी माहौल में सड़क, पानी, बिजली जैसे मुद्दों पर चर्चा हो रही है, लेकिन गोवंश समस्या पर चुप्पी साधी गई है। भारतीय गोवंश रक्षण संवर्धन परिषद हिमाचल ,विश्व हिंदू परिषद गौ रक्षा के प्रांत गौरक्षा सह प्रमुख अनिल शर्मा का कहना है कि सभी उम्मीदवारों को चुनाव प्रचार के दौरान बेसहारा गोवंश की समस्या के समाधान हेतु भी जन-जागरण अभियान चलाना चाहिए। मांग की कि सभी प्रत्याशी इस मुद्दे पर अपनी नीति स्पष्ट करें और जन-जागरूकता अभियान चलाएं।

## मांग नेशनल हाईवे पर क्रॉसिंग व लाइट्स की भी हो सुविधा, लोगों ने प्रशासन से की अपील

# नादौन गुरुद्वारा व सिविल अस्पताल तक बढ़ाया जाए सर्विस रोड




अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा

**नादौन।** नादौन में एतिहासिक गुरुद्वारा गुरू गोबिंद सिंह व नादौन अस्पताल को जाने वाली सड़क को सर्विस रोड से जोड़ा जाए, ताकि आने जाने वालों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

गुरुद्वारा में अक्सर धार्मिक कार्यक्रम चले रहते हैं जिसके चलते श्रद्धालुओं का आना जाना चला रहता है और अस्पताल में भी मरीजों व तामीरदारों का आना-जाना लगा रहता है, लेकिन निमार्णाधीन नेशनल हाईवे जो इन दोनों स्थलों के पास से होता हुआ दोनों सड़कों को काटता हुआ रहा है। लेकिन यहां पर न तो कोई क्रासिंग की व्यवस्था की गई है और न ही सर्विस रोड का प्रावधान रखा गया है। जिस वजह से लोगों में रोष है। स्थानीय गुरुद्वारा गुरू गोबिंद सिंह के ग्रंथी सिमरजीत सिंह के अलावा हिमाचल गौरव अवॉर्डी वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.



नादौन में गुरुद्वारा रोड व अस्पताल रोड को क्रास करते हुए गुजरा रहा निमार्णाधीन नेशनल हाईवे फोरलेन का चित्र।

ओपी शर्मा, जन सुधार संस्था कोहला के अध्यक्ष राजीव खावला, हिंद संग्राम परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित वासु देव शर्मा सहित स्थानीय लोगों ने सरकार व प्रशासन से आग्रह किया है कि सर्विस रोड को आगे अस्पताल व गुरुद्वारा रोड तक बढ़ाया जाए तथा कांसिंग व लाइट्स लगाए जाने का प्रावधान किया जाए, ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि फोरलेन हाईवे पर बाघनाला में बने फलाईओवर से दाईं व बांई दोनों ओर सर्विस रोड बनाए गए हैं। इन्हीं सर्विस रोड को करीब 200 मीटर और आगे गुरुद्वारा तक बढ़ाया जाए तो अस्पताल व गुरुद्वारा को जाने व मरीजों, तामीरदारों व संगत को सुविधा होगी और दुर्घटनाओं का भी अंदेशा नहीं होगा। एसडीएम नादौन निशांत शर्मा का कहना है कि लोगों की मांग को उच्च अधिकारियों के समक्ष रखा जाएगा और हाईवे के अधिकारियों से भी चर्चा की जाएगी ताकि कोई समाधान हो सके।

## न्यूज ब्रीफ

### 9 मील के पास सड़क हादसे में दो घायल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। मंडी-कुल्लू राष्ट्रीय राजमार्ग पर 9 मील के समीप सोमवार तड़के करीब 4 बजे एक सड़क हादसा पेश आया। हादसे में दो लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार देने के बाद उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल मंडी पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि हादसा वाहन के अनियंत्रित होने के कारण हुआ। घायलों की पहचान और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच शुरू कर दी है।

### जोगिंद्रनगर में पलटा चादरों से भरा ट्रक

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। मंडी-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर जोगिंद्रनगर के गुरुद्वारा साहिब के समीप शुक्रवार देर रात एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। चादरों से भरा एक ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे रेलवे लाइन के पास पलट गया। हादसे में ट्रक चालक को हल्की चोटें आई हैं, जबकि ट्रक को काफी नुकसान पहुंचा है। जानकारी के अनुसार यह हादसा रात करीब 10 से 11 बजे के बीच हुआ। ट्रक मंडी की ओर से पठानकोट की तरफ जा रहा था और उसमें बड़ी मात्रा में चादरों का सामान लदा हुआ था। जैसे ही ट्रक जोगिंद्रनगर के गुरुद्वारा साहिब के समीप पहुंचा तो चालक वाहन से संतुलन खो बैठा। देखते ही देखते ट्रक हाईवे से नीचे की ओर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर जोरदार आवाज सुनाई दी, जिससे आसपास के लोग तुरंत घटनास्थल की ओर दौड़े। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक सड़क से नीचे रेलवे लाइन के पास जाकर पलटा। राहत की बात यह रही कि उस समय वहां कोई अन्य वाहन या राहगीर मौजूद नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। स्थानीय लोगों ने बिना समय गंवाए राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया और ट्रक में फंसे चालक को बाहर निकालने में मदद की। चालक को मामूली चोटें आईं, जिसके बाद उसे प्राथमिक उपचार दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने ट्रक को हटाने और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए कार्रवाई शुरू की। हादसे के चलते कुछ समय तक हाईवे पर यातायात भी प्रभावित रहा। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### सरकाघाट में ड्राइविंग टेस्ट व वाहन पासिंग स्थगित

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। आगामी पंचायती राज चुनाव के मद्देनजर प्रशासनिक व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित करने हेतु उपमंडल सरकाघाट में 28 एवं 29 मई को आयोजित होने वाले ड्राइविंग लाइसेंस ट्रायल तथा वाहनों की पासिंग प्रक्रिया को आगामी आदेशों तक स्थगित कर दिया गया है। उपमंडलाधिकारी (नागरिक) एवं पंजीकरण व अनुज्ञापन प्राधिकारी, सरकाघाट ने बताया कि चुनाव संबंधी व्यवस्थाओं एवं प्रशासनिक व्यस्तताओं के चलते यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नई तिथियों की घोषणा शीघ्र ही अलग से जारी की जाएगी। प्रशासन ने आम जनता से सहयोग एवं धैर्य बनाए रखने की अपील की है।

### नगर निगम की मतगणना की करवाई रिहर्सल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। नगर निगम मंडी चुनावों की मतगणना को लेकर आज डीआरडीए सम्मेलन कक्ष में विस्तृत रिहर्सल आयोजित की गई। आगामी मतगणना प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के उद्देश्य से आयोजित इस रिहर्सल की अध्यक्षता सहायक रिटर्निंग अधिकारी रूपिंदर कौर ने की। रिहर्सल के दौरान मतगणना कार्य में नियुक्त सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतगणना से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस अवसर पर मतगणना टेबल की व्यवस्था, ईवीएम एवं आवश्यक अभिलेखों के रखरखाव, मतों की गणना, परिणाम संकलन तथा सुरक्षा व्यवस्था सहित विभिन्न पहलुओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं सावधानियों से भी सभी को अवगत करवाया गया। मुख्य प्रशिक्षक विजय शर्मा तथा डॉ. कर्म सिंह ठाकुर ने मतगणना की चरणबद्ध प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। मतगणना के दौरान पारदर्शिता, समयबद्धता तथा समन्वय बनाए रखने पर विशेष बल दिया।

### भोलूघाट में युवक से 41 ग्राम चरस बरामद

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। क्षेत्र में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में पुलिस थाना हटली की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर भोलूघाट के पास कार्रवाई करते हुए एक युवक को चरस के साथ पकड़ने में सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक पल्सर मोटरसाइकिल को जांच के लिए रोका। तलाशी लेने पर चालक के कब्जे से 41 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी की पहचान शुभम पुत्र मोहिंद्र सिंह, कांगड़ा के रूप में हुई है। युवक की उम्र 21 वर्ष बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है।

# सराज में बरसात से पहले सड़कें दुरुस्त करे पीडब्ल्यूडी : उपायुक्त

## डीसी ने थुनाग में की आपदा प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्वास कार्यों की समीक्षा

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने शुक्रवार को सराज क्षेत्र के थुनाग उपमंडल के लघु सचिवालय में आयोजित विभागीय व प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता की। इसमें सराज क्षेत्र में गत वर्ष बरसात में आई आपदा के उपरांत जारी पुनर्वास कार्यों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी लाइन विभागों से पुनर्वास कार्यों की प्रगति का ब्यौरा प्राप्त किया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि वे प्रभावित क्षेत्रों में सड़कों की बहाली कार्यों में और तेजी लाए। विशेषतौर पर इन सड़कों पर अति संवेदनशील हिस्सों की मरम्मत का कार्य आगामी बरसात से पहले अवश्य पूरा कर लें। लोक निर्माण विभाग की ओर से बैठक में बताया गया कि सराज क्षेत्र में बरसात की



आपदा प्रभावित क्षेत्रों में पुनः बहाली एवं पुनर्वास कार्यों की समीक्षा करते हुए डीसी।

आपदा से क्षतिग्रस्त हुई लगभग 116 सड़कों को पुनः बहाल कर दिया गया है। अब मात्र सात से आठ सड़कों की ही बहाली का कार्य शेष है। इसके अलावा क्षेत्र में लगभग 25 पुलियों एवं कई पैदल पुल भी पुनः बहाल कर दिए गए हैं। कई स्थानों पर कल्वर्ट इत्यादि डालकर सड़क सम्पर्क बहाल करने का कार्य किया गया है। उपायुक्त ने शेष सड़कों की बहाली के कार्य में और तेजी लाने के निर्देश दिए।

अपूर्व देवगन ने जलशक्ति विभाग से भी आपदा प्रभावित पेयजल योजनाओं को सुचारु करने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी प्राप्त की। विभाग की ओर से बताया गया कि गत बरसात में बुरी तरह से प्रभावित छड़ी खड्ड उठाऊ पेयजल योजना की बहाली का कार्य अंतिम चरणों में है। इसी बिजली बोर्ड की ओर से इस योजना के लिए विद्युत लाइन बिछाने का कार्य जारी है और इसकी टेस्टिंग होने के तत्काल बाद पेयजल योजना को पुनः बहाल कर दिया जाएगा। उपायुक्त ने खंड विकास कार्यालय के तहत संचालित किए जा रहे पुनर्वास कार्यों की समीक्षा भी की और सभी लंबित कार्यों को तय समय अवधि में पूर्ण करने को कहा। उपायुक्त ने सभी लाइन विभागों को आगामी मानसून के दृष्टिगत सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने विभागों तथा स्थानीय प्रशासन को किसी भी आपदा अथवा आपात स्थिति में पर्याप्त संख्या में मानव संसाधन एवं आवश्यक मशीनरी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

# फिल्मी किरदार को निजी जीवन से न जोड़ें : कंगना

अनंत ज्ञान

मंडी। लोकसभा सांसद एवं अभिनेत्री कंगना रनौत ने सोशल मीडिया पर उनकी शादी को लेकर चल रही चर्चाओं पर प्रतिक्रिया दी है। हाल ही में इंटरनेट मीडिया पर उनकी कुछ तस्वीरें तेजी से वायरल होने के बाद यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि उन्होंने गुपचुप विवाह कर लिया है। अब अभिनेत्री ने स्वयं सामने आकर इन दावों को पूरी तरह निराधार बताया है।



◆शादी की चर्चाओं पर सांसद एवं अभिनेत्री ने तोड़ी चुप्पी

कंगना रनौत ने सोशल मीडिया पर साझा संदेश में स्पष्ट कहा कि वह अपनी शादी जैसी महत्वपूर्ण बात को कभी छिपाकर नहीं रखेंगी। उन्होंने अपने प्रशंसकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जब भी वह विवाह करेंगी, इसकी जानकारी सार्वजनिक रूप से साझा करेंगी। दरअसल, हाल के दिनों में कंगना रनौत की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई थीं। इन तस्वीरों में वह हरे रंग की चूड़ियां और मंगलसूत्र पहने दिखाई दी थीं। तस्वीरों के सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई थीं और कई लोगों ने उनके विवाह को लेकर कयास लगाने शुरू कर दिए थे। इन अटकलों के बीच कंगना रनौत ने इंस्टाग्राम पर अपनी प्रतिक्रिया साझा करते हुए बताया कि वह इन दिनों मुंबई में अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं।

उन्होंने कहा कि शूटिंग के दौरान उनके किरदार वाले लुक में किसी ने तस्वीरें खींच लीं, जिसके बाद लगातार उन्हें फोन कॉल और संदेश आने लगे। अभिनेत्री ने प्रशंसकों से अपील की कि अफवाहों पर विश्वास करने से पहले तथ्यों की पुष्टि अवश्य करें।

# डीएवी स्कूल जोगिंद्रनगर बना दीप का सहारा

## गंभीर बीमारी से जूझ रहे व्यक्ति को दी 25 हजार रुपए की मदद

अनंत ज्ञान

जोगिंद्रनगर। मानवता, सहयोग और सामाजिक उत्तरदायित्व की प्रेरणादायक मिसाल पेश करते हुए डीएवी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर के प्रधानाचार्य, शिक्षक वर्ग एवं विद्यार्थियों ने गंभीर बीमारी से जूझ रहे बालकरूपी निवासी दीप चंद की आर्थिक सहायता के लिए हाथ आगे बढ़ाया। विद्यालय परिवार ने मिलकर 25 हजार रुपए की सहयोग राशि प्रदान कर यह संदेश दिया कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज और मानवता के प्रति संवेदनशील बनाना भी उसका महत्वपूर्ण उद्देश्य है।

जानकारी के अनुसार दीप चंद लंबे समय से गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं तथा उनकी दोनों किडनियां खराब हो चुकी हैं। वर्तमान में उनका उपचार चल रहा है, जिसके चलते परिवार पर आर्थिक बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। ऐसे कठिन समय में डीएवी



बालकरूपी निवासी दीप चंद को आर्थिक सहायता देते डीएवी स्कूल के शिक्षक।

पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर के शिक्षक वर्ग एवं विद्यार्थियों ने मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए स्वेच्छा से आर्थिक सहयोग एकत्रित किया और 25 हजार रुपए की राशि सहायता स्वरूप प्रदान की। विद्यालय परिसर में आयोजित एक सादे कार्यक्रम के दौरान यह सहायता राशि दीप चंद के परिवार को सौंपी गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि समाज में जरूरतमंद लोगों की सहायता करना प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक दायित्व है और विद्यार्थियों में इसी भावना का विकास करना विद्यालय का उद्देश्य है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने कहा कि डीएवी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर सदैव शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों, सेवा भावना और सामाजिक उत्तरदायित्व को प्राथमिकता देता आया है।

## नौबाही देवी में सूखने लगे जल स्रोत, खेती हो रही बर्बाद

# स्टोन क्रशर के खिलाफ ग्रामीणों में रोष

अनंत ज्ञान

सरकाघाट। ठंडा पानी, सिर खड्ड में वर्षों से संचालित एक निजी स्टोन क्रशर को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि वर्ष 2009 से चल रहा यह स्टोन क्रशर न केवल अवैध खनन में संलिप्त है, बल्कि इसके कारण आसपास के प्राकृतिक जल स्रोत, सिंचाई योजनाएं और कृषि भूमि भी बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि क्रेशर संचालक निर्धारित लीज क्षेत्र से बाहर भी खनन कर रहा है, जिससे पर्यावरण और स्थानीय जनजीवन पर गंभीर असर पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार स्टोन क्रेशर के समीप प्राचीन जल स्रोत मौजूद हैं, जबकि पास में पेयजल योजना का स्रोत भी स्थित है। आरोप है कि क्रेशर संचालन और बोरवेल किए जाने के कारण पानी का स्तर लगातार नीचे जा रहा है तथा जल स्रोत सूखने की कगार पर पहुंच गए हैं। इसके अलावा क्रेशर से उड़ने वाली धूल



नौबाही देवी में लगा स्टोन क्रशर, जिसका ग्रामीण विरोध कर रहे हैं।

और लगातार होने वाले धमाकों से आसपास के गांवों में प्रदूषण बढ़ गया है। लोगों का कहना है कि खेती योग्य भूमि बर्बाद हो रही है और ग्रामीण विभिन्न बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। घाड़ गांव वासी, नौबाही देवी, सिरखड़ु, ठंडा पानी, दलोली, हरिबेहना, दल्ली, भुक्कड़ और अन्य प्रभावित गांवों के लोगों ने इस मुद्दे को लेकर एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि हाल ही में बड़ी संख्या में लोग क्रेशर और प्लांट बंद करवाने पहुंचे थे, जिसके चलते दिनभर प्लांट पूरी तरह बंद रहा। हालांकि रात करीब साढ़े आठ बजे दोबारा संचालन शुरू करने का प्रयास किया गया, लेकिन ग्रामीणों ने मिलकर इसे फिर बंद करवा दिया। ग्रामीणों ने सांसद, विधायक और प्रदेश सरकार से मांग की है कि क्षेत्र में चल रहे स्टोन क्रशर की निष्पक्ष जांच करवाई जाए तथा अवैध खनन और प्रदूषण पर तत्काल रोक लगाई जाए। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# सुंदरनगर-किलिंग रूट पर बीच रास्ते में फिर हांफी निगम की बस

अनंत ज्ञान

भौर। सुंदरनगर डिपो की सुंदरनगर-किलिंग रूट पर चलने वाली एक लो फ्लोर बस बीच रास्ते में अचानक खराब होकर बंद हो गई, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार बस सुंदरनगर से अपने निर्धारित रूट पर रवाना हुई थी, लेकिन चौक गांव के पुल के समीप पहुंचते ही अचानक बंद हो गई और आगे नहीं बढ़ सकी। बस के अचानक रुक जाने से यात्रियों को काफी देर तक सड़क पर इंतजार करना पड़ा। बस में मौजूद यात्रियों ने बताया कि इस रूट पर चलने वाली अधिकांश बसें कुछ ही दिनों में खराब हो जाती हैं।

◆बस में सवार यात्रियों को हुई परेशानी

लोगों का आरोप है कि अड्डा प्रभारी जानबूझकर इस रूट पर पुरानी और खटारा लो फ्लोर बसें भेजते हैं, जिसके कारण बार-बार ऐसी स्थिति पैदा हो रही है। यात्रियों ने कहा कि प्रशासन को भी यह अच्छी तरह पता है कि ये बसें रास्ते में कहीं भी बंद हो जाती हैं, बावजूद इसके समस्या



चौक गांव के पुल के समीप खराब होकर खड़ी सुंदरनगर-किलिंग रूट की लो फ्लोर बस।

का समाधान नहीं किया जा रहा है। यात्रियों का कहना था कि बस अभी चढ़ाई वाले क्षेत्र में पहुंची भी नहीं थी और उससे पहले ही उसने जवाब दे दिया। यदि बस किसी कठिन चढ़ाई या सुनसान क्षेत्र में बंद होती तो यात्रियों को और अधिक परेशानी झेलनी पड़ सकती थी। स्थानीय लोगों और यात्रियों ने उपायुक्त मंडी तथा परिवहन विभाग से मांग की है कि सुंदरनगर-किलिंग रूट पर अच्छी और सही हालत वाली बसें लगाई जाएं, ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम यात्रा सुविधा मिल सके।

## फार्मेसी कॉलेज सराज में राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्यातिथि के रूप में मिला सम्मान

# सराज में आपदा राहत कार्यों के लिए साध्वी अमृता सम्मानित

अनंत ज्ञान

मंडी। हिमाचल प्रदेश में आई भीषण बाढ़ के दौरान मंडी जिले की सराज घाटी के थुनाग क्षेत्र में किए गए आपदा एवं ट्रॉमा राहत कार्यों के लिए साध्वी अमृता को राजकीय फार्मेसी महाविद्यालय, सराज (मंडी) द्वारा आयोजित 'वन डे नेशनल सेमिनार' में मुख्यातिथि के रूप में सम्मानित किया गया।

यह राहत एवं सेवा कार्य 'द आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन' हिमाचल प्रदेश के तत्वावधान में संचालित किया गया, जिसके अंतर्गत एक हजार से अधिक लोगों को ध्यान, मेडिटेशन एवं ट्रॉमा राहत सत्रों के माध्यम से मानसिक तनाव, भय और चिंता से बाहर निकालने का प्रयास किया गया। साध्वी अमृता ने दुर्गम क्षेत्रों में पैदल पहुंचकर प्रभावित परिवारों का मनोबल बढ़ाया और कठिन परिस्थितियों में



राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान साध्वी अमृता को सम्मानित करते आयोजक।

राहत सामग्री उपलब्ध करवाई। उन्होंने करसोली, चटरी, सुराह, पराला, सरोवा, परवाड़ा, चच्योट, गोहर, जंजैहली, बगस्यैड सहित अनेक गांवों में लगातार तीन माह तक सेवा कार्य किए। 'द आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन' मंडी एवं कुल्लू की टीमों ने 275 प्रभावित परिवारों तक राशन किट, तिरपाल, दवाइयां, सोलर लैम्प, कपड़े, कंबल, रजाइयां, स्कूल बैग, गैस स्टोव तथा अन्य आवश्यक सामग्री पहुंचाई। मंडी और कुल्लू जिलों में लगभग 14 लाख रुपए मूल्य की राहत सामग्री वितरित की गई। आपदा के दौरान बिजली और मोबाइल नेटवर्क पूरी तरह ठप रहने के बावजूद संगठन द्वारा थुनाग, चच्योट, धर्मपुर और बाली चौकी के 75 से अधिक गांवों में सोलर लैम्प एवं सोलर स्ट्रीट लाइट उपलब्ध करवाई गईं।

पूज्य गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के सेवा संदेश से प्रेरित होकर साध्वी अमृता ने प्रभावित लोगों तक राहत पहुंचाने और ट्रॉमा राहत सत्रों के माध्यम से उन्हें मानसिक संबल देने का कार्य किया।

# बीएसएल प्रोजेक्ट की नहर की अधूरी बाड़बंदी बनी जानलेवा

अनंत ज्ञान

विजय कुमार, हटगढ़। बीएसएल परियोजना (बीबीएमबी) की वह नहर, जिसे पन विद्युत उत्पादन के उद्देश्य से सुंदरनगर और बग्गी के बीच बनाया गया था, आज क्षेत्र के लोगों के लिए लगातार खतरे का कारण बनी हुई है। परियोजना निर्माण के दौरान जहां सैकड़ों कामगारों ने राष्ट्र निर्माण के इस कार्य में अपनी जान गंवाई थी और उनकी स्मृति में पंडोह में स्मारक भी बनाया गया है, वहीं दूसरी ओर वर्षों बाद भी नहर के कई हिस्सों में सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था नहीं हो पाई है।

नहर का बड़ा हिस्सा आज भी बिना बाड़बंदी के है, जिससे हादसों का खतरा लगातार बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नहर बनने के बाद से अब तक यहां कई असामयिक मौतें हो चुकी हैं। थोड़ी सी लापरवाही या वाहन चालकों का संतुलन बिगड़ने पर वाहन सीधे नहर में जा गिरते हैं और लोगों की डूबने से मौत हो जाती है। इसके अलावा मवेशी और जंगली जानवर भी इस नहर में गिरकर जान गंवा चुके हैं। लगातार हो रहे हादसों के चलते यह नहर अब क्षेत्र में 'डेथ लेक' के नाम से चर्चित होती जा रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि नहर



सुंदरनगर-बग्गी क्षेत्र में बिना बाड़बंदी के खुला पड़ा बीएसएल परियोजना की नहर का हिस्सा।

◆सुंदरनगर-बग्गी में लगातार हो रहे हादसों से 'डेथ लेक' पड़ा नाम

के खुले हिस्सों में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती और मजबूत बाड़बंदी समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उनका कहना है कि यहां आत्महत्या और दुर्घटनाओं के कई मामले सामने आ चुके हैं, बावजूद इसके बीबीएमबी प्रशासन और संबंधित विभाग इस दिशा में ठोस कदम उठाने में अब तक नाकाम रहे हैं। लोगों ने मंडी संसदीय क्षेत्र की सांसद कंगना रनौत से मांग की है कि नहर के सभी खुले हिस्सों की शीघ्र बाड़बंदी सुनिश्चित की जाए।

## समारोह पैराडाइज पब्लिक स्कूल सुंदरनगर में उत्साहपूर्वक मनाया गया शपथ समारोह

# शिवांक भारद्वाज ब्वॉय व पलक राव चुनी हेड गर्ल

अनंत ज्ञान

सुंदरनगर। पैराडाइज पब्लिक स्कूल में सत्र 2026-2027के लिए विद्यार्थियों का अलंकरण समारोह शनिवार को आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि सीता वर्मा रहे। इस अवसर पर हेड ब्वॉय शिवांक भारद्वाज और हेड गर्ल पलक राव को चयनित किया गया। वहीं अब्दुल कलाम हाउस की कैप्टन अवंशिका शर्मा व वाइस कैप्टन सुनिधी सिंह, आर्यभट्ट हाउस की कैप्टन पूर्वी राघवा व वाइस कैप्टन अनमोल ठाकुर, रमन हाउस की कैप्टन अंशिका व वाइस कैप्टन अभिनव वर्मा, विवेकानंद हाउस की कैप्टन नेहा कुमारी व वाइस कैप्टन अंतरा, एकेडमिक हेड हर्ष ठाकुर, वाइस हेड आर्यन शर्मा व अन्य सदस्य आदित्य, शौर्य वर्मा, ओजस्वी, दीपिका, अन्वेशा ,मायरा, काव्या नियुक्त किए गए। स्पोर्टस



शपथ समारोह में पैराडाइज पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी शिक्षकों के साथ।

हेड सुशील, वाइस हेड आलोक, डिसिप्लिन हेड अक्षत, वाइस हेड देवांश व अन्य सदस्य-सर्वेश, सूरज,पुष्पेंद्र ,नंदिनी यामिनी,प्रिंस। कल्चरल हेड सृष्टि, वाइस हेड प्रेरणा व अन्य सदस्य आर्यन, निशिता, साक्षी, शिविका ,जाहनवी संस्कृति चुने गए। वहीं, क्लास मॉनिटर पहली कक्षा से विपुल, दूसरी कक्षा से शनाया, तीसरी कक्षा से रीतविक, चौथी कक्षा से सैजसी, पांचवी कक्षा से पार्थ, छठी कक्षा से अशिका, सातवीं कक्षा से अर्नव, आठवीं कक्षा से कनिका, नवीं कक्षा से अथर्व, दसवीं कक्षा से यक्षिता, जमा एक कक्षा से विशाल ठाकुर , जमा दो कक्षा से सूर्याश को चुना गया। चयनित विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य ने शपथ दिलाई और उन्हें उनके पदों की जिम्मेदारियों से अवगत करवाया गया।

### डीएवी क्लस्टर स्तरीय खेल स्पर्धा संपन्न

अनंत ज्ञान, मंडी। दो डीएवी क्लस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन समारोह बेहद उत्साह, गरिमा और भव्यता के साथ किया गया। यह टूर्नामेंट 22 और 23 मई को विभिन्न डीएवी विद्यालयों में आयोजित किया गया। इस पूरे टूर्नामेंट के दौरान विभिन्न डीएवी स्कूलों के छात्रों की ऊर्जावान भागीदारी देखने को मिली, जिन्होंने असाधारण प्रतिभा, अनुशासन, दृढ़ संकल्प और अनुकरणीय खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर क्लस्टर 3 से नौ डीएवी विद्यालयों ने भाग लिया, जिसमें डीएवी मंडी, डीएवी पंडोह, डीएवी जमथल, डीएवी कटराई, डीएवी नेर चौक, डीएवी गोहर, डीएवी मनाली, डीएवी कुल्लू , डीएवी सुंदरनगर से लगभग 300 खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में भाग लिया। इस विशेष अवसर पर मुख्यातिथि वंदना गुलेरिया रहीं। इस पूरे आयोजन का मुख्य आकर्षण कबड्डी, कुश्ती, खो-खो, योग, शतरंज, क्रिकेट, मुक्केबाजी और रस्सी कूद में विजेताओं और सभी प्रतिभागियों का सम्मान व अभिनंदन रहा।

# छात्र प्रतिनिधियों का बैज लगाकर किया सम्मान

## गुरुकुल स्कूल झलवान में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

अनंत ज्ञान

अंकित कुमार, जोगिंद्रनगर। गुरुकुल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल झलवान में शनिवार को छात्र परिषद शपथ ग्रहण समारोह बड़े उत्साह, अनुशासन एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण एवं सलामी के साथ हुआ, जिसमें विद्यालय के निदेशक विशाल अवस्थी ने सलामी ली। इसके पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विद्यालय कप्तान यथार्थ एवं अनामिका को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। विद्यालय में इस वर्ष चार सदनों—ग्लोरी, गैलेंड्री, लिबर्टी एवं हार्मनी का गठन किया गया।

ग्लोरी सदन के प्रमुख छात्र आयुष तथा प्रमुख छात्रा श्वेता (कक्षा 11वीं) चुने गए। वहीं, लिबर्टी सदन के प्रमुख छात्र हर्षित एवं प्रमुख छात्रा अक्षिता को जिम्मेदारी सौंपी गई। गैलेंड्री सदन के प्रमुख छात्र सुमित तथा प्रमुख



छात्रा अवनि नियुक्त किए गए, जबकि हार्मोनी सदन के प्रमुख छात्र सुजल एवं प्रमुख छात्रा अवनि को नेतृत्व सौंपा गया इसके अतिरिक्त विभिन्न कक्षाओं के मॉनिटरों की भी घोषणा की गई। पहली कक्षा से शब्द, दूसरी से शिवांश, तीसरी से अमायरा, चौथी से माही, पांचवीं से तमन्ना, छठी से एंजल, सातवीं से अयान, आठवीं से कोमल, नौवीं से आराध्या, दसवीं से तपस्या, ग्यारहवीं से सुमित तथा बारहवीं से सुजल को मॉनिटर नियुक्त किया गया। समारोह के दौरान शिक्षिका मोनिका शर्मा एवं नीतू अवस्थी ने सभी छात्र प्रतिनिधियों को बैज पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक विशाल अवस्थी ने सभी छात्र नेताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थी अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं जिम्मेदारी के भाव के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

उन्होंने वर्षभर आयोजित होने वाली सदन गतिविधियों एवं उनकी जिम्मेदारियों की भी विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**सफलता** के लिए किसी सफाई की जरूरत नहीं होती और असफलता की कोई सफाई नहीं होती। –प्रमोद बत्रा

## संपादकीय

# पुनर्गठन से सुधरेगी वित्तीय सेहत

हिमाचल प्रदेश की आर्थिक स्थिति किसी से छिपी नहीं है। बढ़ते कर्ज, सीमित संसाधन और राजस्व की कमी के बीच राज्य की कांग्रेस सरकार पर वित्तीय अनुशासन बनाए रखने का लगातार दबाव बना हुआ है। यही कारण है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार खर्चों में कटौती और प्रशासनिक ढांचे को व्यावहारिक बनाने की दिशा में लगातार कदम उठा रही है। केंद्र और राज्य में अलग-अलग दलों की सरकार होने के कारण राजनीतिक टकराव भी किसी से छिपा नहीं है। केंद्र में भाजपा और हिमाचल में कांग्रेस की सरकार होने से सहयोग की संभावनाएं सीमित हैं। ऐसे में राज्य सरकार के पास अपने संसाधनों का बेहतर प्रबंधन करने के अलावा कोई दूसरा मजबूत विकल्प नहीं बचता।

बीते साढ़े तीन वर्षों में सुक्खू सरकार ने राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद अपना कार्यकाल स्थिरता के साथ पूरा किया है। भाजपा लगातार सरकार को घेरने और अस्थिर करने की रणनीति अपनाती रही, लेकिन कांग्रेस सरकार ने अब तक खुद को बचाए रखा है। अब सरकार का पूरा ध्यान अपनी चुनावी गारंटियों को पूरा करने पर है। इसी दिशा में हाल ही में हुई कैबिनेट बैठक में आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह देने, 2215 पद भरने तथा प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन जैसे महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं। हालांकि, भाजपा ने इन निर्णयों का विरोध करते हुए यह आरोप लगाया है कि पंचायती राज चुनावों के दौरान इस तरह की घोषणाएं चुनाव को प्रभावित कर सकती हैं। प्रदेश में पिछले कई वर्षों के दौरान राजनीतिक लाभ और स्थानीय दबावों के आधार पर अनेक नई तहसीलें, उपतहसीलें, विकास खंड और उपमंडल बनाए गए। कई बार इन इकाइयों के गठन में वास्तविक प्रशासनिक जरूरतों से अधिक राजनीतिक हित हावी रहे। परिणामस्वरूप सरकार पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ बढ़ता चला गया। नई इकाइयों के साथ भवन, कर्मचारी, वाहन, कार्यालय और अन्य व्यवस्थाओं पर करोड़ों रुपए खर्च होने लगे, जबकि कई स्थानों पर कामकाज बेहद सीमित रहा।

आज हिमाचल प्रदेश में 12 जिले, 81 उपमंडल, 92 विकास खंड तथा 193 तहसीलें और उपतहसीलें हैं। पहाड़ी राज्य होने के कारण प्रशासनिक सुविधाओं की जरूरत अपनी जगह सही है, लेकिन हर नई इकाई वास्तव में जरूरी हो, यह भी सुनिश्चित होना चाहिए। कई क्षेत्रों में ऐसी प्रशासनिक इकाइयां संचालित हो रही हैं जहां न पर्याप्त स्टाफ है, न पर्याप्त कार्यभार और न ही संसाधनों का उचित उपयोग। इससे सरकारी धन की बर्बादी के साथ प्रशासनिक दक्षता भी प्रभावित होती है।

इसी पृष्ठभूमि में सरकार की ओर से प्रशासनिक पुनर्गठन आयोग गठित करने का निर्णय एक साहसिक और व्यावहारिक पहल माना जा सकता है। यह आयोग विभिन्न उपमंडलों, तहसीलों, उपतहसीलों और विकास खंडों की भौगोलिक स्थिति, जनसंख्या, दूरी, संसाधनों की उपलब्धता और वित्तीय बोझ का अध्ययन करेगा। इसके आधार पर यह तय किया जाएगा कि कौन सी इकाइयां वास्तव में आवश्यक हैं और किनका विलय किया जा सकता है। यदि यह प्रक्रिया निष्पक्ष और वैज्ञानिक तरीके से पूरी होती है तो इससे प्रशासनिक ढांचा अधिक प्रभावी और जवाबदेह बन सकता है।

दरअसल, किसी भी राज्य की आर्थिक मजबूती केवल नई योजनाएं शुरू करने से नहीं आती, बल्कि अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण से भी आती है। चूंकि हिमाचल छोटा और सीमित संसाधनों वाला राज्य है ऐसे में यह और भी जरूरी हो जाता है कि अनावश्यक खर्चे कैसे घटाए जाएं। सरकार यदि केवल राजनीतिक लाभ के बजाय प्रशासनिक दक्षता को प्राथमिकता देती है तो इससे भविष्य में वित्तीय दबाव कम हो सकता है। इससे बचाई गई राशि को शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल और रोजगार जैसे अधिक जरूरी क्षेत्रों में लगाया जा सकता है।

हालांकि इस प्रक्रिया को लागू करना आसान नहीं होगा। जिन क्षेत्रों में प्रशासनिक इकाइयों के विलय या पुनर्गठन की बात होगी वहां स्थानीय स्तर पर विरोध भी सामने आ सकता है। राजनीतिक दल भी इसे क्षेत्रीय भावनाओं से जोड़ने की कोशिश करेंगे। इसलिए सरकार को बेहद संतुलित तरीके से आगे बढ़ना होगा। लोगों को यह विश्वास दिलाना जरूरी होगा कि पुनर्गठन का उद्देश्य सुविधाएं छीनना नहीं, अपितु प्रशासन को अधिक सक्षम और आर्थिक रूप से व्यवहारिक बनाना है।

यह भी महत्वपूर्ण है कि सरकार केवल ढांचागत कटौती तक सीमित न रहे, बल्कि प्रशासनिक सुधारों को तकनीक और डिजिटल व्यवस्था से भी जोड़े। ई-गवर्नेंस, ऑनलाइन सेवाएं और डिजिटल रिकॉर्ड व्यवस्था को मजबूत बनाकर भी खर्चों में भारी कमी लाई जा सकती है। यदि प्रशासनिक सुधारों के साथ तकनीकी सुधारों को जोड़ा जाए तो जनता को सुविधाएं भी बेहतर मिलेंगी और सरकारी खर्च भी नियंत्रित रहेगा। यह भी सुनिश्चित करना होगा कि पुनर्गठन के नाम पर ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों के लोगों की प्रशासनिक पहुंच प्रभावित न हो।

## आज की प्रमुख हस्ती

### अशोक चक्र से सम्मानित भारतीय सेना के 'रैंबो'



मेजर सुधीर कुमार वालिया
जन्म : 24 मई, 1969
मृत्यु : 29 अगस्त, 1999

**मेजर सुधीर कुमार वालिया** भारतीय सेना के सबसे वीर और प्रेरणादायक सैनिकों में गिने जाते हैं। उनका जन्म 24 मई 1969 को हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के पालमपुर के साथ लगते बनूरी गांव में हुआ था। बचपन से ही उनमें देशभक्ति, अनुशासन और साहस की भावना थी। उन्होंने भारतीय सेना की जाट रेजिमेंट में कमीशन प्राप्त किया और अपनी असाधारण बहादुरी के कारण सेना में विशेष पहचान बनाई। अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण उन्हें अमेरिका में विशेष सैन्य प्रशिक्षण के लिए भेजा गया, जहां उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त कर देश का गौरव बढ़ाया। उनके साहस और नेतृत्व क्षमता के कारण साथी सैनिक उन्हें 'रैंबो' कहकर पुकारते थे। कारगिल युद्ध के बाद जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के अफरुदा जंगलों में आतंकवादियों की गतिविधियों की सूचना मिली। इस कठिन अभियान का नेतृत्व मेजर वालिया ने स्वयं संभाला।

29 अगस्त 1999 को आतंकवादियों के साथ भीषण मुठभेड़ हुई। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद उन्होंने अदम्य साहस दिखाते हुए अपनी टुकड़ी का मनोबल बनाए रखा और नौ आतंकवादियों को मार गिराया। अंततः मातृभूमि की रक्षा करते हुए उन्होंने सर्वोच्च बलिदान दिया। उनकी वीरता, नेतृत्व और राष्ट्रभक्ति के सम्मान में भारत सरकार ने उन्हें मरणोपरांत अशोक चक्र से सम्मानित किया, जो शांतिकाल का सर्वोच्च वीरता पुरस्कार है।



कविता

### गायब लोक लिहाज

शिव राज सन्याल, गांव व डाकघर मकड़ाहन
तहसील जवाली, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**धर्म** कर्म की बात को, कौन करे है आज।
शर्म हया सब मिट गई, गायब लोक लिहाज।।
तन से नंगे हो रहे, नहीं रही अब लाज।
फूहड़पन का रोग है, गायब लोक लिहाज।।
मर्यादा अब है कहां, झूठ कपट का राज।
दिया वचन अब ढोंग है, गायब लोक लिहाज।।
कौन सुने कब दर्द को, बदला यहां समाज।
मेरी मेरी सब करें, गायब लोक लिहाज।।
कुंठाओं में दब गए, सब के मन के राज।
रही ठिठोली अब नहीं, गायब लोक लिहाज।।
बातें शिष्टाचार की, कहां रही हैं आज।
बिगड़ रहे अब लाल हैं, गायब लोक लिहाज।।
घर घर में अब हो गई, नफरत की दीवार।
गायब लोक लिहाज से, रिश्तों में तकरार।।

# क्या है भारत में विद्या और विद्यार्थियों का भविष्य?



निर्मल रानी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश से की जा रही 'मन की बात' के 131वें एपिसोड में गत 22 फरवरी 2026 को छात्रों से 'परीक्षा पे चर्चा' की थी। अपने इस संवाद कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने छात्रों को दिए गए 'उपदेशों' में कहा कि 'अंकों से किसी की योग्यता तय नहीं होती। शिक्षा जीवन को संवारने का एक माध्यम है, जबकि परीक्षा केवल आत्म-मूल्यांकन का जरिया है।'

उन्होंने छात्रों से परीक्षा को किसी बड़े बोझ या हौवे के रूप में देखने के बजाय इसे एक उत्सव की तरह मनाने की अपील की थी। पढ़ाई, आराम, शारीरिक खेलकूद और अपने शौक के बीच एक सही संतुलन बनाने को जरूरी बताया था। मोदी ने छात्रों को सलाह दी थी कि कुछ छात्र रात में पढ़ना पसंद करते हैं तो कुछ सुबह जल्दी, अपनी इसी मूल शैली पर विश्वास रखें। उन्होंने छात्रों को यह सलाह भी दी कि वे अपने मन की चिंताओं को अपने माता-पिता और परिवार के साथ खुलकर साझा करें, जिससे मानसिक तनाव कम होता है।

अभिभावकों को सलाह देते हुए उन्होंने कहा था कि माता-पिता को बच्चों पर उनकी इच्छा के विरुद्ध विशिष्ट करियर चुनने का दबाव नहीं बनाना चाहिए। हर बच्चा अपने आप में अनूठा होता है। इसी तरह उन्होंने शिक्षकों को भी सलाह दी कि उन्हें छात्रों की सीखने की गति को समझना चाहिए और उनके लिए ऐसे लक्ष्य तय करने चाहिए जो पहुंच में हों, लेकिन जिन्हें प्राप्त करने के लिए थोड़ी मेहनत करनी पड़े।

प्रधानमंत्री के उपरोक्त कथन में यह बात पूरी तरह विरोधाभासी है कि 'अंकों से किसी की योग्यता तय नहीं होती।' क्योंकि आज के दौर में एडमिशन,वरीयता सूची,श्रेणी निर्धारण,चयन आदि हर जगह अंक प्रतिशत की ही होड़ लगी हुई है, परंतु प्रधानमंत्री ने इन्हीं छात्रों को कभी यह नहीं बताया कि यदि आपकी जी तोड़ मेहनतों के बाद परीक्षा के पर्चे लीक हो जाएं व परीक्षा ही स्थगित कर दी जाए तो आखिर छात्रों को ऐसे सदमे से कैसे उबरना चाहिए।

और जो छात्र इस कुप्रबंधन का शिकार होकर किसी कारणवश पुनः परीक्षा में बैठने योग्य न रह सके और इसी कारण उसका जीवन व भविष्य चौपट हो जाए उस छात्र को उसके अभिभावकों को या फिर सरकार अथवा इस दुर्व्यवस्था के जिम्मेदारों को क्या करना चाहिए? हालांकि प्रधानमंत्री मोदी पेपर लीक के मुद्दे पर जुलाई 2024 में संसद के दोनों सदनों (लोकसभा और राज्यसभा) में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान



अपना आधिकारिक बयान दे चुके हैं। उन्होंने संसद में देश के हर छात्र और नौजवान को भरोसा दिलाते हुए कहा था कि सरकार परीक्षाओं में होने वाली ऐसी गड़बड़ियों और पेपर लीक को रोकने के लिए अत्यंत गंभीर है।

उन्होंने कड़े शब्दों में चेतावनी दी थी कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी आरोपी या माफिया को कतई बख्शा नहीं जाएगा और उन्हें सख्त से सख्त सजा दी जाएगी। प्रधानमंत्री ने परीक्षा प्रणाली और पूरे सिस्टम को पुख्ता व पारदर्शी बनाने के लिए सरकार द्वारा युद्ध स्तर कदम उठाने की बात कही थी, परंतु आश्चर्य है कि प्रधानमंत्री के इस बयान के बाद भी पेपर लीक की घटना समाप्त नहीं हुई। अभी इसी मई 2026 में आयोजित हुई नीट परीक्षा को पेपर लीक विवादों और धांधली की शिकायतों के बाद सरकार द्वारा रद्द कर दिया गया है और अब इसकी जांच सीबीआई को सौंप दी गई है। इस परीक्षा में 22,05,035 छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे। आज इन 22 लाख से अधिक छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया है। पेपर लीक और उसे रद्द किए जाने से उपजे मानसिक तनाव के कारण देश के अलग-अलग हिस्सों से कम से कम 4 छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की दुखद खबरें सामने आई हैं।

इनमें एक छात्र प्रदीप मेघवाल (उम्र 22 वर्ष) राजस्थान के झुंझुनूं जिले का था, जबकि ऋतिक मिश्रा (उम्र 21 वर्ष) उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी का निवासी था। यह ऋतिक का नीट परीक्षा का तीसरा प्रयास था और वे इस बार चयन को लेकर बेहद आश्वस्त था। परीक्षा रद्द होने की खबर से वह मानसिक रूप से पूरी तरह टूट गया था। इसी तरह 20 वर्षीया अंशिका दिल्ली के आजादपुर (आदर्श नगर) इलाके की रहने वाली थी, जबकि 17 वर्षीय सिद्धांत हेगड़े दक्षिण गोवा के कर्टोरिम का रहने वाला था। हेगड़े पेपर लीक की घटना से इतना आहत था कि उसने अपने सुसाइड नोट में लिखा कि वह अब और प्रतियोगी परीक्षाएं नहीं देना चाहता।

नीट पेपर लीक, परीक्षा घोटालों और फर्जी डिग्रियों के बढ़ते मामलों ने देश की शिक्षा व्यवस्था को कठघरे में खड़ा कर दिया है। एक ओर 22 लाख से अधिक मेहनती छात्र कठिन परिश्रम के बाद भी अन्याय और असुरक्षा का सामना कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर पैसे के बल पर अयोग्य लोग फर्जी एमबीबीएस डिग्रियां खरीदकर डॉक्टर बन रहे हैं। यह स्थिति केवल शिक्षा व्यवस्था की विफलता नहीं, बल्कि समाज और मानव जीवन के लिए भी गंभीर खतरा है। लगातार हो रही धांधली युवाओं का मनोबल तोड़ रही है और व्यवस्था के प्रति उनका विश्वास कमजोर कर रही है। यदि समय रहते कठोर कार्रवाई, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित नहीं की गई, तो देश की प्रतिभा और भविष्य दोनों संकट में पड़ सकते हैं।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं)

# गर्मियों का पर्यावरणीय प्रभाव और वनाग्नि की बढ़ती चुनौती गंभीर समस्या



बचन सिंह घटवाल
मस्सल (नगरोटा बगवां)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

गर्मियों की आमद जहां प्राणी जगत के लिए सृजन की ऋतु मानी गई है वहीं जीवन चक्र में प्राणियों के लिए यह ऋतु मदहोशी भरी व उल्लास पूर्णता को उजागर करती है। प्राणियों व वन्य जीवों में इस ऋतु के आने पर अजीब सा परिवर्तन परिलक्षित होता है। वनों, वाटिकाओं से नमी सूर्य की तपिश की वजह से क्षीण हो जाती है। पेड़ पौधों और प्राणियों में पानी की कमी की वजह से अजीब सा सूखापन तथा शुष्क जमीन से उठती महक का मिला-जुला असर गर्मियों की अति तीव्रता को परिलक्षित करता है ।

उत्तरी भारत में विशेष कर हम हिमाचल के संदर्भ में देखें तो यहां के विशाल चीड़ देवदार के पेड़ों की अधिकता,पेड़ों की घनी छाया का मिश्रित रूप यहां के बाशिंदों के लिए झुलसती गर्मी से बचने का उपयुक्त मार्ग दिखाई देता है । यहां विस्तृत पेड़ों की हरियाली वातावरण को शुद्धता संग ठंडक प्रदान करती है। यहां जब अचानक वनों में आग दहकती हैं तो आसपास का इलाका इसी भीषण तपिश से प्रभावित होता है। प्रभावित क्षेत्र से कोसों दूर गर्मी की लपटों से प्राणी आहत हुआ नजर आता है। पशु पक्षियों की आरामगाहें व नीड़ आग की भेंट चढ़ जाते हैं । अंडों को सेते पक्षी इन लपटों में छटपटाकर जल भुन जाते हैं। आग के प्रचंड बेग से आहत वन्य प्राणियों का इधर-उधर भागना तथा आग में समा जाना भला किसे अच्छा लगेगा । इसमें जरा भी संदेह नहीं है कि प्रत्येक वर्ष असंख्य वन्य प्राणी व कीट पतंगे आग की लपटों में अपना अस्तित्व ही खो बैठते हैं । कहीं न कहीं मानव इन अग्निकांडों के पीछे गुनहगार के रूप में खड़ा नजर आता है । पहाड़ी क्षेत्र में वनों



पर गुजर बसर करने वालेअधिकतर लोग अपनी वन्य संपदा को जाने अनजाने स्वाह कर देते हैं जिसका उन्हें एहसास तक नहीं होता। वनों में किसी कारणवश जलाई गई आग को यूं ही जलते हुए नहीं छोड़ देना चाहिए बल्कि उसे ठीक ढंग से बूझाकर ही वहां से जाना चाहिए ।

कई वार वनों के समीप के घरों से उठी चिंगारियां वनों को धीरे-धीरे लील जाती हैं। कभी कभार व्यक्ति सुलगते बीड़ी सिगरेट के टुकड़ों को जाने अनजाने वनों में फेंक देते हैं। असंख्य कारणों में एक कारण यह भी हो सकता है कि किसी वन से गुजरती सड़क से मानवीय भूल से सुलगती चिंगारी वन के अंदर तक पहुंच गई हो, इसका खामियाजा वन्य प्राणियों व समीपवर्ती बसे गांवों को भुगतना पड़ता है। इसमें संदेह नहीं है कि हिमाचल में जहां चीड़ के पेड़ों की अधिकता है। वनों में आग लगने के कई प्राकृतिक और मानवीय कारण होते हैं। कभी-कभी तेज हवा के कारण पेड़ों की टहनियां आपस में रगड़ खाकर चिंगारी उत्पन्न करती हैं, जो सूखी पत्तियों और घास में आग फैलाकर भीषण वनाग्नि का रूप ले लेती है। इसके अलावा, मनुष्य भी अपनी लापरवाही और स्वार्थ के कारण जंगलों में आग लगा देता है, जैसे चरागाहों की सफाई या नई घास उगाने के उद्देश्य से, जो कई बार नियंत्रण से बाहर होकर विनाशकारी साबित होती है।

सूखी चीड़ की पत्तियां और झाड़-झंखाड़ आग फैलने में ईंधन का काम करते हैं, इसलिए गर्मियों की शुरुआत में इनकी सफाई अत्यंत आवश्यक है। सरकार, वन विभाग और स्थानीय प्रशासन को मिलकर मजदूरों की सहायता से नियमित सफाई अभियान चलाना चाहिए। मनरेगा जैसी योजनाओं के माध्यम से स्थानीय लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जा सकती है, जिससे रोजगार भी मिलेगा और वन सुरक्षा भी होगी। वनाग्नि को सामूहिक प्रयासों से रोका जा सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# लगातार हो रहे पेपर लीक के दौर में 'परीक्षा पे चर्चा' आखिर कितनी प्रासंगिक?



वसुंधरा धर्माणी
घुमारवीं, जिला बिलासपुर
हिमाचल प्रदेश

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

भारत में शिक्षा को सदैव भविष्य निर्माण का सबसे महत्वपूर्ण आधार माना गया है। हर वर्ष करोड़ों विद्यार्थी कठिन परिश्रम, त्याग और भविष्य निर्माण के सपनों के साथ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होते हैं।

माता-पिता अपनी वर्षों की कमाई बच्चों की पढ़ाई पर खर्च करते हैं, शिक्षक अपने अनुभव और ज्ञान से विद्यार्थियों को तैयार करते हैं और विद्यार्थी दिन-रात मेहनत कर यह विश्वास रखते हैं कि उनकी योग्यता ही उनकी सफलता का मार्ग बनेगी, लेकिन जब राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं के प्रश्न पत्र ही लीक होने लगे, तब शिक्षा व्यवस्था पर विश्वास डगमगाने लगता है।

ऐसे में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि 'परीक्षा पे चर्चा' जैसे कार्यक्रमों का औचित्य ही क्या रह जाता है? यदि स्वयं परीक्षाओं की विश्वसनीयता ही संकट में हो? 'परीक्षा पे चर्चा' का उद्देश्य विद्यार्थियों का तनाव कम करना, उन्हें प्रेरित करना और परीक्षा को उत्सव की तरह देखने की सीख देना है। यह विचार अपने आप में सकारात्मक और प्रेरणादायक है। विद्यार्थियों को मानसिक दबाव से बाहर निकालना, असफलता से लड़ना सिखाना और आत्मविश्वास बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है, लेकिन वर्तमान समय की वास्तविकता यह है कि आज विद्यार्थी केवल परीक्षा के तनाव से नहीं, बल्कि व्यवस्था की अव्यवस्था से जूझ रहे हैं।

जब मेहनत करने वाला छात्र खुद को ठगा हुआ महसूस करता है और पेपर लीक की खबरें आम हो जाती हैं, तब उनके मन में भी यह सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर उनकी मेहनत का मूल्य क्या है?

हाल के वर्षों में अनेक राष्ट्रीय परीक्षाओं के पेपर लीक होने की घटनाओं ने पूरे देश को झकझोर दिया है। चाहे वह मेडिकल प्रवेश परीक्षा हो, शिक्षक भर्ती परीक्षा, पुलिस भर्ती



हो या अन्य प्रतियोगी परीक्षाएं--बार-बार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों ने युवाओं के सपनों को बुरी तरह से तोड़कर रख दिया है।

लाखों छात्र वर्षों तक तैयारी करते हैं, लेकिन कुछ लोगों की भ्रष्ट मानसिकता और लालच पूरी प्रक्रिया को मजाक बना देते हैं। परीक्षा केंद्रों से लेकर कोचिंग, माफिया और दलालों तक फैला यह जाल केवल प्रश्न पत्र ही नहीं चुराता, बल्कि युवाओं का विश्वास, उनका आत्म बल और भविष्य भी छीन लेता है। सबसे दुखद स्थिति तब बनती है जब एक मेहनती छात्र अपने सामने ऐसे लोगों को सफल होते देखता है, जिन्होंने ईमानदारी से अधिक गलत रास्तों का सहारा लिया हो। यह केवल एक परीक्षा व्यवस्था की विफलता नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों की हार है। ऐसे माहौल में विद्यार्थियों के भीतर निराशा, और असुरक्षा का बढ़ना स्वाभाविक है।

'परीक्षा पे चर्चा' में विद्यार्थियों को तनाव मुक्त रहने, आत्मविश्वास बनाए रखने और मेहनत करने की सलाह दी जाती है, लेकिन कोई भी विद्यार्थी तभी सकारात्मक रह सकता है जब उसे व्यवस्था पर भरोसा हो। यदि परीक्षा से पहले ही सोशल मीडिया पर प्रश्न पत्र घूमने लगें, और परीक्षा परिणाम महीनों तक अटक जाएं, तो विद्यार्थियों का मानसिक संतुलन प्रभावित होना स्वाभाविक है। एक छात्र केवल किताबों से नहीं लड़ रहा होता, बल्कि वह असमानता, भ्रष्टाचार और अनिश्चितता से भी संघर्ष कर रहा होता है। यही कारण है कि कई युवा अवसाद, निराशा और अकेलेपन के शिकार हो जाते हैं और आत्महत्या कर लेते हैं।

कुल मिलाकर, पेपर लीक की घटनाएं गरीब और मध्यम वर्गीय विद्यार्थियों पर सबसे अधिक असर डालती हैं। सीमित संसाधनों में मेहनत करने वाले युवाओं के लिए परीक्षा रद्द होना आर्थिक और मानसिक संकट बन जाता है। केवल 'परीक्षा पे चर्चा' नहीं, बल्कि परीक्षा व्यवस्था की पारदर्शिता, विश्वसनीयता और जवाबदेही पर भी गंभीर चर्चा आवश्यक है। तकनीक का सही उपयोग, कड़ी निगरानी और दोषियों को कठोर दंड ही युवाओं का विश्वास बचा सकते हैं। निष्पक्ष परीक्षाएं ही देश के भविष्य और युवाओं के सपनों की सच्ची सुरक्षा हैं।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं)

# क्या राजनीति असली मुद्दों से जनता का ध्यान भटका रही है?



साहिल शर्मा
गांव बाहल अर्जुन, जिला हमीरपुर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

लोकतंत्र में राजनीति का सबसे बड़ा उद्देश्य जनता की समस्याओं को समझना और उनका समाधान निकालना होता है। राजनीति केवल सत्ता प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज और देश को सही दिशा देने की जिम्मेदारी भी है लेकिन आज के समय में यह सवाल लगातार उठ रहा है कि क्या राजनीति अब जनता के असली मुद्दों से ध्यान भटका रही है?

देश में बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, किसानों की समस्याएं, पेपर लीक और युवाओं का मानसिक तनाव जैसे कई गंभीर मुद्दे मौजूद हैं, फिर भी इन पर उतनी गहराई और निरंतरता से चर्चा नहीं होती जितनी होनी चाहिए। आज करोड़ों युवा नौकरी की तलाश में संघर्ष कर रहे हैं। गरीब और मध्यम वर्ग महंगाई के दबाव में जीवन बिताने को मजबूर है। किसान बढ़ती लागत और घटती आय से परेशान हैं। शिक्षा व्यवस्था में पेपर लीक जैसी घटनाएं युवाओं का भविष्य और भरोसा दोनों तोड़ रही हैं। इसके बावजूद राजनीतिक बहस का बड़ा हिस्सा भावनात्मक और विवादित मुद्दों के इर्द-गिर्द घूमता दिखाई देता है। टीवी डिबेट्स में शोर अधिक होता है, लेकिन समाधान कम दिखाई देते हैं। सोशल मीडिया पर ट्रेंड और प्रचार का दौर चलता रहता है, जिससे वास्तविक समस्याएं धीरे-धीरे पीछे छूट जाती हैं।

आज राजनीति में छवि प्रबंधन और प्रचार का महत्व काफी बढ़ गया है। बड़े भाषण, डिजिटल कैंपेन और लगातार बयानबाजी के बीच आम आदमी की वास्तविक समस्याएं दब जाती हैं। बेरोजगार युवा नौकरी चाहता है, लेकिन राष्ट्रीय बहस किसी और दिशा में चल रही होती है। किसान अपनी फसल की चिंता में होता है, लेकिन चर्चा किसी दूसरे मुद्दे पर केंद्रित हो जाती है। इससे जनता का ध्यान मूल समस्याओं से हटने लगता है।

सबसे अधिक प्रभाव युवाओं पर पड़ रहा है। आज का युवा रोजगार, निष्पक्ष




परीक्षा और सुरक्षित भविष्य चाहता है, लेकिन जब पेपर लीक जैसी घटनाएं सामने आती हैं और उन पर गंभीर कार्रवाई या लंबी बहस नहीं होती, तो युवाओं का व्यवस्था से विश्वास कमजोर होने लगता है। मेहनत करने वाला छात्र खुद को असुरक्षित महसूस करता है। यह स्थिति केवल शिक्षा व्यवस्था की नहीं, बल्कि पूरे लोकतंत्र की चिंता का विषय है।

मीडिया की भूमिका भी यहां महत्वपूर्ण हो जाती है। लोकतंत्र में मीडिया को चौथा स्तंभ कहा जाता है, क्योंकि उसका काम जनता के मुद्दों को सामने लाना होता है। लेकिन कई बार मीडिया पर यह आरोप लगते हैं कि वह असली मुद्दों की बजाय राजनीतिक टकराव और सनसनीखेज बहसों को ज्यादा महत्व देता है।

यदि बेरोजगारी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे विषय लगातार चर्चा में नहीं रहेंगे, तो सरकारों पर जवाबदेही का दबाव भी कमजोर पड़ जाएगा। यह सच है कि राजनीति में विचारधारा और भावनाएं हमेशा महत्वपूर्ण रहेंगी लेकिन जब प्रचार और ध्रुवीकरण असली समस्याओं पर हावी होने लगें, तब लोकतंत्र की गंभीरता कमजोर होने लगती है। जनता को केवल नारों और बहसों की नहीं, बल्कि रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक सुरक्षा की आवश्यकता होती है।

आज जरूरत इस बात की है कि सरकार और विपक्ष दोनों जनता के असली मुद्दों को प्राथमिकता दें। साथ ही नागरिकों को भी जागरूक होकर सवाल पूछने होंगे। लोकतंत्र तभी मजबूत रहेगा, जब राजनीति का केंद्र प्रचार नहीं, बल्कि जनता की समस्याएं और उनके समाधान होंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

### रेचल स्टलमैन का खूबसूरत अंदाज

**सेंट लुइस।** सेंट लुइस की पूर्व टेनिस खिलाड़ी रेचल स्टलमैन अपने खेल से ज्यादा अपनी अदाओं को लेकर चर्चा में रही हैं। उन्हें दुनिया की सबसे खूबसूरत महिला टेनिस खिलाड़ी माना जाता है। इंस्टाग्राम पर फैंस उनकी अदाओं के दीवाने हैं। रेचल को 3 लाख से ज्यादा लोग फॉलो कर रह हैं। वह हमेशा अपनी पोस्ट शेयर करती रहती हैं।



## रॉयल्स की नजर प्लेऑफ में जगह बनाने पर, जीत के साथ विदा लेने की कोशिश करेगा मुंबई

# राजस्थान के लिए करो या मरो, मुंबई सम्मान बचाने उतरेगी

**एजेंसी, मुंबई**

राजस्थान रॉयल्स की टीम मुंबई इंडियंस के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले लीग चरण के अपने अंतिम मैच में जीत हासिल करके इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेगी। मुंबई इंडियंस पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुका है और वह जीत के साथ विदाई लेने के लिए प्रतिबद्ध होगा लेकिन राजस्थान रॉयल्स के लिए यह मुकाबला बेहद महत्वपूर्ण है जिसमें जीत पर वह प्लेऑफ में पहुंचने वाली अंतिम टीम बन जाएगी।

इस मैच में संभावित रूप से गर्म और उमस भरे रविवार की दोपहर में दोनों टीमों की सहनशक्ति और फिटनेस की परीक्षा होगी। रॉयल्स फिलहाल 14 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। उसे मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत हासिल करनी होगी, जिससे उसके 16 अंक हो जाएंगे। इससे वह प्लेऑफ के अंतिम स्थान के दो अन्य दावेदार पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स दोनों पर कम से कम एक अंक की बढ़त हासिल कर लेगा। लेकिन अगर रॉयल्स की टीम रविवार को हार जाती है, तो उसे प्ले-ऑफ में पहुंचने के लिए यह उम्मीद करनी होगी कि पंजाब और नाइट राइडर्स दोनों को भी अपने अंतिम मैचों में हार का सामना करना पड़े।



रॉयल्स ने अपने पिछले पांच मुकाबलों में जीत से ज्यादा हार का सामना किया है, लेकिन वे मुंबई के खिलाफ जीत के लिए जीजान लगा देंगे। उसके खिलाड़ी यहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह अवगत हैं। मुंबई इंडियंस के लिए वैभव सूर्यवंशी की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से कहीं ज्यादा बड़ा खतरा यशस्वी जायसवाल हैं। स्थानीय खिलाड़ी जायसवाल ने गुवाहाटी में जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाले गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ जमकर बल्लेबाजी करते हुए 32 गेंदों में 77 रन बनाए थे। जायसवाल उस मैदान पर वापसी कर रहे हैं जहां उन्होंने तीन साल पहले आईपीएल में अपना पहला शतक लगाया था। उन्होंने इसके बाद अगले साल उसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अपना दूसरा शतक बनाया था, लेकिन राजस्थान रॉयल्स को अभी भी अपने कप्तान रियान पराग और ध्रुव जुरेल से अधिक निरंतरता की जरूरत होगी। यह दोनों बल्लेबाजी क्रम में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं लेकिन बीच के ओवरों में जरूरी गति प्रदान नहीं कर पाए हैं। मौजूदा फॉर्म को देखते हुए रॉयल्स को एक अधिक खतरनाक टीम का सामना करना पड़ेगा। मुंबई के कुछ खिलाड़ी अच्छी फॉर्म में लौट आए हैं। इन दोनों टीम ने हालांकि पिछले पांच मैचों में तीन हार और दो जीत हासिल की हैं। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 3.30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**मुंबई इंडियंसः** हार्दिक पांड्या (कप्तान), दानिश मालेवार, रॉबिन मिंज (विकेटकीपर), रयान रिकेलटन (विकेटकीपर), रोहित शर्मा, नमन धीर, शेरफेन रदरफोर्ड, सूर्यकुमार यादव, कॉर्बिन बॉश, विल जैक्स, मयंक रावत, शार्दुल ठाकुर, तिलक वर्मा, अश्विनी कुमार, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, एएम गजनफर, कृष भगत, केशव महाराज, मयंक मारकंडे, मोहम्मद इजहार, रघु शर्मा।

**राजस्थान रॉयल्सः** रियान पराग (कप्तान), अमन राव, शुभम दुबे, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जयसवाल, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), लुआन-ड्रे प्रिटोरियस (विकेटकीपर), रवि सिंह, वैभव सूर्यवंशी, डोनोवन फरेरा, रवींद्र जड़ेजा, दासुन शनाका, जोफ्रा आर्चर, ब्रिजेश शर्मा, नांद्रे बर्गर, तुषार देशपांडे, केवेना मफाका, एडम मिल्ने, सुशांत मिश्रा, विग्नेश पुथुर, रवि बिश्नोई, संदीप शर्मा, कुलदीप सेन, यशराज पुंजा, युद्धवीर सिंह।

# विटोरी बोले-आईपीएल प्लेऑफ से पहले मध्यक्रम पर रखेंगे नजर

**एजेंसी, हैदराबाद**

सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने इस सत्र में टीम के शानदार प्रदर्शन का श्रेय शीर्ष क्रम के विस्फोटक बल्लेबाजों और अनुशासित गेंदबाजी आक्रमण को देते हुए कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ से पहले वह अपने मध्यक्रम पर नजर बनाए रखेंगे जिसको अभी तक खास परखा नहीं गया है।



सनराइजर्स ने शुक्रवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ 55 रन से जीत दर्ज की, लेकिन वह नेट रन रेट के कारण शीर्ष दो में जगह नहीं बना पाया और उसने अंक तालिका में तीसरा स्थान हासिल किया। विटोरी ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''हमने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। आपको सब कुछ हासिल नहीं हो सकता। यह शानदार मैच था और हमारे खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। सत्र अभी खत्म नहीं हुआ है और हम तालिका में रन रेट के कारण थोड़ा पीछे रह गए, लेकिन नौ जीत दर्ज करना शानदार रहा।''

विटोरी ने कहा, ''हमारे मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने शायद पूरे सत्र में ज्यादा बल्लेबाजी नहीं की है, इसलिए इन बड़े मैचों की तैयारी के दौरान हम इस पर नजर रखेंगे, लेकिन टीम का प्रदर्शन शानदार रहा है।''

उन्होंने कहा, ''शीर्ष चार बल्लेबाजों का प्रदर्शन शानदार रहा है। हमारे गेंदबाजों ने टूर्नामेंट के दूसरे चरण में अच्छा प्रदर्शन किया। मुझे लगता है कि ईशान (मलिंगा), पैट (कमिंस) और साकिब (हुसैन) की तिकड़ी ने असली अंतर पैदा किया है।'' विटोरी ने कहा, '' हमारी रणनीति हमेशा पांचवें और छठे गेंदबाज के विकल्प पर निर्भर करता है। यह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। पिच की प्रकृति को देखते हुए हमने आज रात हर्षल पटेल को मौका दिया, लेकिन हम जानते हैं कि हमारे पास (प्रफुल्ल) हिंगे और हर्ष दुबे भी हैं।'' विटोरी ने पिछले मैचों में टीम के शानदार प्रदर्शन के लिए गेंदबाजी आक्रमण की प्रशंसा करते हुए कहा कि इसने बल्लेबाजी इकाई का बखूबी साथ दिया। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### विजय शंकर ने घरेलू क्रिकेट और आईपीएल से लिया संन्यास

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय हरफनमौला विजय शंकर ने शुक्रवार को घरेलू क्रिकेट और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से संन्यास की घोषणा कर दी। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि वह नए अवसरों की तलाश के साथ क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे। तमिलनाडु के 35 वर्षीय शंकर ने 2018 से 2019 के बीच भारत के लिए 12 वनडे और नौ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। वह 2019 वनडे विश्व कप टीम का हिस्सा भी रहे थे। शंकर ने सोशल मीडिया पर लिखा कि देश का प्रतिनिधित्व करना उनके करियर का सबसे गर्व का पल रहा। उन्होंने कहा कि नागपुर में भारत के 500वें वनडे में आखिरी ओवर डालना और 2019 विश्व कप में पहली गेंद पर विकेट लेना उनके लिए हमेशा यादगार रहेगा। उन्होंने घरेलू क्रिकेट और आईपीएल से अलग होने का निर्णय लिया है, जबकि वह 2025-26 सत्र में त्रिपुरा के लिए खेल चुके हैं। उनका अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच 2019 विश्व कप में वेस्टइंडीज के खिलाफ था, जिसके बाद चोट के कारण वह टीम से बाहर हो गए थे। आईपीएल में उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद, दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटन्स जैसी टीमों का प्रतिनिधित्व किया। अपने करियर में शंकर ने 77 प्रथम श्रेणी मैचों में 4,253 रन, 112 लिस्ट ए मैचों में 2,790 रन और 159 टी20 मैचों में 2,583 रन बनाए। (अनंत ज्ञान)

### सप्तक तलवार डेनमार्क में शीर्ष 20 खिलाड़ियों में बरकरार

**एजेंसी, ओडेंसे (डेनमार्क)।** भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार ने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए होटल प्लानर टूर के डेनिश चैलेंज ओपन में 67-70 का स्कोर बनाकर आसानी से कट हासिल कर लिया। घरेलू डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई टूर पर एक प्रतियोगिता जीतने वाले तलवार ने पहले दौर में एक बोगी के मुकाबले छह बर्डी लगाई थीं। उन्होंने दूसरे दौर में फ्रंट नाइन पर एक बोगी के मुकाबले छह बर्डी लगाकर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। तलवार तब शीर्ष पांच में जगह बनाने के करीब थे। लेकिन 16वें होल पर डबल बोगी और 17वें होल पर बोगी के कारण वह संयुक्त 16वें स्थान पर खिसक गए। इस बीच मार्टिन सिमोनसेन, लार्स वैन डेर विघ्ट और एल्गोट क्लीन ने 11 अंडर पार के कुल स्कोर के साथ संयुक्त बढ़त हासिल कर ली है। (अनंत ज्ञान)

### गोल्फर प्रणवी दूसरे दौर के बाद शीर्ष 10 में शामिल रबात

**एजेंसी, (मोरक्को)।** लेडीज यूरोपियन टूर में अपना पहला खिताब जीतने की कवायद में लगी भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स ने लल्ला मेरियम कप में दूसरे दौर में दो अंडर का स्कोर बनाकर शीर्ष 10 में अपनी जगह बरकरार रखी। पहले दौर के बाद दूसरे स्थान पर रहीं प्रणवी अब 36 होल के बाद पांच अंडर (70-71) के कुल स्कोर के साथ आठवें स्थान पर हैं। वह शीर्ष पर चल रही केल्सी बेनेट से आठ शॉट पीछे हैं। बेनेट ने अपना स्कोर 13 अंडर (68-65) कर लिया है। इस प्रतियोगिता में कट हासिल करने वाली अन्य भारतीय खिलाड़ी दीक्षा डागर ने दूसरे दौर में तीन अंडर 70 का स्कोर बनाया और वह संयुक्त 28वें स्थान पर हैं। उनका कुल स्कोर एक अंडर पार (75-70) है। भारत की दो अन्य खिलाड़ी हिताशी बख्शी (78-72) और अवनी प्रशांत (75-75) कट में जगह नहीं बना पाई। इन दोनों ने 73वें स्थान पर रहकर अपनी अभियान का समापन किया। (अनंत ज्ञान)

### कोहली को ऑस्ट्रेलिया जैसी आक्रामक शैली में खेलना पसंद है : इरफान पठान

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच आईपीएल मुकाबले के दौरान विराट कोहली और ट्रैविस हेड के बीच हुई तीखी बहस को ज्यादा तवज्जो नहीं दी। उन्होंने कहा कि शीर्ष स्तर की प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में इस तरह की नोकझोंक स्वाभाविक है। मैच के दौरान कोहली और हेड के बीच मैदान पर गरमागरम बहस देखने को मिली थी। कोहली ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज पर इशारों में कटाक्ष किया था, जिसके जवाब में हेड ने भी पलटवार किया। बाद में सनराइजर्स की 55 रन की जीत के बाद भी दोनों खिलाड़ियों के बीच तनाव का माहौल बना रहा, और मैच के बाद हाथ मिलाने के दौरान भी कोहली ने हेड से दूरी बनाए रखी। इरफान पठान ने कहा कि विराट कोहली हमेशा ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों जैसी आक्रामक शैली के लिए जाने जाते हैं और मैदान पर पूरी ऊर्जा के साथ खेलते हैं। उन्होंने कहा कि जब मुकाबला बेहद अहम हो और दोनों टीमें दबाव में हों, तो ऐसी घटनाएं खेल का हिस्सा होती हैं। (अनंत ज्ञान)



# आखिरी लीग मैच में केकेआर और दिल्ली में साख की लड़ाई

**एजेंसी, कोलकाता**

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और दिल्ली कैपिटल्स रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र के अंतिम लीग मैच में आमने-सामने होंगे, जहां दोनों टीमों की नजरें प्लेऑफ की अपनी धुंधली उम्मीदों को जिंदा रखने पर टिकी होंगी।



**मैच : शाम 7.30 बजे से**

छठे स्थान पर काबिज केकेआर और आठवें स्थान पर चल रही दिल्ली की टीम अभी भी प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई है, लेकिन यह मुकाबला उनके लिए 'करो या मरो' जैसा साबित हो सकता है। हालांकि, यह भी संभव है कि अन्य परिणामों के चलते यह मैच शुरू होने से पहले ही महज औपचारिकता बन जाए। पंजाब किंग्स की शनिवार को होने वाली जीत या हार से भी समीकरण बदल सकते हैं, जिससे दिल्ली की उम्मीदों पर सीधा असर पड़ेगा, जबकि राजस्थान रॉयल्स भी जीत के साथ प्लेऑफ में जगह पक्की कर सकती है।

केकेआर ने इस सत्र में शुरुआती संघर्ष के बाद शानदार वापसी की है और पिछले सात में से छह मैच जीतकर अपनी उम्मीदें बरकरार रखी हैं। हालांकि, टीम को इस अहम मुकाबले में अपने शीर्ष रन-स्कोरर अंगकृष रघुवंशी की कमी खलेगी।

वहीं, दिल्ली कैपिटल्स ने कई अहम मौकों पर प्रदर्शन गंवाया है। केएल राहुल टीम के प्रमुख बल्लेबाज रहे हैं, जबकि मध्यक्रम और गेंदबाजी इकाई अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है। दोनों टीमें इस मुकाबले में किसी भी समीकरण की बजाय अपने प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करेंगी, क्योंकि एक छोटी सी चूक भी उनके अभियान का अंत कर सकती है। (अनंत ज्ञान)

# देश में कई क्रिकेट सेंटर, फिर भी धर्मशाला कर रहा आकर्षित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पूरे भारत में कई क्रिकेट सेंटर होने के बावजूद धर्मशाला स्टेडियम सभी को आकर्षित कर रहा है। बीसीसीआई और आईपीएल प्रबंधन भी एचपीसीए स्टेडियम में मैच को प्राथमिकता दे रहा है। एचपीसीए डायरेक्टर संजय शर्मा ने बताया कि धर्मशाला में भारत-अफगानिस्तान के मध्य खेले जाने वाले मैच की तिथि में बीसीसीआई ने बदलाव किया है। पहले यह मुकाबला 14 जून को खेला जाना था, जबकि अब इसका आयोजन 13 जून को होगा। एचपीसीए के डायरेक्टर संजय शर्मा ने बताया कि टी-20 वुमन वर्ल्ड कप के मुकाबले आयोजित किए जा रहे हैं तथा मुझे लगता है कि 14 जून को हाईवोल्टेज मैच टी-20 वुमन वर्ल्ड का भारत और पाकिस्तान के बीच खेला जाना है, यह भी एक कारण हो सकता है।

संजय शर्मा ने कहा कि अनुराग ठाकुर के प्रयासों से स्टेडियम का निर्माण हुआ था। यही नहीं 26 मई को आईपीएल का फर्स्ट क्वालीफायर धर्मशाला में खेला जाना है, उसकी भी तैयारी कर ली गई है। आईपीएल चेयरमैन के अरुण धूमल के प्रयासों से एचपीसीए को यह मैच मिले हैं।

# सुपर शतरंज क्लासिक : प्रज्ञाननंदा ने वाचियर-लाग्रेव के साथ खेला ड्रॉ

**एजेंसी, बुखारेस्ट (रोमानिया)**

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने सुपर शतरंज क्लासिक के आठवें दौर में जीत हासिल करने के कुछ अच्छे मौके गंवा दिए और आखिर में उन्हें फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव के साथ ड्रॉ से संतोष करना पड़ा। दिन के अन्य मुकाबलों में अमेरिका के फैबियानो कारुआना और जर्मनी के विंसेंट कीमर के बीच बाजी ड्रॉ रही, जबकि विश्व चैंपियनशिप के दावेदार उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव ने नीदरलैंड के जॉर्डन वैन फोरेस्ट पर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। नीदरलैंड के एक अन्य खिलाड़ी अनीश गिरी को रोमानिया के डिएक बोगदान-डेनियल से हार का सामना करना पड़ा। फ्रांस के अलीरेज़ा फ़िरोजा के नाम वापस लेने के बाद अमेरिका के वेस्ली सो को वॉकओवर मिला।



अब जबकि आखिरी दौर का खेल बाकी है तब खिताब के लिए पांच खिलाड़ी दावेदारी पेश कर रहे हैं। अभी कीमर और कारुआना दोनों पांच-पांच अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। सिंदारोव, वेस्ली और फोरस्ट 4.5 अंकों के साथ संयुक्त तीसरे जबकि प्रज्ञाननंदा, गिरी और वाचियर-लाग्रेव चार-चार अंक लेकर संयुक्त छठे स्थान पर हैं। डिएक बोगदान-डेनियल ने अपना अभियान 3.5 अंकों के साथ समाप्त किया। अंतिम दौर में उन्हें वॉकओवर मिलेगा जिससे उनका स्कोर 4.5 हो जाएगा। सिंदारोव पर दूसरे दौर में जीत के बाद प्रज्ञाननंदा की दूसरी जीत की तलाश वाचियर-लाग्रेव के खिलाफ लगभग पूरी हो गई थी। भारतीय खिलाड़ी सफेद मोहरों से खेलते जीत की अच्छी स्थिति में पहुंच गया था। उनके पास कुछ अच्छे मौके थे, लेकिन वह उन्हें नहीं भुना पाए और आखिर में टूर्नामेंट का यह सबसे लंबा मुकाबला 139 चाल में समाप्त हुआ। प्रज्ञाननंदा अपनी अंतिम बाजी में अनीस गिरी का सामना करेंगे। (अनंत ज्ञान)

# ट्रंप की ईरान पर फिर हमले की तैयारी अधिकारियों की छुट्टियां कैंसिल

**एजेंसी, वॉशिंगटन**



ट्रंप प्रशासन एक बार फिर ईरान के खिलाफ मिलिट्री स्ट्राइक शुरू करने की तैयारी कर रहा है। यह योजना ऐसे समय में बन रही है, जब मध्यस्थों के जरिए दोनों पक्षों के बीच तनाव खत्म करने पर बातचीत चल रही है। हालांकि, अमेरिकी समयानुसार शुक्रवार शाम तक हमले को लेकर कोई आखिरी फैसला नहीं लिया गया था। इस बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वीकेंड पर न्यू जर्सी के गोल्फ प्रॉपर्टी पर रुकने का प्लान कैंसिल कर दिया है। सीबीएस न्यूज ने बताया कि वे वॉइट हाउस लौट रहे हैं।

सीबीएस न्यूज ने सूत्रों के हवाले से बताया कि अमेरिकी सेना और खुफिया विभाग के कुछ सदस्यों ने संभावित हमलों को देखते हुए मेमोरियल डे के वीकेंड के लिए अपने प्लान कैंसल कर दिए हैं। रक्षा और खुफिया अधिकारियों ने विदेशों में स्थित अमेरिकी ठिकानों के लिए रिकॉल रोस्टर अपडेट करना शुरू कर दिया है, क्योंकि मध्य पूर्व में तैनात सैनिकों के जत्थे क्षेत्र से बाहर निकल रहे हैं। यह ईरान की संभावित जवाबी कार्रवाई से पहले क्षेत्र में अमेरिकी सैनिकों की मौजूदगी कम करने के प्रयासों का हिस्सा है।

वॉइट हाउस की प्रवक्ता अन्ना केली ने सीबीएस न्यूज को बताया कि 'ट्रंप ने अपनी रेडलाइन पूरी तरह से साफ कर दी है- ईरान कभी भी परमाणु हथियार नहीं रख सकता और वे संवर्धित यूरेनियम को अपने पास नहीं रख सकते।' राष्ट्रपति ट्रंप ने बार-बार कहा है कि अमेरिका ईरान के संवर्धित यूरेनियम को हासिल करेगा। (अनंत ज्ञान)

# कॉकरोच जनता पार्टी का दावा- इंस्टाग्राम हैक, वेबसाइट डाउन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का इंस्टाग्राम अकाउंट शनिवार को हैक होने का दावा किया गया। पार्टी ने सुबह 8.25 बजे एक्स पोस्ट में बताया कि सीजेपी का इंस्टाग्राम अकाउंट एक्सेस नहीं कर पा रहे हैं। इसके बाद पार्टी ने दोपहर 1.14 बजे एक्स पर लिखा- सरकार ने हमारी वेबसाइट डाउन कर दी है।

**◆पार्टी के इंस्टाग्राम पर 2.2 करोड़, एक्स पर 2 लाख+ फॉलोअर्स**




वेबसाइट पर 10 लाख रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान की रिजाइन की डिमांड वाली पिटीशन पर 6 लाख साइन हो चुके हैं।

पार्टी ने लिखा, 'सरकार कॉकरोच से इतनी डरी हुई क्यों है? लेकिन यह तानाशाही रवैया भारत के युवाओं की आंखें खोल रहा है। हमारा एकमात्र गुनाह यह है कि हम अपने लिए एक बेहतर भविष्य की मांग कर रहे थे, लेकिन आप इतनी आसानी से हमसे पीछा नहीं छुड़ा सकते। हम अभी एक नए घर पर काम कर रहे हैं। कॉकरोच कभी नहीं मरते। इधर, पार्टी के इंस्टाग्राम पर दोपहर 2 बजे तक 2 करोड़ 20 लाख फॉलोअर्स हो चुके हैं। एक्स पर भी फॉलोअर्स की संख्या 2 लाख पार हो चुकी है। सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने शुक्रवार को दावा किया था कि उन्हें वॉट्सएप पर जान से मारने की धमकियां मिली हैं। (अनंत ज्ञान)

# बांग्लादेश के दो पोर्ट का इस्तेमाल करेगा अमेरिका

**एजेंसी, ढाका**

बांग्लादेश ने अमेरिका को दो महत्वपूर्ण बंदरगाहों के इस्तेमाल की इजाजत देने का फैसला किया है। इसके साथ ही दोनों देशों के बीच सैन्य जानकारी शेयर करने को लेकर भी समझौता हुआ है।

रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका और बांग्लादेश के बीच कुल तीन बड़े समझौते हुए हैं। इन समझौतों के बाद बंगाल के खाड़ी रीजन में अमेरिका की मौजूदगी और प्रभाव काफी बढ़ सकता है। अमेरिका को बांग्लादेश के चिटगांव और मतारबाड़ी बंदरगाहों तक पहुंच मिलेगी। इन बंदरगाहों का इस्तेमाल अमेरिकी नौसेना और सैन्य जहाज कर सकेंगे। इससे अमेरिका को हिंद महासागर और बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में अपनी सैन्य और रणनीतिक ताकत बढ़ाने में मदद मिलेगी। चिटगांव बंदरगाह भारत के अंडमान-निकोबार क्षेत्र से सिर्फ 1100 किमी दूर है। अमेरिका की खास नजर मलक्का स्ट्रेट पर है। यह दुनिया के सबसे जरूरी ट्रेड रूट्स में से एक माना जाता है। दुनिया का लगभग 60 प्रतिशत समुद्री व्यापार इसी रास्ते से होता है। तेल, गैस और अन्य जरूरी सामानों की सप्लाई के लिए भी यह मार्ग बेहद अहम है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इस इलाके में अपनी मौजूदगी बढ़ाकर अमेरिका चीन की एक्टिविटी पर भी नजर रखना चाहता है। (अनंत ज्ञान)

# कर्नाटक : सड़क हादसे में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत

**एजेंसी, कलबुर्गी**



कर्नाटक के कलबुर्गी जिले के चित्तापुर तालुक के लाडलापूर गांव के समीप शुक्रवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। यह हादसा क्रूजर वाहन और एक तेज रफ्तार ट्रक के बीच आमने-सामने की टक्कर से हुआ।

मृतक चित्तापुर तालुक के निवासी बताए गए हैं और सभी एक ही परिवार से संबंधित थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, इंगलगी गांव के एक बीमार व्यक्ति को इलाज के लिए यादगीर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में भर्ती कराने के बाद परिवार के सदस्य क्रूजर वाहन से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान देर रात लाडलापूर गांव के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने क्रूजर वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि क्रूजर वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार पांचों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की आवाज सुनकर स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया है। इस संबंध में वाडी पुलिस थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है। (अनंत ज्ञान)

## मार्को रूबियो ने पीएम मोदी से की मुलाकात

# 'वैश्विक हित में भारत-अमेरिका मिलकर करेंगे काम : प्रधानमंत्री

**एजेंसी, नई दिल्ली**



अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने शनिवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत की है। पीएम मोदी ने कहा, 'भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका वैश्विक भलाई के लिए मिलकर काम करते रहेंगे।'

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मार्को रूबियो के साथ फोटो शेयर की हैं। पीएम मोदी ने फोटो पोस्ट करते हुए लिखा, 'यूएस सेक्रेटरी ऑफ स्टेट मार्को रूबियो का स्वागत करके मुझे खुशी हुई।

पीएम मोदी ने मार्को रूबियो से हुई मुलाकात के बारे में बताते हुए एक्स पर लिखा कि हमने भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी में लगातार हो रही प्रगति और क्षेत्रीय तथा वैश्विक शांति और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे लिखा, 'भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका वैश्विक भलाई के लिए मिलकर काम करते रहेंगे।' पीएम मोदी और विदेश मंत्री रूबियो के बीच हुई इस बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर और अमेरिकी उप विदेश मंत्री एलिसन हुकर मौजूद थे।

अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने इस बैठक को सार्थक बताते हुए एक्स पर लिखा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक में मार्को रूबियो के साथ शामिल होना बहुत अच्छा लगा। हमने सुरक्षा, व्यापार और अहम टेक्नोलॉजी के क्षेत्रों में अमेरिका-भारत सहयोग को और गहरा करने के तरीकों पर सार्थक चर्चा की।' (अनंत ज्ञान)

**व अदालत कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील हरोली जिला ऊना (हि. प्र.)**

श्री हरमेश चन्द पुत्र मिलखी राम वासी भदौडी हसील हरोली जिला ऊना (हि.प्र.) ...........वादी

**बनाम आम जनता**

.......प्रतिवादीगण

दरखास्त बमुराद दुरुस्ती नाम राजस्व अभिलेख महाल भदौडी जमावन्दी 2019 -20 तहसील हरोली

**इश्तहार वावत दुरुस्ती नाम** - प्रार्थी श्री हरमेश चन्द पुत्र मिलखी राम वासी भदौडी हसील हरोली जिला ऊना (हि.प्र.) जिला ऊना (हि. प्र.) ने इस न्यायालय में आवेदन पत्र दुरस्ती नाम प्रस्तुत किया है कि राजस्व रिकॉर्ड महाल भदौडी जमावन्दी 2019-20 में प्रार्थी का नाम मेशी पुत्र मिलखी राम गलत दर्ज है। अतः प्रार्थी का सही नाम हरमेश चन्द पुत्र मिलखी राम है। अतः प्रार्थी का नाम हरमेश चन्द पुत्र मिलखी राम सही दर्ज किया जावे। अतः आम जनता को इस इश्तहार/मुशत्री मुनादी के माध्यम से सूचित किया जाता है कि इस बारे किसी व्यक्ति को कोई उजर/एतराज हो तो वह दिनांक 23 -06-2026 को प्रातः 11:00 बजे से पहले अपना उजर लिखित या मौखिक तौर पर इस न्यायालय में असालतन या वकालतन निर्धारित तारीख पर पेश कर सकता है। यदि उपरोक्त वर्णित तारीख तक किसी भी व्यक्ति को कोई उजर/एतराज इस न्यायालय में प्राप्त न हुआ तो आम जनता के विरुद्ध एक-तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाकर नाम दुरस्ती वारे आदेश पारित कर दिये जायेंगे। निर्धारित तारीख पेशी के उपरान्त कोई भी उजर काबले समायत ना होगा व न्यायालय द्वारा उक्त केस के सम्बन्ध में फैसला सुना जाएगा।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील हरोली जिला ऊना हि. प्र.**

**व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी-शाहपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. ।**

मुकदमा इन्द्राज जन्म तिथी ।

पेशी- 05.06.2026

सुदेश कुमारी पुत्री स्व. श्री धर्म सिंह गांव व डाकघर रेहलु तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. अब स्थाई पता पत्नी श्री विजय सिंह गांव व डाकघर रजोल तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. । **बनाम-** 1. आम जनता 2. सचिव ग्राम पंचायत रेहलु। 3. सी0एम0ओ0 कांगड़ा स्थित धर्मशाला। **विषय-** बाबत इन्द्राज जन्म एवं मृत्यु तिथी अधीन जेर धारा 13 (3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 के तहत जन्म प्रमाण पत्र लेने वारे। उपरोक्त मुकदमा वारे प्रार्थीया ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र गुजारा है कि जिसमें लिखा है कि उसका जन्म दिनांक 01.01.1979 गांव व डाकघर रेहलु में हुआ है परन्तु अज्ञानतावश इसका इन्द्राज ग्राम पंचायत रेहलु तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश के रिकार्ड में दर्ज नहीं हुआ है। प्राथीया उक्त जन्म तिथी को दर्ज करवाना चाहती है। इस संदर्भ में Addl. District Registrar-cum Chief medical officer के Recommandation letter No. HFW/KGR/ST (Delayed) (B&D)/2026/85 date 04.05.2026 द्वारा भी इस वारे इस कार्यालय को जन्म प्रमाण पत्र जारी करने वारे प्रेषण किया गया है। अतः उक्त प्रार्थना पत्र के संदर्भ में यदि आम जन्ता या अन्य किसी को उक्त जन्म तिथी को ग्राम पंचायत रेहलु विकास खण्ड रैत के रिकार्ड के जन्म रजिस्टर में दर्ज करवाने बारे कोई एतराज हो तो वह दिनांक 02.06.2026 को दोपहर बाद 2 बजे हाजिर आ सकता है। हाजिर न आने की स्थिति में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाकर आगामी आदेश पारित कर दिए जाएंगे और बाद में कोई भी उजर या एतराज जेरे समायत न होगा। आज दिनांक 18.05.26 को मेरी मोहर व हस्ताक्षर सहित जारी हुआ।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी शाहपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.**

# आनी में डेढ़ माह बाद भी शुरू नहीं हुई डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने की व्यवस्था

## चुनावी व्यस्तता के बीच ठप पड़ी सफाई व्यवस्था, 1 अप्रैल से घर-घर से उठाया जाना था कचरा

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** उपमंडल मुख्यालय आनी में प्रशासनिक ऐलान के डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने की प्रस्तावित व्यवस्था शुरू नहीं हो पाई है। प्रशासन की ओर से 1 अप्रैल से घर-घर से कूड़ा एकत्र करने, गीला और सूखा कचरा अलग करने तथा नियमित सफाई व्यवस्था लागू करने के बड़े दावे किए गए थे, लेकिन यह योजना अब तक केवल कागजों तक ही सीमित दिखाई दे रही है।

अनंत ज्ञान मुद्दा

प्रशासन ने इसके लिए विशेष 'आनी शोभला क्लस्टर कमेटी' गठित करने, घरों, दुकानों और होटलों से 100-200 रुपए मासिक शुल्क वसूलने व सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति करने की बात कही थी। मगर हकीकत यह है कि आनी कस्बे और आसपास के क्षेत्रों में आज भी जगह-जगह कूड़े के ढेर दिखाई दे रहे हैं। लोगों का कहना है कि पंचायत चुनावों की प्रक्रिया शुरू होने के बाद पूरी व्यवस्था ठंडे बस्ते में चली गई और सफाई अभियान पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। स्थिति यह है कि कस्बे की गंदगी अब खड्डों और नालों के किनारे जमा हो रही है। लोगों का कहना है कि इससे वातावरण दूषित हो रहा है और स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर पड़ सकता है।



नाले में लगे कूड़े कचरे के ढ़ेर। अनंत ज्ञान

### क्या कहते हैं अधिकारी ?

**पंचायत** इंस्पेक्टर जोगेंद्र शर्मा का कहना है कि फिलहाल प्रशासनिक मशीनरी पंचायत चुनावों को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने में व्यस्त है, इसलिए सफाई व्यवस्था को पूरी तरह लागू नहीं किया जा सका। चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने के बाद गंदगी के निस्तारण और सफाई व्यवस्था को व्यवस्थित करने का काम शुरू किया जाएगा। वहीं, एसडीएम आनी लक्ष्मण कनेट ने कहा कि पंचायत चुनावों के बाद क्षेत्र में एक बड़ा स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा और डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने की योजना को प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा।

### आनी-शोभला क्लस्टर कमेटी गठित

**उपायुक्त** के निर्देशों के तहत आनी- शोभला क्लस्टर कमेटी का गठन किया गया है, जिसका मुख्यालय ग्राम पंचायत आनी में रखा गया है। इस क्लस्टर में आनी, बखनाओ, नम्होग, कराणा-1 और कुंगश पंचायतों के बाजार क्षेत्र शामिल हैं। कमेटी को घरों और किरायेदारों का डाटा तैयार करने, कचरे को गीला और सूखा अलग-अलग रखने तथा नियमित कचरा संग्रहण सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है। पंचायतों में निर्वाचित प्रतिनिधि न होने के कारण खंड विकास अधिकारी को प्रशासक की शक्तियां प्रदान की गई हैं। नई पंचायतों के गठन तक यह विशेष कमेटी अभियान को सुचारु रूप से संचालित करेगी। कमेटी में बीडीओ अध्यक्ष, एसईबीपीओ और एलएसईओ उपाध्यक्ष, पंचायत निरीक्षक सदस्य सचिव तथा पंचायत सचिव और व्यापार मंडल प्रतिनिधि सदस्य होंगे।

## जिप प्रत्याशियों के लिए चुनाव व्यय जमा करना अनिवार्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) एवं उप-मंडल अधिकारी (नागरिक) कुनिका एकर्स ने जानकारी दी कि पंचायती राज संस्थाओं में जिला परिषद पद के प्रत्याशियों को हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज अधिनियम, 1994 तथा पंचायती राज चुनाव नियम, 1994 के तहत अपने चुनाव व्यय का पूरा लेखा-जोखा प्रस्तुत करना अनिवार्य है। यह व्यय परिणाम घोषित होने तक का होगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए आयोग ने एनआईसी के सहयोग से 'उम्मीदवार व्यय रिपोर्टिंग प्रणाली (सीईआरएस)' नामक मोबाइल ऐप विकसित किया है, जो आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। जिला स्तर पर सहायता के लिए अधिकारियों की नियुक्ति की गई है, जिनमें प्रमोद सिंह (मो. 97797-33594) और रोहित कुमार (मो. 86269-93890) शामिल हैं। राज्य स्तर पर भी हेल्पलाइन अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। प्रत्याशियों को परिणाम घोषित होने के 30 दिनों के भीतर निर्धारित प्रपत्र में व्यय विवरण संबंधित रिटर्निंग अधिकारी के पास जमा करना अनिवार्य होगा।

# कुल्लू में हनीट्रैप का बड़ा खुलासा: कारोबारी से 11 लाख की उगाही, 2 महिलाओं समेत 3 गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिले से हनीट्रैप और ब्लैकमेलिंग का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक स्थानीय कारोबारी को जाल में फंसाकर उससे कथित तौर पर करीब 11 लाख रुपए की मोटी रकम वसूल ली गई। इस मामले में मुस्तैदी दिखाते हुए पुलिस ने दो महिलाओं समेत तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।अदालत ने तीनों आरोपियों को चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार, इस पूरे खेल की शुरुआत बीती 17 अप्रैल को एक फोन कॉल से हुई थी। पीड़ित कारोबारी को सबसे पहले एक महिला का फोन आया। मीठी बातों में फंसाकर कारोबारी को भुंतर स्थित एक कमरे में बुलाया गया। जैसे ही कारोबारी वहां पहुँचा, पहले से तय साजिश के तहत कुछ अन्य लोग भी कमरे में दाखिल हो गए। उन्होंने कारोबारी के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने इस दौरान कारोबारी का एक आपत्तिजनक वीडियो रिकॉर्ड कर लिया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर भारी-भरकम रकम की मांग करने लगे।

### एटीएम कार्ड छीना, कुल 11 लाख की वसूली

**जांच** में यह बात सामने आई है कि बदनामी के डर से पीड़ित ने शुरू में आरोपियों को मोटी नकद राशि दे दी। लेकिन आरोपियों का लालच यहीं नहीं रुका।आरोपियों ने डरा-धमकाकर कारोबारी का एटीएम कार्ड भी अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद अलग-अलग चरणों में बैंक खाते से पैसे निकाले गए।पीड़ित के अनुसार, अब तक उससे करीब 11 लाख रुपए की उगाही की जा चुकी है। कारोबारी की शिकायत मिलते ही कुल्लू पुलिस हरकत में आई और मामला दर्ज कर जाल बिछाया।

### आरोपियों के पास से 2.5 लाख का कैश बरामद



**पुलिस** ने मुख्य आरोपी जगदीश चंद और दो महिलाओं को दबोच लिया है। आरोपियों के पास से 2.5 लाख रुपए कैश भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, चार दिन के रिमांड के दौरान आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ की जाएगी, जिससे इस पूरे नेक्सस (गिरोह) और इससे जुड़े अन्य चेहरों का पर्दाफाश किया जा सके। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि अनजान नंबरों से आने वाली संदिग्ध कॉल्स और ऐसे झांसों से सावधान रहें। किसी भी तरह की ब्लैकमेलिंग का शिकार होने पर तुरंत पुलिस से संपर्क करें।

# कुल्लू वॉलीबाल टीम के चयन के लिए ट्रायल आज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** शिमला अंतरराष्ट्रीय समर फेस्टिवल 2026 के तहत आयोजित होने वाली प्रथम एंटी-ड्रग इंटर-डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल चैंपियनशिप ब्वॉयज (अंडर-21) के लिए जिला कुल्लू टीम के चयन ट्रायल 24 मई को होंगे। जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी कविता ठाकुर ने बताया कि चैंपियनशिप का आयोजन जिला खेल परिषद एवं जिला प्रशासन शिमला द्वारा 8 से 12 जून 2026 तक किया जाएगा। चयन ट्रायल सुबह 10 बजे खेलो इंडिया केंद्र, खेल परिसर ढालपुर कुल्लू में आयोजित होंगे। प्रतियोगिता में विजेता टीमों और खिलाड़ियों के लिए आकर्षक नकद पुरस्कार रखे गए हैं। प्रथम स्थान प्राप्त टीम को एक लाख रुपये, ट्रॉफी और मेडल दिए जाएंगे, जबकि द्वितीय पुरस्कार 50 हजार और तृतीय पुरस्कार 25 हजार रुपए होगा। इसके अलावा शीर्ष पांच क्वालीफाई टीमों को 20-20 हजार रुपए प्रति टीम दिए जाएंगे। प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को 5 हजार रुपए का नकद पुरस्कार मिलेगा। सभी प्रतिभागियों को आयोजन समिति की ओर से टी-शर्ट भी प्रदान की जाएगी। ट्रायल में भाग लेने के लिए खिलाड़ी का जन्म 1 जनवरी 2005 या उसके बाद का होना अनिवार्य है। खिलाड़ियों को आयु प्रमाण पत्र और आधार कार्ड की मूल प्रति साथ लानी होगी। यात्रा व दैनिक भत्ता देय नहीं होगा।

# सनातनी होना गर्व की बात, गायत्री महामंत्र पाप नाशक का सर्वोच्च मंत्र: सुधांशु महाराज



साधकों के साथ सुधांशु जी महाराज। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** प्रात:कालीन ध्यान सत्र की शुरुआत न्याय के देवता शनिदेव के मंत्रों के जाप से हुई और साधकों ने प्रार्थना की कि मेरे द्वारा जीवन में कोई भी पाप हुआ है तो उसे माफ करते हुए मुक्त करें। शनिवार सुबह के सत्र में सनातन धर्म में पूजे जाने वाले देवी देवताओं के बारे में बताते हुए महाराज सुधांशु जी महाराज ने कहा कि अपने आप में सनातनी होने पर गर्व महसूस करें जिससे आपका आना वाला समय सुधर जाए। भगवान व सद्गुरु से हर समय यही विनती करें कि सुख समृद्धि से भरपूर जीवन प्रदान करें।

गुरुदेव ने आगे कहा कि दुनिया का सर्वश्रेष्ठ मंत्र गायत्री महामंत्र है जो पापों से मुक्ति मिलती है हर साधक को गायत्री माता से भी शक्ति मांगनी चाहिए। सुधांशु जी महाराज एवं डॉ अर्चिका दीदी जी ने सभी साधकों एवं भक्तों के कल्याण की कामना परमात्मा से किए।

# मनाली में ट्रैफिक का भारी संकट

## चुनावी ड्यूटी का असर: 300 की जगह मात्र 20 जवानों पर जिम्मा, पुलिस ने मांगी जनता से मदद

अनंत ज्ञान

**मनाली।** प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मनाली में इस समय पर्यटन सीजन अपने चरम पर है। देश-दुनिया से सैलानी यहां की वादियों का लुत्फ उठाने पहुंच रहे हैं, लेकिन इसी बीच शहर को एक बड़े ट्रैफिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। इस संकट की मुख्य वजह पुलिस बल की भारी कमी है। मनाली पुलिस ने स्थानीय लोगों, व्यापारियों और पर्यटकों से धैर्य बनाए रखने और यातायात नियमों का पालन करने की भावुक अपील की है।
आमतौर पर मनाली में पर्यटन सीजन के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था को संभालने के लिए 250 से 300 पुलिस और होमगार्ड के जवान तैनात रहते हैं। हालांकि, इस बार प्रदेश में 26, 28 और 30 मई को होने जा रहे पंचायत चुनावों के कारण अधिकांश जवानों की ड्यूटी चुनाव में लगा दी गई है। वर्तमान में मनाली की ट्रैफिक व्यवस्था का पूरा जिम्मा मात्र 5 पुलिस जवानों और 10-12 होमगार्ड जवानों के कंधों पर आ गया है।

### ओवरटेकिंग बन रहा जी का जंजाल



**डीएसपी** मनाली केडी शर्मा ने बताया कि रोहतांग दर्रे और राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगने वाले लंबे जाम का मुख्य कारण वाहन चालकों द्वारा की जा रही लापरवाही है। उन्होंने कहा कि लाइन तोड़कर अनावश्यक रूप से ओवरटेक करना ही ट्रैफिक जाम की सबसे बड़ी वजह बन रहा है। सीमित संसाधनों के कारण हर ट्रैफिक प्वॉइंट पर पुलिस जवान तैनात करना मुमकिन नहीं है, इसलिए जनता को खुद जिम्मेदार बनना होगा। डीएसपी मनाली ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए कुछ कड़े कदम उठाए हैं और निम्नलिखित निर्देश जारी किए है कि सभी वाहन चालक धैर्य रखें और अपनी लेन में चलें। लाइन तोड़कर ओवरटेक करने वालों पर सख्त नजर रहेगी। राष्ट्रीय राजमार्ग या अन्य मुख्य सड़कों के किनारे अनावश्यक रूप से वाहन पार्क न करें।

### मनाली में टेंपो ट्रैवलर के प्रवेश पर रोक, ट्रैफिक व्यवस्था सख्त

**ट्रैफिक** के बढ़ते दबाव को देखते हुए मनाली क्षेत्र में प्रशासन ने बड़ा निर्णय लिया है। मनाली मुख्य पुल से ढुंगरी, माता हिडिम्बा मंदिर, ओल्ड मनाली और वशिष्ठ क्षेत्र की ओर जाने वाले टेंपो ट्रैवलर वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। यह कदम पर्यटन सीजन में बढ़ती भीड़ और जाम की समस्या को नियंत्रित करने के लिए उठाया गया है। पुलिस प्रशासन ने होटल एसोसिएशन, टैक्सी यूनियन और स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि वे बाहर से आने वाले पर्यटकों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करें और व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। डीएसपी केडी शर्मा ने सभी से आग्रह किया है कि 31 मई तक धैर्य और संयम बनाए रखें तथा पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग करें, ताकि सीमित संसाधनों के बावजूद मनाली की खूबसूरत वादियों में यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे।

# ब्यास किनारे इंसान का कटा पैर, मचा हड़कंप

- लापता लोगों का रिकॉर्ड खंगालने में जुटी पुलिस

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के समीपवर्ती गांव बबेली में शाम उस समय सनसनी फैल गई, जब ब्यास नदी के किनारे एक अज्ञात मानव शरीर का कटा हुआ पैर बरामद हुआ। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और कुल्लू अग्निशमन विभाग की रेस्क्यू टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाल लिया है।

हालांकि, तलाशी अभियान के बावजूद अभी तक मौके से कोई शव बरामद नहीं हुआ है। जानकारी के अनुसार, गत शाम को कुल्लू अग्निशमन केंद्र को एक आपातकालीन कॉल प्राप्त हुई थी, जिसमें बबेली में ब्यास नदी के पास एक शव होने की सूचना दी गई थी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया। अग्निशमन विभाग के राहत एवं बचाव दल और पुलिस ने नदी के किनारे काफी खोजबीन की, लेकिन मौके से किसी व्यक्ति का पूरा शव बरामद नहीं हुआ। टीम को वहां केवल एक अज्ञात मानव शरीर का कटा हुआ पैर ही मिला है। पुलिस ने बरामद किए गए पैर को कब्जे में लेकर आगामी जांच शुरू कर दी है। पुलिस और फायर टीम हर एंगल से इस बात की जांच कर रही है कि यह पैर आखिर किसका है। यह मामला किसी दर्दनाक हादसे का परिणाम है या फिर इसके पीछे कोई आपराधिक साजिश है, इसका खुलासा होना अभी बाकी है। फिलहाल, मृतक की पहचान करने के लिए पुलिस द्वारा आसपास के थानों में हाल ही में लापता हुए लोगों की सूची खंगाली जा रही है। मामले से जुड़े अन्य सुराग जुटाने और शव के बाकी हिस्सों को ढूंढने के लिए अग्निशमन और पुलिस की टीमें नदी के आसपास के अन्य हिस्सों में गहन सर्च ऑपरेशन चला रही हैं।



बबेली में ब्यास किनारे मिले मानव अंग को निकालते हुए। अनंत ज्ञान

# पंचायत चुनाव में सोच-समझकर मतदान करें: डॉ. मुकेश कुमार

**अनंत ज्ञान, आनी।** प्रख्यात शिक्षाविद एवं सदस्य डॉ. मुकेश कुमार ने पंचायती चुनावों को लेकर मतदाताओं से जागरूक होकर मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि चुनावी माहौल में प्रचार और वादों का शोर इतना बढ़ गया है कि असली मुद्दे पीछे छूटते जा रहे हैं, जिससे मतदाता असमंजस में हैं कि सही उम्मीदवार कौन है।



डॉ. मुकेश कुमार ने कहा कि पंचायत चुनाव केवल किसी व्यक्ति को जिताने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि गांव के भविष्य का निर्णय है। उन्होंने मतदाताओं से आग्रह किया कि वे रिश्तेदारी, दबाव या भावनाओं में आकर नहीं, बल्कि उम्मीदवार के व्यवहार, कार्यशैली और पिछले कार्यों के आधार पर चयन करें।

उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति जनता की समस्याओं को समझे और बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा व स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए कार्य करे, वही योग्य जनप्रतिनिधि है। जनता को उम्मीदवारों से पिछले पांच वर्षों का हिसाब मांगने का अधिकार भी है।
अंत में उन्होंने कहा कि 'आंख बंद करके नहीं, आंख खोलकर वोट दें,' क्योंकि सोच-समझकर किया गया मतदान ही मजबूत पंचायत की नींव रखता है।

# नदी में थार से स्टंटबाजी पड़ी भारी, कटा 2500 का चालान

- लाहौल-स्पीति पुलिस ने की कार्रवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक महिंद्रा थार चालक द्वारा नदी के किनारे और पानी के बीचों-बीच बेहद खतरनाक तरीके से गाड़ी दौड़ाने का वीडियो वायरल हुआ था। इस हरकत से जहां एक तरफ लोगों की जान जोखिम में पड़ी, वहीं दूसरी तरफ हिमालय की शांत वादियों और संवेदनशील पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया गया।मामला सामने आते ही लाहौल-स्पीति पुलिस ने बिना देर किए त्वरित और सख्त कार्रवाई की। पुलिस ने हुड़दंग मचाने वाले चालक को सबक सिखाते हुए मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 184 (खतरनाक तरीके से वाहन चलाना) के तहत 2,500 का भारी-भरकम चालान थमा दिया। इस घटना के बाद पुलिस प्रशासन ने घाटी में आने वाले सभी पर्यटकों और स्थानीय ड्राइवरों के लिए एक कड़ा संदेश जारी किया है। उधर, एसपी लाहुल स्पीति शिवानी मेहला ने बताया कि हिमालय का पारिस्थितिकी तंत्र बेहद नाजुक है। पानी के स्रोतों और नदी-नालों में गाड़ियां उतारकर पर्यावरण को प्रदूषित और नष्ट न करें। पहाड़ी नदियों का जलस्तर कभी भी अचानक बढ़ सकता है, ऐसे स्टंट जानलेवा साबित हो सकते हैं। भविष्य में ऐसी रील्स बनाने या हुड़दंग करने वालों के खिलाफ और भी सख्त कानूनी कदम उठाए जाएंगे। प्रकृति का सम्मान करें, जिम्मेदारी से सफर करें।



# सुल्तानपुर में भजन-संकीर्तन से माहौल हुआ राममय



अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के सौजन्य से 30 मई से 5 जून तक ऐतिहासिक रथ ग्राउंड, ढालपुर (कुल्लू) में सात दिवसीय भव्य श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। प्रतिदिन सायं 4 बजे से 7 बजे तक होने वाली इस कथा में संस्थान के संस्थापक एवं संचालक सर्वश्री आशुतोष महाराज की शिष्या एवं कथा व्यास साध्वी सुश्री गरिमा भारती श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराएंगी। आयोजन को लेकर कुल्लू में उत्साह का माहौल है और जगह-जगह भजन-संकीर्तन कार्यक्रम चल रहे हैं। इसी क्रम में आयोजित सत्संग में साध्वी गार्गी भारती ने कहा कि आज का मनुष्य भौतिकता में उलझकर जीवन के वास्तविक उद्देश्य से दूर हो रहा है। उन्होंने निष्काम भक्ति, त्याग और वैराग्य को अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि श्रीराम कथा केवल श्रवण नहीं, बल्कि जीवन को आदर्श बनाने की प्रेरणा है और रामराज्य की स्थापना के लिए श्रीराम के आदर्शों को अपनाना आवश्यक है। इसी बीच सनातन धर्म सभा, सुल्तानपुर में भजन-संकीर्तन का आयोजन गणेश वंदना से शुरू हुआ। मातृशक्ति ने भजनों के माध्यम से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद और जलपान की व्यवस्था की गई।

**परेशानी** कुल्लू में बागवानी सीजन के बीच बागवान परेशान, बागवानी कार्य हो रहा प्रभावित

# पेट्रोल-डीजन की किल्लत से सेब उत्पादकों की बढ़ी मुश्किलें

अनंत ज्ञान

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** हिमाचल प्रदेश के विश्व प्रसिद्ध सेब उत्पादकों के लिए वर्तमान बागवानी सीजन के बीच एक नई और गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। कुल्लू जिले के ऊपरी क्षेत्रों (अपर कुल्लू) के बागवानों को इन दिनों अपने बगीचों में आवश्यक कृषि और बागवानी गतिविधियों को पूरा करने के लिए पेट्रोल और डीजल की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। सेब के बगीचों में इस समय पौधों की सुरक्षा के लिए विभिन्न प्रकार के स्प्रे (कीटनाशक और कवकनाशी का छिड़काव), बगीचों में उगी अतिरिक्त घास की कटाई के लिए कटर मशीनों का संचालन, कृषि उपकरणों के परिवहन और अन्य मैदानी कार्यों के लिए ईंधन की सख्त आवश्यकता है। लेकिन क्षेत्र के कई पेट्रोल पंप मालिकों द्वारा उन किसानों और बागवानों को ईंधन देने से साफ इनकार किया जा रहा है, जो बिना वाहनों के (कैन या ड्रम लेकर) पंप पर पहुंच रहे हैं।

### समय पर स्प्रे न होने से फसल पर मंडराया संकट

**बागवानों** का कहना है कि सेब की खेती में समय का सही पालन यानी 'टाइमिंग' सबसे महत्वपूर्ण होता है। वर्तमान में चल रहा स्प्रे का दौर बेहद संवेदनशील है, जिसमें कीटों और बीमारियों के नियंत्रण के लिए समय पर दवाओं का छिड़काव आवश्यक है। यदि इस अवधि में स्प्रे नहीं किया गया तो सेब के पौधों में रोग फैलने का खतरा कई गुना बढ़ सकता है, जिससे उत्पादन पर गंभीर असर पड़ेगा।

हालांकि, पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता न होने के कारण स्प्रे मशीनें ठप पड़ी हैं। इससे बागवानों का कार्य प्रभावित हो रहा है और उनकी सालभर की मेहनत तथा पूंजी खतरे में पड़ गई है। पंप मालिकों के कथित अड़ियल रवैये को लेकर भी बागवानों में भारी रोष है। बागवानों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि स्प्रे कार्य बिना बाधा के पूरा हो सके और फसल को नुकसान से बचाया जा सके। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो नुकसान का दायरा और बढ़ सकता है।

### जुजुराना फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी ने उपायुक्त से लगाई गुहार

**गंभीर** और संवेदनशील मामले को देखते हुए क्षेत्र के किसानों और बागवानों के प्रतिनिधि संगठन 'जुजुराना फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी पतलीकूहल ने उपायुक्त कुल्लू को एक आधिकारिक मांग पत्र सौंपा है। संगठन ने प्रशासन से इस समस्या का तुरंत और स्थाई समाधान निकालने का आग्रह किया है। संगठन ने माँग की है कि जिला प्रशासन तुरंत कुल्लू जिले के सभी पेट्रोल पंप संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करे, ताकि वास्तविक किसानों और बागवानों को कृषि व बागवानी कार्यों के लिए पेट्रोल और डीजल की सुचारु, सुलभ और नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।संगठन के अध्यक्ष महेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि बागवानों की पहचान के लिए एक सरल और व्यावहारिक रास्ता निकाला जाए। इसके तहत किसानों को उनके ऑर्चर्ड पहचान पत्र , आधार कार्ड, किसान कार्ड या स्थानीय ग्राम पंचायत/एफपीओ प्रतिनिधियों की सिफारिश/प्रमाण पत्र के आधार पर बिना वाहन के भी कैन या ड्रम में ईंधन उपलब्ध करवाया जाना चाहिए।उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन ने इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप नहीं किया, तो आने वाले दिनों में बागवानों का नुकसान और बढ़ सकता है। उपायुक्त की ओर से त्वरित कार्रवाई से न केवल हजारों सेब उत्पादकों को बड़ी राहत मिलेगी, बल्कि क्षेत्र की आर्थिकी की रीढ़ मानी जाने वाली सेब की फसल को भी बचाया जा सकेगा।

## 'कला कृति-26' प्रदर्शनी का आगाज, अंतरराष्ट्रीय क्यूरेटर ने किया उद्घाटन

# ग्रीन फील्ड स्कूल के 16 छात्रों की पेंटिंग्स ने जीता दिल

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** महान विश्व प्रसिद्ध चित्रकार निकोलस रोरिक की कर्मस्थली की कला दीर्घा (रोरिक आर्ट गैलरी) में कांगड़ा जिले के ग्रीन फील्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नगरोटा बगवां के 16 छात्रों की चित्रकला प्रदर्शनी का भव्य आयोजन हुआ। इस प्रदर्शनी का मुख्य विषय 'कलाकृति 26' रखा गया था।

इस गरिमामयी चित्रकला प्रतियोगिता का उद्घाटन भारतीय क्यूरेटर सुरेश कुमार नड्डा और रशियन क्यूरेटर लारिसा सुरगिना द्वारा किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य सुधांशु शर्मा के कुशल मार्गदर्शन और अक्षय चौधरी, केवल कृष्ण तथा रूपाली के निरंतर सहयोग से इस प्रदर्शनी का सफल संचालन संपन्न हुआ। अतिथियों ने विद्यार्थियों की उत्कृष्ट कलाकृतियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और शिक्षकों के अमूल्य सहयोग को सराहा।



रोरिक आर्ट गैलरी में पेंटिंग को निहारते हुए गणमान्य लोग। अनंत ज्ञान

### विविध कला माध्यमों और अनूठी कल्पनाओं का संगम

**इस** प्रदर्शनी में भाग लेने वाले होनहार छात्रों में वंशिका राणा, कुशा, अवनि शांडिल्य, नव्या सकलानी, नव्या गुलेरिया, श्रेया, मिताली, लक्ष्य ठाकुर, अब्दुल डोगरा, सूर्यांश, तन्मय पटियाल, दिव्यांशु राणा, प्रणव खरवाल, यादवी, अक्षिता तथा सारांश शामिल हैं। इन बच्चों ने बहुत ही कम उम्र में बेहद बारीकी से मनमोहक चित्र बनाए हैं। छात्रों द्वारा तैयार किए गए चित्रों में अध्यात्म, प्रकृति के सौंदर्य, मॉडर्न आर्ट और मंडला आर्ट की सुंदर झलक देखने को मिली। विद्यार्थियों ने कैनवास के ऊपर एक्रेलिक, ऑयल और वॉटर कलरों का बेहतरीन प्रयोग किया है। पेंटिंग, स्केच और मिक्स्ड मीडिया का यह विविध संग्रह हिमाचली परिदृश्यों और सांस्कृतिक विरासत की अनूठी व्याख्या प्रस्तुत करता है। उद्झघाटन के इस विशेष अवसर पर रशियन क्यूरेटर सहायक दमित्री सुरगिना सहित देश-विदेश के कई कलाकार और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। प्रदर्शनी में लगभग 200 चित्र, छोटे चित्र और असंख्य कलाकृतियां प्रदर्शित की गई हैं, जो दर्शकों के लिए 24 मई 2026 तक प्रदर्शन में रहेंगी।

### पंचायत चुनावों में भोजन ड्यूटी का विरोध तेज, वर्करों ने सौंपा ज्ञापन

# मिड-डे मील, आंगनबाड़ी कर्मियों ने की ड्यूटी रद्द करने की मांग

अनंत ज्ञान

**सोलन।** सोलन में पंचायत चुनावों के दौरान मिड-डे मील वर्करों और आंगनवाड़ी वर्करों को पोलिंग पार्टियों के लिए भोजन बनाने की ड्यूटी लगाए जाने का विरोध तेज हो गया है। मिड-डे मील वर्कर यूनियन सोलन और आंगनबाड़ी वर्कर एवं हेल्पर यूनियन सोलन (सीटू से संबद्ध) के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर यह व्यवस्था तत्काल रद्द करने की मांग की। यूनियनों ने कहा कि 26, 28 और 30 मई को होने वाले चुनावों में इन महिला कर्मियों से देर रात तक भोजन तैयार करवाना अव्यावहारिक, महिला विरोधी और श्रम अधिकारों का उल्लंघन है। उन्होंने आरोप लगाया कि अन्य चुनाव कर्मियों को टीए/डीए जैसी सुविधाएं दी जाती हैं, जबकि इन वर्करों को बिना अतिरिक्त भुगतान के कार्य कराया जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी कहा कि नियमों के अनुसार आंगनबाड़ी वर्करों से विभागीय कार्यों के अतिरिक्त अन्य कार्य नहीं लिए जा सकते। उन्होंने प्रशासन और निर्वाचन आयोग से मांग की कि भोजन व्यवस्था की जिम्मेदारी पहले की तरह पंचायतों को सौंपी जाए और इन ड्यूटियों को तुरंत प्रभाव से रद्द किया जाए।



आंगनवाड़ी वर्कर व हेल्पर यूनियन अतिरिक्त उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए। अनंत ज्ञान

### बडू साहेब गर्ल्स हॉस्टल में छात्राओं के वीडियो बनाने का मामला

# वॉशरूम में वीडियो बनाने के आरोप में सफाई कर्मी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**नाहन।** जिला सिरमौर राजगढ़ स्थित बड़ू साहेब के एटरनल विश्वविद्यालय के गर्ल हॉस्टल में छात्राओं की निजता के साथ खिलवाड़ करने के मामले का खुलासा हुआ है। पुलिस को मिली शिकायत के अनुसार गर्ल्स हॉस्टल के वॉशरूम में एक सफाई कर्मी ने छात्राओं के वीडियो बनाने के आरोप लगे हैं।

- झारखंड का रहने वाला है आरोपी छेदन साहू
- हॉस्टल की छात्राओं की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ एफआईआर हुई दर्ज : डीएसपी
- मोबाइल को लिया कब्जे में, फॉरेंसिक जांच को भेजा

हॉस्टल परिसर में हड़कंप मच गया और इस मामले की शिकायत पुलिस में की गई। पुलिस के अनुसार आरोपी सफाई कर्मी की पहचान झारखंड निवासी छेदन साहू के रूप में हुई है। डीएसपी राजगढ़ वीसी नेगी ने पुष्टि करते हुए बताया कि गर्ल हॉस्टल की छात्राओं की शिकायत पर आरोपी सफाई कर्मचारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपी को दबोच लिया गया। पुलिस में वीडियो बनाने वाले मोबाइल को कब्जे में ले लिया है। मोबाइल को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा।

# सोलन में सलोगड़ा के पास पलटी निजी बस, चालक सहित 2 घायल

## सोलन-शिमला मार्ग पर कुछ देर बाधित रहा यातायात

अनंत ज्ञान

**सोलन।** नेशनल हाईवे-5 में शनिवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा टल गया। सोलन-शिमला फोरलेन पर सलोगड़ा के समीप सोलन से शिमला की ओर जा रही एक निजी बस अचानक अनियंत्रित होकर सड़क के बीचों-बीच पलट गई। हादसे के समय बस में करीब 10 से 12 यात्री सवार थे। दुर्घटना में बस चालक और एक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तुरंत क्षेत्रीय अस्पताल सोलन पहुंचाया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस सुबह सामान्य रूप से शिमला की ओर जा रही थी। जैसे ही बस सलोगड़ा के पास पहुंची, चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और बस पलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोग तुरंत सहायता के लिए पहुंचे और बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि बस सड़क से नीचे खाई की ओर चली जाती तो बड़ा जानमाल का नुकसान हो सकता था। बस का सड़क पर ही पलट जाना यात्रियों के लिए राहत की बात साबित हुआ। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने के साथ दुर्घटनास्थल का निरीक्षण भी किया। प्रारंभिक जांच में चालक द्वारा वाहन पर नियंत्रण खोना हादसे का कारण माना जा रहा है, हालांकि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। हादसे के कारण कुछ समय के लिए सोलन-शिमला मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा। बाद में पुलिस ने यातायात को सुचारू रूप से बहाल कर दिया। घटना के बाद लोगों ने पहाड़ी सड़कों पर सावधानीपूर्वक वाहन चलाने और यातायात नियमों के पालन की आवश्यकता पर जोर दिया।



सड़क पर पलटी निजी बस।

## मेहनत : नमोल के ध्रुव तनवर ने कैट परीक्षा में हासिल की बड़ी सफलता

अनंत ज्ञान

**सोलन।** सोलन। जिला सोलन की तहसील अर्की के गांव नमोल (डाकघर कुनिहार) के होनहार युवक ध्रुव तनवर ने कैट (कॉमन एडमिशन टेस्ट) परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। ध्रुव का चयन भारतीय प्रबंधन संस्थान काशीपुर, भारतीय प्रबंधन संस्थान अमृतसर, भारतीय प्रबंधन संस्थान जम्मू और भारतीय प्रबंधन संस्थान बोधगया सहित दिल्ली विश्वविद्यालय के डीबीई कार्यक्रम में हुआ है। उन्होंने यह सफलता बिना किसी कोचिंग के स्वयं अध्ययन के आधार पर हासिल की। वर्तमान में ध्रुव डॉ. बीआर अंबेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में बीए एलएलबी अंतिम सेमेस्टर के छात्र हैं। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है और यह युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनी हुई है।



### कम मतदान और त्रिकोणीय मुकाबलों ने बढ़ाई भाजपा-कांग्रेस की टेंशन

# सोलन नगर निगम चुनाव : वार्ड 8, 9 और 10 बनेंगे निर्णायक

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** नगर निगम सोलन के चुनाव नतीजों को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। 17 वार्डों में हुए मतदान के बाद अब भाजपा और कांग्रेस दोनों ही अपनी-अपनी जीत के दावे कर रही हैं, लेकिन कम मतदान प्रतिशत ने चुनावी समीकरण पूरी तरह उलझा दिए हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि वार्ड नंबर 8, 9 और 10 के परिणाम नगर निगम की तस्वीर तय करने में अहम भूमिका निभाएंगे।

नगर निगम चुनाव में इस बार कुल 58.59 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जो राजनीतिक दलों की अपेक्षाओं से कम माना जा रहा है। कम वोटिंग के कारण दोनों प्रमुख दलों के लिए स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं है और परिणाम किसी भी तरफ जा सकते हैं। जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर-8 शिल्ली रोड में 55.87 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि वार्ड नंबर-9 मधुबन कॉलोनी में 56.42 प्रतिशत और वार्ड नंबर-10 चौंरीघाटी में 58.42 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इन तीनों वार्डों को इस बार बेहद निर्णायक माना जा रहा है।

- कम मतदान से उलझा दोनों पार्टियों का जीत हार का गणित

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि भाजपा और कांग्रेस फिलहाल 7 से 8 सीटें मिलने की उम्मीद लगाए बैठी हैं। ऐसे में बहुमत का आंकड़ा छूने के लिए इन वार्डों के नतीजे बेहद महत्वपूर्ण साबित होंगे। वहीं चार वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशी भी मुकाबले को त्रिकोणीय बनाकर दोनों दलों का गणित बिगाड़ते नजर आ रहे हैं। निर्दलीयों की मौजूदगी के कारण कई वार्डों में कांटे की टक्कर देखने को मिली है। अब सबकी नजर 31 मई को आने वाले नगर निगम सोलन चुनाव परिणामों पर टिकी हुई है। कम मतदान और त्रिकोणीय मुकाबलों के चलते इस बार चुनावी नतीजे बेहद रोचक रहने की संभावना जताई जा रही है।

## पंचायत चुनावों में फर्जी पत्रकारों की एंट्री पर गंभीर आरोप : चौहान

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल प्रदेश में जारी पंचायत राज चुनावों के बीच बाहरी राज्यों से आए कथित पत्रकारों को लेकर एंटी करप्शन एंड क्राइम कंट्रोल फोर्स के नेशनल असिस्टेंट नाथूराम चौहान ने गंभीर आरोप लगाए हैं। नाथूराम चौहान ने कहा कि कुछ लोग मीडिया के नाम पर हिमाचल प्रदेश की भोली-भाली जनता और जनप्रतिनिधियों को बहला-फुसलाकर खुलेआम पैसों की वसूली कर रहे हैं। उन्होंने इसे केवल आर्थिक शोषण ही नहीं, बल्कि प्रदेश की सांस्कृतिक और सामाजिक धरोहर के लिए भी खतरा बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे लोग गांव-गांव और घर-घर जाकर लोगों की व्यक्तिगत जानकारी, मोबाइल नंबर, लोकेशन और अन्य पहचान संबंधी सूचनाएं जुटा रहे हैं, जिसका भविष्य में गलत इस्तेमाल हो सकता है। चौहान ने कहा कि प्रदेश की भौगोलिक और सामाजिक परिस्थितियों को देखते हुए यह स्थिति चिंताजनक है।

# सामुदायिक केंद्र भवन के लिए चार लाख रुपए की सिफारिश

## घनागुघाट पंचायत में विकास कार्य को मिलेगा बढ़ावा

अनंत ज्ञान

**दाड़लाघाट।** राज्यसभा सांसद एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री हर्ष महाजन ने सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (सांसद निधि विकास योजना) के अंतर्गत ग्राम पंचायत घनागुघाट के गांव ध्यानपुर (सारनी) में सामुदायिक केंद्र भवन के निर्माण एवं विस्तार कार्य हेतु 4 लाख रुपए की राशि स्वीकृति हेतु सिफारिश की है। इस संबंध में अर्की तहसील सुधार सभा दिल्ली के प्रधान प्रेम सिंह रघुवंशी ने बताया कि क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से सामुदायिक भवन के विस्तार की मांग थी, जिसे सांसद हर्ष महाजन ने गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर सिफारिश की है। उन्होंने कहा कि इस राशि से गांव में सामाजिक एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी।



- मांग को प्राथमिकता के आधार पर लेने के लिए सांसद हर्ष महाजन का जताया आभार : रघुवंशी

प्रेम सिंह रघुवंशी ने सांसद हर्ष महाजन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे लगातार क्षेत्र के विकास कार्यों में सहयोग प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में भी क्षेत्र को विकास कार्यों के लिए इसी प्रकार सहयोग मिलता रहेगा। रघुवंशी ने बताया कि यह कार्य ग्राम पंचायत घनागुघाट, विकास खंड कुनिहार के अंतर्गत करवाया जाएगा तथा इसकी कार्यकारी एजेंसी ग्राम पंचायत घनागुघाट होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### बीएल सेंट्रल पब्लिक स्कूल कुनिहार ने मनाया अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस



कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राएं। अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान, सोलन।** बीएल सेंट्रल पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुनिहार में अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इको क्लब प्रभारी दिनाक्षी ठाकुर ने बताया कि लायन इको क्लब द्वारा विद्यार्थियों के लिए पर्यावरण जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को विद्यालय के आसपास प्राकृतिक क्षेत्रों का शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया, जहां उन्होंने विभिन्न पौधों, औषधीय वनस्पतियों, पक्षियों एवं जीव-जंतुओं का अवलोकन किया। इस दौरान विद्यार्थियों को जैव विविधता संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और प्रकृति संरक्षण के महत्व की जानकारी दी गई। विद्यालय के चेयरमैन गोपाल शर्मा ने कहा कि ऐसी गतिविधियां बच्चों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और संवेदनशीलता विकसित करती हैं। विद्यालय प्रशासन ने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया।

### अर्की अस्पताल में ब्लड बैंक स्थापना की मांग ने पकड़ा जोर

**अनंत ज्ञान, अर्की।** अर्की अस्पताल में पथरी के ऑपरेशन के दौरान हुई दुखद मृत्यु के पश्चात अर्की क्षेत्र में पुनः अर्की अस्पताल में ब्लड बैंक स्थापना की मांग जोर शोर से उठने लगी है। लोगों का कहना है कि मृतका का ऑपरेशन के दौरान काफी ब्लड निकलने के चलते निधन हुआ है। यदि अर्की में ब्लड बैंक की सुविधा होती तो शायद मृतका का जीवन बच सकता था। ऐसा पहले भी हुआ है कि महिलाओं के क्रिटिकल सिजेरियन ऑपरेशन से पहले महिलाओं के परिजनों को ब्लड के लिए स्नोडन अस्पताल के चक्कर काटने पड़े हैं। हालांकि किसी भी राजनीतिक दल की बात की जाए तो सभी को पता है कि अर्की अस्पताल में ब्लड बैंक की कमी के बारे में सब को पता है। लेकिन आज तक कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया है। लोगो की सरकार से मांग है कि चुनाव से पूर्व अर्की अस्पताल में ब्लड बैंक की स्थापना की जाए, ताकि पुनः कोई व्यक्ति ब्लड की कमी के चलते अपना जीवन न गवाएं।

### सैनवाला जमा दो स्कूल में मनाया जैव विविधता दिवस, प्रतियोगिताएं आयोजित


**अनंत ज्ञान, नाहन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सैनवाला में जैव विविधता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे पत्ती सजावट प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्रों ने इन प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया और बहुत ही शानदार प्रस्तुतियां दीं। पत्ती सजावट प्रतियोगिता में बच्चों ने विभिन्न प्रकार की पत्तियों का उपयोग करके अत्यंत सुंदर कलाकृतियां बनाईं। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रकृति बचाओ, हरित पृथ्वी तथा जैव विविधता विषय पर अर्किषक चित्र बनाए। भाषण प्रतियोगिता में प्रभावशाली विचार पेश किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य अयूब खान ने बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों की सराहना की और साथ ही बच्चों को जैव विविधता के प्रति जागरूक किया। पत्ती सजावट प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग में काजल ने प्रथम स्थान, अवनी ने द्वितीय स्थान तथा कनिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ कर्ग में नेहा प्रथम, अवशिका ने द्वितीय तथा अंकिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग में शिवओम ने प्रथम तरुण ने द्वितीय व यशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ वर्ग में लविशा ने प्रथम, ईशा ने द्वितीय व प्राचिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।आयुष ने द्वितीय, भाषण प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग में अदिति ने प्रथम । द्वितीय दिव्यांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तेने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# जंगल की आग से दो मोटरसाइकिल जलकर राख, वन संपदा को नुकसान

अनंत ज्ञान

**सोलन।** जिला मुख्यालय सोलन के जौणाजी रोड स्थित नडोह घाटी के जंगल में अचानक आग भड़कने से क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया, जिसकी चपेट में सड़क किनारे खड़ी दो मोटरसाइकिल भी आ गईं और पूरी तरह जलकर राख हो गईं। जानकारी के अनुसार जंगल में लगी आग तेजी से फैलती चली गई, जिससे वन संपदा को भारी नुकसान पहुंचा है। आग की लपटें और धुआं दूर-दूर तक दिखाई देता रहा। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी।

सूचना मिलते ही सोलन से फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने का प्रयास किया। हालांकि आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से गर्मी के मौसम में जंगलों में आग की घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।



आग से राख हुई मोटर साइकिलें। अनंत ज्ञान

### देशी शराब की 60 बोतलें बरामद

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस थाना धर्मपुर कि पुलिस टीम द्वारा जब थाना क्षेत्र में गश्त पर मौजूद थी, तो उक्त टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि एक हेत राम नामक व्यक्ति अपनी गाड़ी में अवैध शराब लेकर जा रहा है। पुलिस टीम द्वारा तवरित कार्रवाई करते हुए कुमारहट्टी चौक पर नाकाबंदी करके उक्त गाड़ी को चैक किया तथा चैकिंग के दौरान गाड़ी से 60 बोत्तलें शराब देसी मार्का पैराडाइस संतरा बरामद की गई, जिस बारे गाड़ी का चालक कोई भी परमिट व वैध लाइसेंस पुलिस के समक्ष पेश नहीं कर सका। इस संबंध में मामला पुलिस थाना धर्मपुर में दर्ज किया गया है।

# हाटी विकास मंच ने पीएम को ज्ञापन भेजा एसटी दर्जे के प्रभावी क्रियान्वयन की मांग

## गिरिपार क्षेत्र के समग्र विकास, लंबित मामलों के शीघ्र समाधान पर जोर

अनंत ज्ञान

**एसपी जैरथ, नाहन।** हाटी विकास मंच ने प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर हाटी समुदाय के अधिकारों के संरक्षण, अनुसूचित जनजाति दर्जे के प्रभावी क्रियान्वयन और गिरिपार क्षेत्र के समग्र विकास से जुड़े मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया है।

प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल के माध्यम से प्रेषित ज्ञापन में कहा कि हाटी समुदाय को मिला अनुसूचित जाति का दर्जा ऐतिहासिक निर्णय है, लेकिन उच्च न्यायालय में मामला विचाराधीन होने के कारण इसके पूर्ण लाभ लागू नहीं हो पा रहे हैं। मंच ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि लंबित मामले के शीघ्र एवं न्यायसंगत समाधान हेतु आवश्यक संवैधानिक व विधिक पहल की जाए, ताकि समुदाय को अधिकारों का वास्तविक लाभ बिना देरी मिल सके। साथ ही सभी सरकारी विभागों में अनुसूचित जाति दर्जे के प्रभावी क्रियान्वयन की मांग भी रखी गई। इसके अलावा गिरिपार क्षेत्र की जीवनरेखा माने जाने वाले सोलन-राजगढ़-नौहराधार-हरिपुरधार-रोनहाट-मीनस सड़क मार्ग को 'पीएम गति शक्ति' योजना में शामिल करने या राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की मांग की गई है। मंच के अनुसार यह मार्ग शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, आपदा प्रबंधन और आर्थिक गतिविधियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। मंच ने राज्यपाल के सहयोग के प्रति आभार जताते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन से क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मांगों पर सकारात्मक निर्णय की उम्मीद जताई गई।



राज्यपाल को ज्ञापन सौंपते हाटी विकास मंच के सदस्य। अनंत ज्ञान

## सिरमौर में तीन मतदान केंद्रों में किया संशोधन

**अनंत ज्ञान।** नाहन। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि विकास खंड पच्छाद की ग्राम पंचायत धार टिक्करी के एक मतदान केंद्र तथा विकास खंड पांवटा साहिब की ग्राम पंचायत नवादा के दो मतदान केंद्रों में संशोधन किया गया है। उन्होंने बताया कि विकास खंड पच्छाद की ग्राम पंचायत धार टिक्करी के वार्ड नं.-5 डिंगरी के मतदान केंद्र राजकीय प्राथमिक पाठशाला धार टिक्करी कमरा नं-3 के स्थान पर अब संशोधन उपरांत राजकीय प्राथमिक पाठशाला ढाडिक डिंगरी कमरा नं.-1 में परिवर्तित किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विकास खंड पांवटा साहिब की ग्राम पंचायत नवादा के वार्ड नं.-1, नवादा-1 के मतदान केंद्र राजकीय प्राथमिक पाठशाला नवादा, कमरा नं.-1 के स्थान पर संशोधन उपरांत राजकीय उच्च विद्यालय नवादा, कमरा नं.-1 व वार्ड नं.-2, नवादा-2 के मतदान केंद्र राजकीय प्राथमिक पाठशाला नवादा, कमरा नं.-2।

### विकास खंड सोलन की 39 पंचायतों में 47,743 मतदाता करेंगे मतदान : मनमोहन शर्मा

# 23964 पुरुष और 23779 महिला मतदाता शामिल

अनंत ज्ञान

**सोलन।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने बताया कि पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचन 2026 के तहत विकास खण्ड सोलन की 39 ग्राम पंचायतों में कुल 47,743 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 23,964 पुरुष तथा 23,779 महिला मतदाता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि विभिन्न ग्राम पंचायतों में मतदाताओं की संख्या निर्धारित कर दी गई है। ग्राम पंचायत डांगरी में सर्वाधिक 2,420 मतदाता दर्ज किए गए हैं, जिनमें 1,220 पुरुष तथा 1,200 महिला मतदाता शामिल हैं।

वहीं सलोगड़ा पंचायत में 1,849, भोजनगर में 1,554 तथा जौणाजी में 1,494 मतदाता हैं। इसके अतिरिक्त बसाल पंचायत में 1,054, धरोट में 1,106, ओच्छघाट में 1,232, सपरुन में 1,342 और बड़ोग पंचायत में 1,430 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। नौणी मझगांव पंचायत में पुरुष और महिला मतदाताओं की संख्या समान 342-342 है। मनमोहन शर्मा ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे हैं। उन्होंने मतदाताओं से लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए बढ़-चढ़कर मतदान करने की अपील भी की।

# सिरमौर में 26, 28 और 30 मई को 273 ग्राम सभाओं में मतदान

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव 2026 के तहत मतदान तीन चरणों में 26, 28 और 30 मई को होगा। प्रियंका वर्मा ने बताया कि 26 मई को 94, 28 मई को 90 और 30 मई को 89 ग्राम सभाओं में मतदान होगा। कुल मिलाकर 273 ग्राम सभाओं में वोटिंग संपन्न कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि मतदान के बाद ग्राम पंचायत स्तर पर प्रधान, उपप्रधान और वार्ड सदस्यों की मतगणना की जाएगी, जबकि जिला परिषद और पंचायत समितियों के मतों की गणना 31 मई को होगी। प्रशासन ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए प्रत्येक बैलेट बॉक्स पर विशेष क्यूआर कोड लगाया गया है, जिससे उसकी रीयल टाइम ट्रैकिंग की जा सकेगी और जानकारी चुनाव आयोग की वेबसाइट पर अपडेट होती रहेगी।

**26 मई को मतदान वाली ग्राम सभाएं:** इस चरण में नाहन, राजगढ़, ददाहु, संगड़ाह, शिलाई, पांवटा साहिब, पच्छाद और कमरऊ विकास खंडों की कुल 94 ग्राम सभाओं में मतदान होगा। इनमें कालाअंब, त्रिलोकपुर, हाब्बन, शिलाई, धौलाकुआं, सराहां और नोहराधार सहित कई प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं।

**28 मई को मतदान:** दूसरे चरण में 90 ग्राम सभाओं में मतदान होगा, जिनमें नाहन, राजगढ़, संगड़ाह, शिलाई, पांवटा साहिब और अन्य विकास खंडों के विभिन्न गांव शामिल हैं।

**30 मई को मतदान:** तीसरे चरण में 89 ग्राम सभाओं में मतदान कराया जाएगा, जिसमें नाहन, पांवटा साहिब, राजगढ़, शिलाई, पच्छाद और कमरऊ क्षेत्र की पंचायतें शामिल हैं। प्रशासन ने शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी मतदान सुनिश्चित करने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

## सोलन जिला में 3 .52 लाख मतदाता करेंगे मतदान

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने बताया कि पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचन 2026 के लिए सोलन जिला में कुल 3,52,901 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 1,79,987 पुरुष तथा 1,72,914 महिला मतदाता शामिल हैं। उन्होंने कहा कि विकास खंड कुनिहार में 74,873, कंडाघाट में 30,051, सोलन में 47,743, धर्मपुर में 36,869, पट्टा में 41,279 तथा नालागढ़ में 1,22,086 मतदाता पंजीकृत हैं। मनमोहन शर्मा ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 26, 28 व 30 मई 2026 को सुबह 7 बजे से शाम 3 बजे तक मतदान होगा। उन्होंने मतदाताओं से लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की।

# प्रथम चरण में 26 को ऊना की 86 ग्राम पंचायतों में होगा मतदान

## प्रात: 7 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक होगा मतदान, उसी दिन शाम को घोषित होंगे परिणाम

अनंत ज्ञान

**राजेश शर्मा, ऊना।** जिला ऊना में पंचायत राज संस्थाओं के लिए प्रथम चरण पांच उपमंडलों की कुल 86 ग्राम पंचायतों में 26 मई को मतदान किया जाएगा, जिसमें विकास खंडा अंब की 19, बंगाणा की 19, गगरेट की 14, ऊना की 18 तथा हरोली की 16 ग्राम पंचायतें शामिल हैं। यह जानकारी ज़िला निर्वाचन अधिकारी ऊना उपायुक्त जतिन लाल ने दी। मतदान प्रात: 7 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक किया जाएगा। वोटिंग के उपरांत उसी दिन पंचायत प्रतिनिधियों के परिणाम की घोषणा मतदान प्रक्रिया सम्पन्न होने के उपरांत कर दी जाएगी जबकि पंचायत समिति सदस्यों और ज़िला परिषद् सदस्यों के वोटों की गिनती 31 मई को की जाएगी।




### उपमंडल वाइज पंचायतों के नाम जहां 26 मई को पड़ेंगे वोट

**अंब:** उपमंडल अंब के तहत प्रथम चरण में 26 मई को ग्राम पंचायत घंघरेट, गिंडपुर मलौन, खरोह, डूहल बटवाला, लोहारा लोअर, पंब, धंधड़ी, सूरी, सिद्ध चलेहड़, कटौहड़ खुर्द, स्तोथर, चौआर, रपोह मिसरां, अंदौरा लोअर, मैड़ी खास, लोहारां अप्पर, धुसाड़ा, लडोली और नैहरी नौरंगा में मतदान करवाए जाएंगे।

**बंगाणा :** बंगाणा के तहत ग्राम पंचायत अम्बेहड़ा धरीज, कठोह, चौकी खास, जसाना, जोल, टीहरा, टांडा, तनोह, धतोल, पल्लियां, बड़ूही, मंदली, डोहक, लठियाणी, हटली केसरू, डोहगी, पिपलू और सुकडियाल शामिल हैं।

**गगरेट:** उपमंडल गगरेट के अंतर्गत पहले चरण कैलाश नगर, गुगलैहड़, ववेहड़, जोह, अभयपुर, जाडला कोयड़ी, दियोली, ओयल, गोंदपुर बनेहडा लोअर, कलोह, भंजाल अप्पर, नंगल जरियाला, भंजाल लोअर और गोंदपुर बनेहड़ा अप्पर ग्राम पंचायतों में मतदान करवाए जाएंगे।

**ऊना :** पहले चरण में 26 मई को उपमंडल ऊना के अंतर्गत देहलां अप्पर, बनगढ़, टक्का, सनोली, जखेड़ा, नंगड़ा, डंगोली, बसाल अप्पर, बसाल लोअर, ठाकुरद्वारा, बरनोह, डंगेहडा, फतेहपुर, अवादा वराना, सुनेहरा, बरसाला, जनकौर और लम्लेहड़ा पंचायतों में मतदान होगा।

**हरोली :** 26 मई को प्रथम चरण के मतदान के लिए हरोली उपमंडल की ग्राम पंचायत पंजावर, पंडोगा, ईसपुर, सलोह, बढ़ेड़ा, कांगड़, समनाल, कर्मपुर, कुंगड़त ललड़ी, बाथू, गोंदपुर बुल्लां, हीरांनगर, हीरां, पुबोवाल और बीटन पंचायतें शामिल हैं।

### पंचायत चुनाव में निर्वाचन व्यय को लेकर दिशा-निर्देश जारी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** पंचायतीराज संस्थाओं के सामान्य चुनाव-2026 के दृष्टिगत जिला ऊना में जिला परिषद सदस्य पद के चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के लिए निर्वाचन व्यय के लेखे तथा उसकी अधिकतम सीमा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जारी निर्देशों के अनुसार हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम-92 के तहत प्रत्येक प्रत्याशी को निर्वाचन व्यय का पृथक एवं सही लेखा निर्धारित प्रपत्र-44 में प्रतिदिन के आधार पर संधारित (व्यवस्थित) करना अनिवार्य होगा। जिला परिषद सदस्य पद के लिए प्रत्याशी द्वारा किए जाने वाले चुनावी खर्च की अधिकतम सीमा एक लाख रुपए निर्धारित की गई है। साथ ही, प्रत्याशी को निर्वाचन व्यय से संबंधित सभी अभिलेख, वाउचर, रसीदें एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज सुरक्षित रखने होंगे, ताकि आवश्यकता पड़ने पर जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) अथवा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिकृत अधिकारी के समक्ष निरीक्षण के लिए प्रस्तुत किए जा सकें। इसके अतिरिक्त निर्वाचन व्यय का लेखा प्रपत्र-45 में व्यय विवरण सहित जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) को प्रस्तुत करना होगा, जबकि संबंधित घोषणा प्रपत्र-46 में संलग्न की जाएगी। इसके उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) द्वारा उक्त लेखे का प्रमाणीकरण प्रपत्र-47 में किया जाएगा। उपायुक्त ने सभी उम्मीदवारों से निर्वाचन व्यय संबंधी नियमों एवं प्रावधानों का पूर्णत: पालन सुनिश्चित करने का आग्रह किया है, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया पारदर्शी, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

## निष्पक्ष मतदान के लिए बंगाणा पुलिस ने बाजारों में बढ़ाई गश्त



अनंत ज्ञान

**बड़ूही।** पुलिस थाना बंगाणा के तहत पंचायत चुनावों को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के उद्देश्य से जिला पुलिस अधीक्षक सचिन हीरेमठ के निर्देशानुसार शनिवार को क्विक रिस्पॉन्स टीम (क्यूआरटी) ने जोल बाजार और सोहारी बाजार में गश्त कर लोगों को शांतिपूर्ण मतदान का संदेश दिया। क्विक रिस्पॉन्स टीम का नेतृत्व सब इंस्पेक्टर मान सिंह कर रहे थे। इस दौरान पुलिस टीम ने लोगों से चुनाव प्रक्रिया में सहयोग करने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। सब इंस्पेक्टर मान सिंह ने बताया कि शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए क्विक रिस्पॉन्स टीम का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि यदि कहीं भी ऐसी कोई घटना सामने आती है, जो मतदान प्रक्रिया को बाधित या प्रभावित करती है, तो टीम तुरंत कार्रवाई कर निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न करवाने में सहयोग करेगी।

## 18 जुलाई और 21 नवंबर को लगेंगी विशेष लोक अदालतें

अनंत ज्ञान

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट, 1881 के अंतर्गत विशेष रूप से चेक अनादरण (चेक डिसऑनर) से संबंधित मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए जिला ऊना और उपमंडल अम्ब स्थित न्यायालय परिसर में 18 जुलाई और 21 नवंबर को विशेष लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊना की सचिव शिखा लखनपाल ने बताया कि वित्तीय प्रकृति के ये मामले समझौता योग्य होने के कारण लोक अदालत जैसे वैकल्पिक विवाद निपटान तंत्र के माध्यम से प्रभावी ढंग से सुलझाए जा सकते हैं। इससे संबंधित पक्षों को त्वरित न्याय मिलने के साथ-साथ समय और धन दोनों की बचत होगी। उन्होंने संबंधित पक्षों से आग्रह किया है कि वे इन लोक अदालतों का लाभ उठाकर आपसी सहमति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में अपने मामलों का निपटारा सुनिश्चित करें। सचिव ने कहा कि लोक अदालतें न्याय प्रणाली को सरल, सुलभ एवं जनहितकारी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हैं, जिनके माध्यम से लंबित मामलों के शीघ्र समाधान को बढ़ावा मिल रहा है।

## श्रमिक-किसान मुद्दों पर 28 जून को होगा मंथन

### कर्नाटक के बेंगलुरु में आयोजित होगी राष्ट्रीय इंटक की 316वीं बैठक

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, ऊना।** देश के 3.5 करोड़ से अधिक सदस्यों वाले श्रमिक संगठन इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस (इंटक) की 316वीं राष्ट्रीय बैठक 28 जून को बेंगलुरु में आयोजित की जाएगी।

बैठक राष्ट्रीय इंटक के अध्यक्ष डॉ. जी. संजीव रेड्डी की अध्यक्षता में होगी। यह जानकारी राष्ट्रीय इंटक के सचिव एवं हिमाचल प्रदेश इंटक के महासचिव कामरेड जगत राम शर्मा ने शुक्रवार को जारी बयान में दी। उन्होंने बताया कि बैठक में

**◆ हिमाचल से इंटक अध्यक्ष बाबा हरदीप, महासचिव जगत राम लेंगे भाग**

हिमाचल प्रदेश से इंटक अध्यक्ष बाबा हरदीप सिंह, महासचिव जगत राम शर्मा, उमेश शर्मा तथा बाबा इंदर सिंह भाग लेंगे।

जगत राम शर्मा ने कहा कि बैठक में देश के सभी राज्यों से वरिष्ठ इंटक नेता अपने-अपने प्रदेशों की स्थिति और श्रमिक वर्ग से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करेंगे। बैठक का मुख्य एजेंडा कर्मचारी, कामगार, मजदूर और किसानों की समस्याओं पर केंद्रित रहेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार की नीतियों के कारण मजदूर, किसान और कर्मचारी वर्ग को नुकसान उठाना पड़ा है।

उन्होंने कहा कि पूर्व में कांग्रेस सरकार द्वारा बनाए गए 44 श्रम कानूनों को समाप्त कर दिया गया है तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों को कमजोर किया जा रहा है। जगत राम शर्मा ने कहा कि बैठक में श्रमिक और किसान वर्ग को संगठित कर विपक्षी गठबंधन के समर्थन में रणनीति पर भी चर्चा की जाएगी।

उन्होंने विपक्षी दलों से एकजुट होकर राहुल गांधी को प्रधानमंत्री पद के मजबूत चेहरे के रूप में आगे लाने की अपील की। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जनता से किए गए वादों को पूरा करने में विफल रही है और चुनावी प्रक्रिया में सरकारी एजेंसियों ईडी, सीबीआई, सीआईडी के दुरुपयोग जैसे मुद्दों पर भी बैठक में चर्चा होगी।

## मांजरू के जंगल में लगी भीषण आग पर पाया काबू

अनंत ज्ञान

**बड़ूही।** उपतहसील जोल की ग्राम पंचायत टकोली के मांजरू गांव के जंगलों में लगी भीषण आग पर कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार काबू पा लिया गया। आग तेजी से जंगल के बड़े हिस्से में फैल रही थी, जिससे वन संपदा के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों को भी खतरा पैदा हो गया था।

आग बुझाने के लिए वन विभाग की टीम के साथ स्थानीय ग्रामीण भी मौके पर डटे रहे। घंटों की मेहनत और संयुक्त प्रयासों के बाद आग पर नियंत्रण पाया गया। इस दौरान वनरक्षक अजय कुमार तथा वन मित्र प्रियंका ने विशेष भूमिका निभाई।

वहीं, ग्राम पंचायत टकोली के पूर्व उपप्रधान पंकज रणौत सहित सतीश कुमार, विनोद कुमार, नवजोत सिंह, रविंदर सिंह, कमल सिंह और बलबीर सिंह ने भी आग बुझाने में सक्रिय सहयोग दिया। सभी ने मिलकर लगातार प्रयास किए और आग को फैलने से रोकने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। स्थानीय लोगों के सहयोग और वन विभाग की तत्परता के चलते बड़ा नुकसान होने से बच गया।

## बिलासपुर के ऋषभ चौहान का भारतीय पेंचक सिलाट टीम में चयन

अनंत ज्ञान



अपने कोच जोगिंद्र के साथ ऋषभ

**ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ी ऋषभ चैहान ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। ऋषभ का चयन भारतीय पेंचक सिलाट टीम में 10वीं सीनियर एशियन पेंचक सिलाट चैंपियनशिप के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता आगामी 15 से 23 जुलाई तक वियतनाम में आयोजित की जाएगी, जिसमें एशिया के कई देशों के शीर्ष खिलाड़ी भाग लेंगे।

ऋषभ चौहान 45 किलोग्राम भार वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। जानकारी के अनुसार भारतीय टीम के चयन के लिए 17 और 18 मई को श्रीनगर स्थित शेर-ए-कश्मीर इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में विशेष चयन ट्रायल आयोजित किए गए थे। इस चयन प्रक्रिया में देशभर से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। ऋषभ चैहान पिछले चार वर्षों से हेमांग मार्शल आर्ट अकादमी में नियमित रूप से प्रशिक्षण ले रहे हैं। उन्होंने खेल के प्रति अपनी लगन, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। ऋषभ रोजाना कई घंटों तक अभ्यास करते हैं और अपनी फिटनेस पर विशेष ध्यान देते हैं। उनकी मेहनत का ही परिणाम है कि उन्होंने इंटर यूनिवर्सिटी पेंचक सिलाट चैंपियनशिप में लगातार दो बार गोल्ड मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

इसके अलावा उन्होंने कई राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भी शानदार प्रदर्शन किया है। ऋषभ ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, परिवार और विशेष रूप से अपने कोच जोगिंद्र आजाद को दिया है। उन्होंने कहा कि कोच के मार्गदर्शनए प्रेरणा और लगातार मिले सहयोग के कारण ही वह इस मुकाम तक पहुंच पाए हैं।

## बिलासपुर में कार से 5.97 ग्राम चिट्टे समेत दो युवक दबोचे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिला में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को एक और सफलता हाथ लगी है। पट्टा-कल्लर फोरलेन पर लगाए गए नाके के दौरान पुलिस टीम ने एक कार से 5.97 ग्राम चिट्टा बरामद कर दो युवकों को गिरफ्तार किया है। नाकेबंदी के दौरान पुलिस ने एक कार नंबर एचपी 29ए-7980 को जांच के लिए रोका तो कार में सवार दो युवकों के कब्जे से 5.97 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। आरोपियों की पहचान देव राज (37) पुत्र श्याम लाल, निवासी गांव बागी बिनोला और कपिल कुमार (34) पुत्र रोशन लाल, निवासी गांव बेरी बरमाना, जिला बिलासपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है तथा मामले की आगामी जांच जारी है।

## वरिष्ठ नागरिक सभा ने युवा नेतृत्व की जीत का किया स्वागत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** वरिष्ठ नागरिक सभा बिलासपुर के महासचिव मस्तराम वर्मा, सुशील पुंडीर, सरदार रछपाल सिंह, अब्दुल मजीद, जीतराम सुमन सहित पदाधिकारियों ने नगर परिषद में युवा वर्ग की जीत पर प्रसन्नता व्यक्त की है। सभा के सदस्यों ने कहा कि युवाओं के नेतृत्व से नगर विकास कार्यों में नई सोच और ऊर्जा आएगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि नई नगर परिषद शहर की मूलभूत समस्याओं जैसे स्वच्छता, यातायात, पेयजल, सीवरेज और अन्य जनसुविधाओं के समाधान में प्रभावी कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि जनता ने युवा नेतृत्व पर भरोसा जताया है और अब नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों से ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ सर्वांगीण विकास की अपेक्षा है।

## जंगलों को आग से बचाने के लिए जन सहयोग बेहद जरूरी : राजीव कुमार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** गर्मी के मौसम की शुरुआत के साथ ही वनों में आग की बढ़ती संभावनाओं को देखते हुए बिलासपुर वन मंडल द्वारा जिला भर में व्यापक स्तर पर सतर्कता, जागरूकता एवं रोकथाम अभियान तेज कर दिया गया है ताकि वन संपदा, वन्य प्राणियों एवं पर्यावरण को आग से होने वाली क्षति से सुरक्षित रखा जा सके।

**◆ बिलासपुर वन मंडल ने बढ़ाई चैकसी, 45 फायर वॉचर्स तैनात**

वन मंडलाधिकारी बिलासपुर राजीव कुमार ने बताया कि जंगलों को आग से सुरक्षित रखने के लिए विभाग द्वारा सामुदायिक सहभागिता को प्राथमिकता देते हुए विभिन्न स्तरों पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने जिला की समस्त जनताए युवा मंडल, महिला मंडलों, सांझा वन प्रबंधन समितियों, वन विकास समितियों तथा गैर सरकारी संगठनों से अपील करते हुए कहा कि वन हमारी अमूल्य प्राकृतिक धरोहर हैं और इनकी सुरक्षा करना प्रत्येक नागरिक का नैतिक एवं सामाजिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि जंगलों में लगने वाली आग से न केवल बहुमूल्य वन संपदा को भारी नुकसान पहुंचता है, बल्कि असंख्य वन्य जीव-जंतु, पेड़-पौधे, घास एवं झाड़ियों भी नष्ट हो जाती हैं तथा स्थानीय लोगों को पशुओं के लिए चारे और ईंधन की कमी जैसी समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है।

उन्होंने बताया कि वन अग्नि की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विभाग द्वारा प्रत्येक बीट स्तर पर सामुदायिक कार्यशालाएं, जनजागरूकता कार्यक्रम तथा अन्य गतिविधियां नियमित रूप से आयोजित की जा रही हैं। जिला में 45 फायर वॉचर्स लगातार संवेदनशील क्षेत्रों पर नजर बनाए हुए हैं, ताकि किसी भी आग की घटना की सूचना तुरंत प्राप्त हो सके और समय रहते आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बताया कि जिन क्षेत्रों में आग लगने की आशंका अधिक रहती है वहां आवश्यकता अनुसार फायर लाइनें तैयार की गई हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि कोई भी व्यक्ति जानबूझकर जंगलों में आग न लगाए। यदि किसी कारणवश आग लग जाती है तो स्थानीय लोग तुरंत एकजुट होकर आग बुझाने का प्रयास करें तथा इसकी सूचना शीघ्र वन विभाग को दें।

## महंगाई से त्रस्त जनता का 'खून चूस' रही केंद्र सरकार : संदीप सांख्यान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया को-ऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने केंद्र की भाजपा सरकार पर महंगाई को लेकर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि



लगातार बढ़ती कीमतों ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। उनके अनुसार, दस दिनों के भीतर तीसरी बार पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ना सरकार की जनता के प्रति संवेदनहीनता को दर्शाता है। सांख्यान ने आरोप लगाया कि देश आर्थिक दबाव और महंगाई के दौर से गुजर रहा है तथा अर्थव्यवस्था कमजोर स्थिति की ओर बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय रिजर्व बैंक द्वारा दी गई चेतावनियों के बावजूद सरकार महंगाई पर नियंत्रण नहीं कर पा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि कॉमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से होटल, ढाबा और छोटे व्यवसायी प्रभावित हो रहे हैं, जबकि पेट्रोल-डीजल की बढ़ोतरी का सीधा असर आम जनता पर पड़ रहा है। संदीप सांख्यान ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता से किए गए वादों को पूरा करने में सरकार विफल रही है और महंगाई ने आम जीवन को प्रभावित किया है।

## बिलासपुर में सीवरेज एवं वेस्ट वाटर प्रबंधन सुधार पर हुई चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर स्थित जलशक्ति विश्रामगृह में सीवरेज और वेस्ट वाटर प्रबंधन को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें शहर में चल रहे सीवरेज कार्यों की प्रगति और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की गई। फ्रांस से आए विशेषज्ञ निकोल्स डी लौंगेक्स, विभागीय अधिकारी, वरिष्ठ नागरिक सभा, स्वयं सहायता समूहों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। वरिष्ठ नागरिक सभा ने सीवरेज कार्य की धीमी गति, सड़कों की खुदाई के बाद खराब मरम्मत और मलबा न हटाने पर चिंता जताई। इस पर अधिकारियों ने बरसात से पहले मलबा हटाने और सड़क मरम्मत पूरी करने के निर्देश दिए। बैठक में तय हुआ कि कार्य अब चरणबद्ध तरीके से होगा एक क्षेत्र का काम पूरा होने के बाद ही दूसरे क्षेत्र में काम शुरू किया जाएगा। साथ ही शहर से सटे गांवों तक सीवरेज सुविधा विस्तार पर सहमति बनी। फिलहाल मुख्य लाइन बिछाने का काम जारी है, जिसके बाद घर-घर कनेक्शन के लिए सर्वे किया जाएगा। अंत में वरिष्ठ नागरिक सभा ने इस पहल के लिए विभाग का आभार जताया और ऐसी कार्यशालाओं के नियमित आयोजन की मांग की।

## बिलासपुर में पंचायत चुनाव के लिए 557 मतदान केंद्र, सुरक्षा व्यवस्था सख्त

**अनत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि आगामी 26, 28 और 30 मई को होने वाले पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के लिए जिले में कुल 557 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। इनमें 47 अतिसंवेदनशील, 130 संवेदनशील और 380 सामान्य मतदान केंद्र शामिल हैं। विकास खंडवार आंकड़ों के अनुसार सदर में 152, घुमारवीं में 191, झंडूता में 135 तथा श्री नयना देवी जी में 79 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। सदर विकास खंड में 9 अतिसंवेदनशील और 28 संवेदनशील, घुमारवीं में 9 अतिसंवेदनशील और 77 संवेदनशील, झंडूता में 26 अतिसंवेदनशील और 20 संवेदनशील तथा श्री नयना देवी जी में 3 अतिसंवेदनशील और 5 संवेदनशील मतदान केंद्र चिन्हित किए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किए जाएंगे।

## झंडूता के डॉ. अनु कुमार विश्व के शीर्ष 5 प्रतिशत वैज्ञानिकों में शामिल

अनंत ज्ञान



**झंडूता।** झंडूता उपमंडल के गांव जेओरा निवासी एवं चंडीगढ़ विश्वविद्यालय, मोहाली के बायोटेक्नोलॉजी विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अनु कुमार को वर्ष 2025 साइरैंक ग्लोबल ऑफिशियल रजिस्ट्री में विश्व के शीर्ष 5 प्रतिशत वैज्ञानिकों में स्थान मिला है। यह उपलब्धि क्षेत्र, जिला बिलासपुर और हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व का विषय है।

डॉ. अनु कुमार स्वर्गीय जय प्रकाश शास्त्री (सेवानिवृत्त शिक्षक) और व्यासा देवी (सेवानिवृत्त कृषि अध्यापिका) के पुत्र हैं। वे लंबे समय से जैव प्रौद्योगिकी, नैनो टेक्नोलॉजी, खाद्य सुरक्षा, सूक्ष्मजीव विज्ञान, जैव उर्वरक और पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में शोध कर रहे हैं। उनके शोध पत्र और वैज्ञानिक लेख अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहे गए हैं।

उनका प्रमुख शोध एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस जैसी वैश्विक स्वास्थ्य चुनौती पर केंद्रित है। वह एंटीबायोटिक दवाओं के दुरुपयोग से उत्पन्न खतरों पर जागरूकता और सुरक्षित विकल्पों के विकास पर कार्य कर रहे हैं। साथ ही, वे टिकाऊ कृषि और जैव उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने में भी सक्रिय हैं। इस उपलब्धि पर डॉ. अनु कुमार ने अपने मार्गदर्शकों, सहकर्मियों और परिवार का आभार जताते हुए कहा कि यह सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने भविष्य में और प्रभावशाली शोध कार्य करने की बात कही।

स्थानीय सामाजिक संगठनों और शिक्षाविदों ने उन्हें बधाई देते हुए इसे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया।

## परोही स्कूल में छात्रों को स्वास्थ्य पोषण व नशे से बचाव के दिए टिप्स




प्रतिभागी बच्चे तथा स्वास्थ्य विभाग कर्मी व अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सदर ब्लॉक मार्कंड के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेंद्र सिंह बावा के दिशा-निर्देश में शुक्रवार को राजकीय हाई स्कूल परोही में किशोर स्वास्थ्य दिवस आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अध्यापक अंकिता ने की।

हेल्थ एजुकेटर मस्तराम ने राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 10 से 19 वर्ष आयु वर्ग के किशोर-किशोरियों को स्वास्थ्य, पोषण, मानसिक स्वास्थ्य, नशे से बचाव, एनीमिया, प्रजनन स्वास्थ्य और गैर संचारी रोगों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि किशोरावस्था में सही परामर्श और स्वस्थ जीवनशैली बेहद जरूरी है, ताकि युवा स्वस्थ और जिम्मेदार नागरिक बन सकें।

कार्यक्रम में तंबाकू और नशे के दुष्प्रभावों पर भी विस्तार से जानकारी दी गई तथा विद्यार्थियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस दौरान किशोर-किशोरियों की एचबी, शुगर, लंबाई और वजन की जांच भी की गई। कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता आयोजित कर विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा वर्कर, स्कूल स्टाफ सहित 79 लोगों ने भाग लिया। अंत में सभी प्रतिभागियों को फल वितरित किए गए।

## त्रिलोक जम्वाल बोले-कांग्रेस की गारंटियां निकलीं 'चुनावी शिगूफा'

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि कांग्रेस सरकार सत्ता में आने के साढ़े तीन साल बाद भी झूठ और छलावे की राजनीति कर रही है।



उन्होंने आरोप लगाया कि पंचायत चुनावों के बीच आयोजित मंत्रिमंडल बैठक के जरिए सरकार ने एक बार फिर जनता को गुमराह करने का प्रयास किया है। जम्वाल ने कहा कि कांग्रेस ने चुनावों के दौरान सभी महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपये देने की गारंटी दी थी, लेकिन अब केवल आईआरडीपी और दो लाख रुपए से कम वार्षिक आय वाली महिलाओं तक इसे सीमित करने की बात की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने मंत्रिमंडल के फैसलों पर आधिकारिक प्रेस ब्रीफिंग तक नहीं की, जिससे उसकी नीयत साफ दिखाई देती है।

**◆ पंचायत चुनावों से पहले जनता को गुमराह करने की कोशिश का लगाया आरोप**

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने 2022 विधानसभा चुनाव में झूठी गारंटियों के दम पर सत्ता हासिल की, लेकिन न महिलाओं को 1500 रुपये मिले, न युवाओं को रोजगार और न ही दूध व गोबर खरीद को लेकर किए गए वादे पूरे हुए। उन्होंने कहा कि सरकार जनहित के बजाय लगातार टैक्स बढ़ाकर और संस्थान बंद करके जनता पर बोझ डाल रही है।

त्रिलोक ने कहा कि नगर निकाय चुनावों में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों की हार के बाद अब सरकार पंचायत चुनावों में भी हार से डरी हुई है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की महिलाएं अब कांग्रेस के 'बहकावे' में आने वाली नहीं हैं और पंचायत चुनावों में भी कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ेगा।

# चंबा में महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

## एसी-टू-डीसी के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन, केंद्र सरकार पर जमकर बोला हमला

अनंत ज्ञान



पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की कीमतों के विरोध में प्रदर्शन करते कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

**चंबा।** देश और प्रदेश में लगातार बढ़ रही महंगाई, पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की कीमतों के विरोध में शनिवार को चंबा जिले में कांग्रेस पार्टी ने जोरदार प्रदर्शन किया। विधायक नीरज नैय्यर और जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत शर्मा भरमौरी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उपायुक्त कार्यालय परिसर के बाहर धरना-प्रदर्शन कर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान यह महंगाई कहां से आई-भाजपा लाई, भाजपा लाई और महंगाई की मार, नहीं सहेगा परिवार जैसे नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ रोष प्रकट किया।

धरना-प्रदर्शन के बाद कांग्रेस नेताओं ने एसी-टू-डीसी चंबा मनमोहन सिंह के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ रही कीमतों पर गहरी चिंता जताते हुए केंद्र सरकार को आम जनता को राहत देने में विफल रहने का आरोप लगाया गया। ज्ञापन में कहा गया कि लगातार बढ़ रही महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी से गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों का घरेलू बजट पूरी तरह बिगड़ चुका है। उन्होंने कहा कि रोजमर्रा की जरूरतों से जुड़े सामानों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे हर वर्ग आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। विधायक नीरज ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों का खामियाजा आज देश की जनता भुगत रही है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि से परिवहन महंगा हुआ है, जिसका असर हर जरूरी वस्तु पर पड़ा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के हितों के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत शर्मा भरमौरी ने कहा कि केंद्र सरकार महंगाई और बेरोजगारी पर नियंत्रण करने में पूरी तरह विफल रही है। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने भाग लिया और केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज करवाया।

# स्कूल वाहनों का किया जाए निरीक्षण: उपायुक्त

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने कहा कि जिले में विद्यार्थियों को सुरक्षित और सुगम परिवहन सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए सभी विद्यालयों से जुड़े वाहनों तथा निजी वाहनों का संबंधित विभाग द्वारा अनिवार्य निरीक्षण किया जाए और इसकी रिपोर्ट निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत की जाए। वे जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे, जो एनआईसी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में सड़क सुरक्षा, दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि सड़क दुर्घटना पीड़ितों को प्रधानमंत्री राहत योजना के तहत समय पर सहायता और उपचार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने दुर्घटनाओं के आंकड़ों की समीक्षा करते हुए शराब या नशे की हालत में वाहन चलाने के मामलों की विस्तृत रिपोर्ट भी तलब की। आरटीओ को बिना फिटनेस वाहनों पर कार्रवाई, पुलिस को बिना हेलमेट व बिना नंबर प्लेट वाहनों के खिलाफ सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए गए। अनाधिकृत पार्किंग, अतिक्रमण, स्कूलों के पास स्पीड ब्रेकर और प्रमुख स्थानों पर रेड लाइट लगाने के भी आदेश दिए गए। बैठक में विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# एनएच-154ए पर धुंधले और ढके बोर्ड से डलहौजी जाने वाले पर्यटक हो रहे परेशान

अनंत ज्ञान



**अजीत सिंह, डलहौजी।** पर्यटन नगरी डलहौजी की पहचान अब राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगे दिशा सूचक बोर्डों से ही गायब होती नजर आ रही है। एनएच-154ए मार्ग पर बनीखेत में लगे साइन बोर्ड पर जहां चंबा 46 किलोमीटर, भरमौर 109 किलोमीटर और किलाड़ 211 किलोमीटर स्पष्ट रूप से लिखा दिखाई देता है, वहीं डलहौजी का नाम या तो पूरी तरह ढका हुआ है या फिर इतना धुंधला पड़ चुका है कि पढ़ना तक मुश्किल हो गया है। पर्यटन सीजन के चलते दिन-रात बड़ी संख्या में सैलानी डलहौजी पहुंच रहे हैं, लेकिन दिशा सूचक बोर्डों की खराब स्थिति के कारण कई पर्यटक रास्ता भटककर दूसरी ओर पहुंच जा रहे हैं। स्थानीय लोगों और पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों का कहना है कि पिछले लंबे समय से एनएच के इन बोर्डों पर डलहौजी का नाम ढका हुआ पड़ा है, लेकिन न तो एनएच विभाग और न ही प्रशासन इस ओर कोई ध्यान दे रहा है। लोगों का कहना है कि जब देश-विदेश से आने वाले पर्यटक ही सही दिशा नहीं पहचान पाएंगे तो पर्यटन नगरी की छवि पर इसका सीधा असर पड़ना तय है। व्यवसायियों ने चिंता जताते हुए कहा कि डलहौजी का पर्यटन कारोबार पहले ही मंदी की मार झेल रहा है। होटल, टैक्सी और छोटे कारोबारियों की उम्मीदें पर्यटन सीजन पर टिकी रहती हैं, लेकिन इस तरह की लापरवाही पर्यटकों को भ्रमित कर रही है और पर्यटन व्यवसाय को नुकसान पहुंचा रही है।

पर्यटन कारोबारियों ने सवाल उठाए हैं कि आखिर यह केवल विभागीय लापरवाही है या फिर जानबूझकर डलहौजी की अनदेखी की जा रही है? लोगों ने प्रशासन और एनएच प्राधिकरण से मांग की है कि तुरंत प्रभाव से दिशा सूचक बोर्डों को ठीक कर स्पष्ट रूप से डलहौजी का नाम प्रदर्शित किया जाए, ताकि पर्यटकों को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

# चूड़ी-सर साफट सड़क पर जरा संभलकर

## जर्जर सड़क पर हिचकोले खाते हुए निकलते वाहन, हर समय हादसे का डर

अनंत ज्ञान



सड़क का हिस्सा लगातार धंस रहा। अनंत ज्ञान

**देशराज कश्यप, धरवाला।** एनएचपीसी चमेरा चरण-3 परियोजना के अधीन आने वाला चूड़ी से सर साफट नामक स्थान तक करीब साढ़े तीन किलोमीटर लंबा सड़क मार्ग इन दिनों लोगों के लिए बड़ी परेशानी और खतरे का कारण बना हुआ है। राडी-भटवाड़ा पंचायत को जोड़ने वाला यह एकमात्र सड़क मार्ग लगातार धंसता जा रहा है, लेकिन संबंधित विभाग अब तक कोई ठोस कदम उठाता नजर नहीं आ रहा।

गत वर्ष आई प्राकृतिक आपदा के बाद से सर साफट नामक स्थान पर सड़क का हिस्सा लगातार धंस रहा है। सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि यहां सफर करना जोखिम भरा बन गया है। प्रतिदिन दर्जनों छोटे-बड़े वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं, लेकिन उबड़-खाबड़ और जर्जर सड़क पर वाहन हिचकोले खाते हुए निकलते हैं, जिससे वाहन चालकों और यात्रियों की सांसें थम जाती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क के नीचे की जमीन लगातार खिसक रही है, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। वाहन चालकों को हर समय वाहन पलटने का डर सताता रहता है। स्थानीय निवासी रमेश भारद्वाज, अनित, अनिल, पूर्ण सिंह, सोनू, निक्कू, अमरजीत, भगत सिंह, कृष्णा, गुतला, सपना और मनीषा सहित अन्य लोगों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग उठाई है कि सर साफट नामक स्थान पर सड़क की तत्काल मरम्मत करवाई जाए, ताकि लोगों का सफर सुरक्षित और सुगम बन सके। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सड़क की सुध नहीं ली गई तो आने वाले समय में बड़ा हादसा होने से इनकार नहीं किया जा सकता।

# जिप उम्मीदवारों का जिला स्तर पर घोषित होगा परिणाम

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) ने बताया कि जिला चंबा में हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज सामान्य निर्वाचन-2026 के तहत जारी कार्यक्रम के अनुसार, 26, 28 तथा 30 मई को तीन चरणों में मतदान संपन्न करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदान प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत वार्ड सदस्य, उप प्रधान व प्रधान के मतपत्रों की गणना मतदान के पश्चात उसी दिन संबंधित पंचायत में होगी और परिणाम घोषित किया जाएगा। इसी तरह जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के मतपत्रों की गणना 31 मई को उपमंडल एवं खंड स्तर पर की जाएगी। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम 75(1i) के तहत निर्धारित प्रावधानों के अनुसार, जिला परिषद सदस्य के लिए मतगणना उपरांत परिणाम पत्र तैयार किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि जिला परिषद सदस्य के मतपत्र लेखा तथा प्रपत्र-38 भाग-1 को मोहरबंद लिफाफे में 31 मई को जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) कार्यालय चंबा में समय पर प्रेषित किया जाएगा और जिला स्तर पर परिणामों का संकलन कर उपायुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अंतिम परिणाम घोषित किया जाएगा।

# मैथ्स लैब प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

अनंत ज्ञान



पधर में गणित प्रयोगशाला और मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन। अनंत ज्ञान

**चंबा।** असेंट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पधर में आयोजित गणित प्रयोगशाला (मैथ्स लैब) और मॉडल प्रदर्शनी ने यह साबित कर दिया कि सही मार्गदर्शन और व्यावहारिक शिक्षा के माध्यम से गणित जैसे कठिन विषय को भी बेहद आसान और रोचक बनाया जा सकता है। नौवीं से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने इस अनूठी प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए एक से बढ़कर एक वर्किंग मॉडल्स और आकर्षक चार्ट्स प्रस्तुत किए।

विद्यालय परिसर में सजी इस गणित प्रदर्शनी में विद्यार्थियों की रचनात्मकता, तार्किक सोच और गणितीय कौशल ने सभी को प्रभावित किया। कठिन माने जाने वाले सिद्धांतों को बच्चों ने बेहद सरल और व्यावहारिक तरीके से प्रस्तुत कर यह साबित कर दिया कि गणित केवल किताबों तक सीमित विषय नहीं, बल्कि समझ और प्रयोग का विज्ञान है। प्रतियोगिता में दसवीं कक्षा की प्रिया ठाकुर और दीक्षा ठाकुर द्वारा तैयार पायथागोरस थ्योरम मॉडल को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। उनके मॉडल ने प्रमेय को इतने सहज तरीके से समझाया कि दर्शक भी प्रभावित हुए। इसी विषय पर अनिकेत और हितेश की प्रस्तुति को भी खूब सराहना मिली। दसवीं कक्षा के सूर्या और ऋषभ ने फ्रेक्शनल नंबर्स को सरल बनाने वाला प्रभावी मॉडल प्रस्तुत किया, जबकि शिवम, चिन्मय और सार्थक ने मैथमेटिकल रूट्स को आसान तकनीकों से समझाकर सबका ध्यान आकर्षित किया। छात्रा शिवांगी ने त्रिकोणमिति को याद रखने के लिए एक नया और अनोखा फॉर्मूला प्रस्तुत किया, जिसे शिक्षकों ने भी सराहा। नौवीं कक्षा की दीक्षा शर्मा, शरण्या गुलेरिया, पल्लवी, सोनाक्षी, लताशा और जन्नत ने अलजेब्रा के मॉडल्स के जरिए बीजगणित को सरल रूप में प्रस्तुत किया। वहीं बारहवीं कक्षा की अंशिका और ठाकुर नीलम कुमारी ने भी अलजेब्रा सूत्रों को नए अंदाज में पेश कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार इस प्रकार की व्यावहारिक कार्यशालाओं के कारण इस वर्ष भी असेंट स्कूल का गणित विषय में परीक्षा परिणाम ऐतिहासिक रहा। दसवीं कक्षा में कई विद्यार्थियों ने 100 में से 100 अंक हासिल किए, जबकि बारहवीं कक्षा में इशिता ठाकुर ने भी पूर्ण अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। जिला स्तर पर आयोजित गणित ओलंपियाड में भी विद्यालय की ईशा ठाकुर ने मंडी जिला में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी कारण दूर-दूर से विद्यार्थी असेंट स्कूल में प्रवेश लेकर गणित विषय में बेहतर शिक्षा प्राप्त करने आते हैं।

# आरबीआई फंड ट्रांसफर पर घिरा केंद्र चीमा बोले-राज्यों का छीना जा रहा हक

अनंत ज्ञान

◆ **पंजाब के वित्त मंत्री ने केंद्र पर लगाया संघीय ढांचे को कमजोर करने का आरोप**

**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा केंद्र सरकार को लगभग 2.87 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड फंड ट्रांसफर को लेकर भाजपा सरकार पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार अपने बढ़ते वित्तीय घाटे को पूरा करने के लिए आरबीआई का इस्तेमाल 'निजी खजाने' की तरह कर रही है, जबकि राज्यों को उनके अधिकारों और हिस्सेदारी से वंचित रखा जा रहा है।

चीमा ने सरकारी आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि वर्ष 2014 से अब तक केंद्र सरकार आरबीआई से लगभग 14.29 लाख करोड़ रुपए प्राप्त कर चुकी है। उन्होंने दावा किया कि इस राशि का आधे से अधिक हिस्सा केवल पिछले तीन वर्षों में ट्रांसफर किया गया है। उनके अनुसार, इतनी बड़ी मात्रा में आरबीआई के भंडार का लगातार इस्तेमाल देश की वित्तीय स्थिरता और केंद्रीय बैंक की संस्थागत मजबूती पर गंभीर सवाल खड़े करता है। हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि आरबीआई का सरप्लस केवल केंद्र सरकार की वजह से नहीं, बल्कि देश के सभी राज्यों की आर्थिक गतिविधियों, व्यापार, कर संग्रह और वित्तीय योगदान से बनता है। इसलिए राज्यों को भी इन फंडों में उनका वैधानिक और न्यायसंगत हिस्सा मिलना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार पूरे फंड को अपने पास केंद्रित कर सहकारी संघवाद की भावना को ठेस पहुंचा रही है।

उन्होंने कहा कि यदि केंद्र सरकार वैश्विक आर्थिक दबाव और वित्तीय चुनौतियों का सामना कर रही है, तो राज्य भी महंगाई, बढ़ते प्रशासनिक खर्च और कल्याणकारी योजनाओं के अतिरिक्त बोझ से जूझ रहे हैं। ऐसे में राज्यों को वित्तीय रूप से कमजोर करना देश के संघीय ढांचे के लिए सही नहीं है। वित्त मंत्री ने भाजपा सरकार की आर्थिक नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि आरबीआई से लगातार बड़ी रकम लेने के बावजूद आम जनता को राहत नहीं मिल रही। पेट्रोल, डीजल और घरेलू रसोई गैस की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, जिससे आम आदमी पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में महंगाई लगातार लोगों की परेशानियां बढ़ा रही है।

# ट्रैक्टर की टक्कर से 10वीं के छात्र की मौत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हांसी के उमरा-रोहनात रोड पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में दसवीं कक्षा के 16 वर्षीय छात्र नवनीत की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है, जबकि परिजनों ने आरोपी ट्रैक्टर चालक की गिरफ्तारी तक अंतिम संस्कार न करने का फैसला लिया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर रात नवनीत अपने पिता मनोज के साथ बाइक पर खेत से घर लौट रहा था। रास्ते में बाइक का पेट्रोल खत्म होने पर दोनों ने बाइक सड़क किनारे खड़ी कर दी। मनोज पेट्रोल लेने गांव चले गए, जबकि नवनीत वहीं खड़ा रहा। परिजनों का आरोप है कि अवैध रूप से मिट्टी ढो रहा तेज रफ्तार ट्रैक्टर सड़क किनारे खड़े नवनीत को टक्कर मार गया। आरोप यह भी है कि चालक घायल छात्र को अस्पताल ले जाने के बजाय झाड़ियों में फेंककर फरार हो गया।

घटना की सूचना पुलिस ने फोन के जरिए परिजनों को दी। शनिवार को आरोपी चालक द्वारा माफी मांगने की बात कहे जाने पर ग्रामीणों और परिवार में रोष और बढ़ गया। पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए हांसी के सामान्य अस्पताल में रखवाया गया है।

# गुरुग्राम : घोड़ा गाड़ी पर चढ़कर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने महंगाई के खिलाफ जताया विरोध

अनंत ज्ञान



**गुरुग्राम।** पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस व अन्य वस्तुओं की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी और नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर शनिवार को यहां कांग्रेस ने अनोखा प्रदर्शन किया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में घोड़ा गाड़ी पर चढ़कर विरोध प्रदर्शन किया गया। लघु सचिवालय में एसडीएम हितेंद्र शर्मा को ज्ञापन सौंपा।

जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से इस विरोध मार्च में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन की अगुवाई प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने की। ताऊ देवीलाल स्टेडियम द्वार से शुरू हुआ यह प्रदर्शन लघु सचिवालय तक पहुंचा। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने घोड़ा गाड़ी पर बैठकर यह संदेश दिया कि पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों ने आम आदमी की जिंदगी को पीछे धकेल दिया है। कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस अवसर पर राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। एक तरफ जनता महंगाई से परेशान है, वहीं दूसरी तरफ युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों ने आम परिवार की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। भाजपा सरकार जनता को राहत देने के बजाय लगातार आर्थिक बोझ बढ़ा रही है। दूसरी ओर नीट पेपर लीक जैसे मामलों ने देश के मेहनती युवाओं का विश्वास तोड़ा है। सरकार न महंगाई रोक पा रही है और न ही परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता बनाए रख पा रही है। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस जनता की आवाज बनकर सडक़ों पर संघर्ष करती रहेगी और महंगाई व भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन जारी रहेगा।

# ग्रीवेंस मीटिंग में शिकायतकर्ता गायब मंत्री का अधिकारियों पर फूटा गुस्सा

**अनंत ज्ञान, फतेहाबाद।** फतेहाबाद में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी की अध्यक्षता में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक में मंत्री का सख्त रुख देखने को मिला। शिकायतकर्ता के बैठक में न पहुंचने पर मंत्री अधिकारियों पर भड़क गए और लापरवाही पर जमकर फटकार लगाई।

बिजली निगम से जुड़ी शिकायत की सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता सुरेंद्र सिंह के अनुपस्थित रहने पर मंत्री ने एक्सईएन कृष्ण कुमार से नाराजगी जताते हुए कहा कि पूरा प्रशासनिक अमला यहां मौजूद है, लेकिन शिकायतकर्ता तक को नहीं बुलाया गया। मंत्री ने मामले को लंबित रखते हुए अगली बैठक में शिकायतकर्ता की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

एक अन्य मामले में गांव बनमंदोरी में अवैध स्कूल चलने की शिकायत पर मंत्री ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को तुरंत मौके पर जांच के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि यदि स्कूल खुला मिला तो अधिकारी पर कार्रवाई होगी और शिकायत झूठी निकली तो शिकायतकर्ता के खिलाफ कदम उठाए जाएंगे। बैठक में रतिया के बीजेपी नेता कुलवंत सैनी की शिकायत पर भी मंत्री ने अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए। साथ ही अधूरी जानकारी देने पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाई।

बैठक के दौरान मंत्री कृष्ण कुमार बेदी द्वारा कांग्रेस विधायक जरनैल सिंह को गले लगाने की तस्वीर भी चर्चा में रही। करीब 10 महीने बाद जिले में किसी मंत्री की मौजूदगी में ग्रीवेंस बैठक आयोजित हुई।

# भगवंत मान व केजरीवाल ने जेल में बंद पूर्व मंत्री अरोड़ा से की मुलाकात

अनंत ज्ञान

◆ **धन शोधन के मामले में ईडी ने मंत्री संजीव अरोड़ा को किया था गिरफ्तार**

◆ **अदालत ने भेज रखा है 14 दिन की न्यायिक हिरासत**

**गुरुग्राम।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान शनिवार को भौंडसी स्थित गुरुग्राम जिला में बंद पंजाब के मंत्री संजीव अरोड़ा से मिलने पहुंचे। इस दौरान जेल की तरफ के रास्तों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध रहे। जेल प्रशासन से पूर्व अनुमति मिलने के बाद दोनों वरिष्ठ नेताओं ने मंत्री संजीव अरोड़ा से मुलाकात की।

बता दें कि पंजाब के मंत्री संजीव अरोड़ा को प्रवर्तन निदेशालय ने बीती नौ मई को मनी लॉन्ड्रिंग और 100 करोड़ रुपये से अधिक के फर्जी जीएसटी घोटाले के मामले में गिरफ्तार किया था। ईडी ने चंडीगढ़, दिल्ली और गुरुग्राम में उनके पांच ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी। चंडीगढ़ के सेक्टर-2 स्थित सरकारी आवास पर लंबी पूछताछ के बाद अरोड़ा को आधिकारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया था। गिरफ्तारी के बाद ईडी ने अरोड़ा को पहले सात दिन के रिमांड पर लिया। 10 मई 2026 को गुरुग्राम की विशेष अदालत में हुई सुनवाई के बाद उन्हें सात दिन की ईडी रिमांड पर भेजा गया था। पूछताछ के दौरान दो दिन का अतिरिक्त रिमांड भी मिला। पूछताछ पूरी होने के बाद अदालत ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया, जिसके बाद से वह भोंडसी जेल में बंद हैं। जेल सूत्रों के अनुसार दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की संजीव अरोड़ा से मुलाकात पूरी तरह तय प्रक्रिया के तहत हुई और जेल मैनुअल के नियमों का पालन किया गया। मुलाकात के दौरान जेल प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां सतर्क रहीं।

# यमुनानगर :देसी कट्टे समेत दो आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, यमुनानगर।** यमुनानगर पुलिस की अपराध शाखा-2 ने अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को देसी कट्टे सहित गिरफ्तार किया है। पूछताछ के आधार पर पुलिस ने हथियार उपलब्ध कराने वाले दूसरे आरोपी को भी दबोच लिया। दोनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

अपराध शाखा-2 के प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि एक युवक गांव कुलपुर क्षेत्र में अवैध हथियार लेकर संदिग्ध गतिविधियों में घूम रहा है और किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना के बाद टीम गठित कर मौके पर भेजी गई। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध देसी कट्टा बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी की पहचान गांव मिल्क निवासी लवप्रीत के रूप में हुई। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि उसने बरामद हथियार गांव लवाना निवासी रवि से खरीदा था।

# नारनौल की सरेली पहाड़ियों में फिर भड़की आग, वन संपदा को नुकसान

अनंत ज्ञान



**नारनौल।** जिले के निजामपुर क्षेत्र स्थित गांव सरेली की पहाड़ियों में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। तेज गर्मी और सूखी झाड़ियों के कारण आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें दूर-दूर तक दिखाई देने लगीं, जिससे आसपास के ग्रामीणों में दहशत फैल गई। इस घटना में पहाड़ियों पर मौजूद हरे-भरे पेड़-पौधों और वन्य जीवों को भारी नुकसान पहुंचा है।

ग्रामीणों के अनुसार शुक्रवार शाम पहाड़ियों की ओर से धुआं उठता दिखाई दिया। देखते ही देखते आग तेजी से फैलने लगी और पूरे क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना फायर ब्रिगेड विभाग को दी, लेकिन दमकल विभाग की गाड़ी करीब दो घंटे बाद मौके पर पहुंची। तब तक आग काफी बड़े इलाके में फैल चुकी थी। आग बुझाने के लिए ग्रामीणों ने भी अपने स्तर पर प्रयास शुरू कर दिए। कई लोग पानी और टहनियों की मदद से आग रोकने में जुटे रहे, लेकिन पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण राहत कार्य में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। रास्ते कठिन होने की वजह से दमकल कर्मियों को भी आग तक पहुंचने में परेशानी हुई। फायर ब्रिगेड कर्मचारियों और ग्रामीणों ने करीब पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद देर रात आग पर काबू पाया। ग्रामीणों का कहना है कि एक सप्ताह के भीतर पहाड़ियों में दूसरी बार आग लगना चिंता का विषय है।

गांव के सरपंच और ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही आग की घटनाओं को गंभीरता से लिया जाए। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले दिनों में पर्यावरण, वन संपदा और वन्य जीवों को और अधिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। ग्रामीणों ने पहाड़ी क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने और त्वरित राहत व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग भी उठाई है।

# फतेहाबाद में पेयजल किल्लत पर लोगों ने लगाया जाम



अनंत ज्ञान

**फतेहाबाद।** मई के महीने में सूरज की तपिश और भीषण गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। ऐसे में जब कंठ सुखाने वाली गर्मी में बूंद-बूंद पानी के लिए तरसना पड़े, तो जनता का सब्र टूटना लाजमी है।

ऐसा ही कुछ देखने को मिला जिले के टोहाना शहर में, जहां पिछले कई दिनों से पीने के पानी की गंभीर किल्लत से गुस्साए दमकोरा रोड कॉलोनी के निवासियों ने शनिवार को टोहाना-दमकोरा रोड पर चक्का जाम कर दिया। आक्रोशित प्रदर्शनकारियों ने तपती धूप में सड़क पर बैठकर सरकार और जन स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कॉलोनीवासियों ने कहा कि इस चिलचिलाती गर्मी में उनके घरों में कई दिनों से पीने का पानी तक नहीं आ रहा है। दैनिक कार्यों और नहाने के लिए पानी की नियमित आपूर्ति तो दूर की बात हो चुकी है। लोगों ने कहा कि इस जानलेवा गर्मी में पानी के बिना रहना नरक जैसा हो गया है। विभाग के अधिकारियों को बार-बार शिकायत दी गई, लेकिन एसी कमरों में बैठे अफसरों के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी।

सड़क जाम होने की सूचना मिलते ही शहर थाना प्रभारी कुलदीप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने तपती धूप में खड़े प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन लोग पानी की समस्या के स्थायी समाधान पर अड़े रहे। मामला बढ़ता देख जन स्वास्थ्य विभाग के जेई मुख्तार सिंह को मौके पर पहुंचना पड़ा। उन्होंने निवासियों को जल्द से जल्द नियमित पानी उपलब्ध कराने का पुख्ता आश्वासन दिया, जिसके बाद करीब आधे घंटे से लगा जाम खोला जा सका।

# कल थमेगा पंचायत चुनाव प्रचार का शोर

## 26 को पहले चरण का मतदान, 1280 पंचायतों में तैयारियां पूरी, 52 हजार युवा पहली बार डालेंगे वोट

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश में पंचायतीराज चुनाव के पहले चरण को लेकर सियासी सरगर्मियां अब अंतिम दौर में पहुंच गई हैं। 24 मई की शाम के साथ ही पहले चरण के चुनाव प्रचार का शोर थम जाएगा और इसके बाद प्रत्याशी केवल घर-घर जाकर ही मतदाताओं से संपर्क साध सकेंगे। राज्य निर्वाचन आयोग ने 26 मई को प्रदेश की 1280 पंचायतों में मतदान कराने की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रशासनिक अमला मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न करवाने के लिए पूरी तरह सक्रिय हो गया है। जानकारी के अनुसार शनिवार और सोमवार को पोलिंग पार्टियों की अंतिम रिहर्सल करवाई जाएगी, जिसके बाद मतदान दल अपने-अपने बूथों के लिए रवाना होंगे। मतदान खत्म होते ही उसी दिन प्रधान, उपप्रधान और वार्ड पंच पदों की मतगणना भी कर दी जाएगी।




गौरतलब है कि प्रदेश में पंचायत चुनाव तीन चरणों में कराए जा रहे हैं। पहले चरण के बाद 28 मई को दूसरे चरण में 1258 पंचायतों में मतदान होगा, जबकि 30 मई को तीसरे और अंतिम चरण के तहत 1170 पंचायतों में वोट डाले जाएंगे। जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के परिणाम 31 मई को घोषित किए जाएंगे। पंचायत चुनावों को लेकर गांवों में इस समय चुनावी माहौल पूरी तरह चरम पर है और प्रत्याशी अंतिम समय तक मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए लगातार जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं।

इस बार पंचायत चुनावों में युवा मतदाताओं की भूमिका बेहद अहम मानी जा रही है। प्रदेश में 52,349 नए मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग कर गांव की सरकार चुनेंगे। यह संख्या कुल मतदाताओं का करीब 1.03 प्रतिशत है। प्रदेशभर में कुल 50,79,048 मतदाता पंचायत चुनाव में हिस्सा लेंगे। इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या महिलाओं से अधिक है। जिलावार आंकड़ों के अनुसार कांगड़ा जिला 11.90 लाख मतदाताओं के साथ सबसे बड़ा चुनावी जिला बना हुआ है, जबकि लाहौल-स्पीति सबसे छोटा जिला है, जहां कुल 25,882 मतदाता पंजीकृत हैं। ग्राम पंचायतों के स्तर पर भी कई दिलचस्प आंकड़े सामने आए हैं। सिरमौर जिले के पांवटा साहिब की भाटावाली पंचायत प्रदेश की सबसे बड़ी पंचायतों में शामिल है, जहां 4,623 मतदाता दर्ज किए गए हैं। वहीं किन्नौर के पूह विकास खंड की सुमरा पंचायत सबसे छोटी पंचायतों में शामिल है, जहां केवल 178 मतदाता हैं।

### खेतों की मेड़ों से चौपाल, और घर-द्वार तक पहुंचा चुनावी शोर

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायत चुनावों ने गांवों की सियासी फिजा को पूरी तरह बदल दिया है। पहाड़ के खेतों, बाग-बगीचों, चौपालों व खलिहानों तक आजकल चुनावी हलचल साफ दिखाई दे रही है। पंचायत प्रतिनिधि बनने की चाह लिए उम्मीदवार सुबह की पहली किरण से लेकर देर शाम तक मतदाताओं के बीच पहुंच रहे हैं। कहीं खेतों में काम कर रहे किसानों-बागवानों के बीच चुनावी चर्चा हो रही है तो कहीं महिलाओं और बुजुर्गों से घर-द्वार जाकर समर्थन मांगा जा रहा है। पंचायत चुनावों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि गांव की राजनीति में आज भी व्यक्तिगत संपर्क और भरोसे की सबसे ज्यादा अहमियत है। जानकारी के अनुसार प्रदेश की 3,754 ग्राम पंचायतों में प्रधान, उपप्रधान, पंचायत सदस्य, पंचायत समिति और जिला परिषद के चुनावों को लेकर माहौल पूरी तरह गरमा गया है। राज्यभर में 70 हजार से अधिक उम्मीदवार मैदान में हैं और हर प्रत्याशी एक-एक वोट के लिए कड़ी मेहनत करता नजर आ रहा है। मई महीने में खेती-बाड़ी और बागवानी का काम अपने चरम पर होने के कारण उम्मीदवारों को भी अपनी रणनीति बदलनी पड़ी है। अब प्रत्याशी लोगों के घरों में इंतजार करने के बजाय सीधे खेतों तक पहुंच रहे हैं। खेतों में काम कर रहे किसानों-बागवानों के बीच सिंचाई, सड़क, पेयजल, बिजली और विकास जैसे मुद्दों पर लंबी चर्चाएं हो रही हैं। कई उम्मीदवार तो किसानों के साथ खेतों में समय बिताकर उनकी समस्याएं सुन रहे हैं ताकि जनता से सीधा जुड़ाव मजबूत हो सके। गांवों में चुनाव प्रचार अब केवल चौपालों तक सीमित नहीं रहा। सीधे तौर पर सोशल मीडिया ने भी पंचायत चुनावों को नया रंग दे दिया है। युवा वर्ग के बीच चुनावी वीडियो, व्यंग्य और हास्य क्लिप तेजी से वायरल हो रहे हैं। इन वीडियो में चुनावी मौसम में अचानक सक्रिय हुए नेताओं पर तंज कसे जा रहे हैं, जबकि कई जगह पुराने वादों की याद भी दिलाई जा रही है। दूसरी ओर महिला प्रत्याशी भी पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरी हुई हैं। करसोग सहित कई इलाकों में महिला उम्मीदवार खेत-खेत जाकर प्रचार कर रही हैं

# मैदान से पहाड़ तक राजकुमार राजू का तूफानी चुनाव प्रचार हुआ तेज






अनंत ज्ञान

**ओम शर्मा, बद्दी।** जिला परिषद मंधाला वार्ड में चुनावी माहौल पूरी तरह गरमा चुका है और प्रत्याशी राजकुमार राजू लगातार तूफानी चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। मैदान से लेकर पहाड़ी क्षेत्रों तक राजकुमार राजू का जनसंपर्क अभियान तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। गांव-गांव पहुंच रहे राजकुमार राजू को लोगों का भरपूर समर्थन और आशीर्वाद मिल रहा है।

◆ **कई जगह विरोधियों ने फाड़े पोस्टर, जनता बोली – 'फटे पोस्टर से निकलेगा हीरो'**

जिला परिषद मंधाला वार्ड से आज़ाद प्रत्याशी राजकुमार राजू ने थाना क्षेत्र के गांव ग्योल, नरंगपुर, डोरियां, सेरा, थाना, धर्मपुर, भूपनगर, कोटला, भटौलीकला, बोनी, शीतलपुर, लनदेआल, कल्याणपुर, दामोआल, मझोटू, सत्तीवाल, बटेड़, सूरजपुर, हरिपुर, टिपरा, कट्टल, बालूआना, जोहड़ापुर, कुल्हाड़ीवाला, मन्धाला, केम्वाला, सेंसीवाला, कोटियां, कुहड़ावाला, कलरावाली, कटीवाला, साईं, सोढ़ी, मलगन, कोंडी, ततोआ, स्लामु, अबरणी, फला, डाबरा, नालका, घरेड, बहमंडी, घणडोल, पट्टानाली, सालगा, खरोटा और चड्डुयार सहित दर्जनों गांवों में जनसंपर्क कर लोगों से समर्थन मांगा। चुनाव प्रचार के दौरान कई स्थानों पर राजकुमार राजू के पोस्टर फाड़े जाने की घटनाएं भी सामने आई हैं। हालांकि समर्थकों और स्थानीय लोगों का कहना है कि विरोधियों की इस हरकत से जनता में सहानुभूति और बढ़ी है। कई जगह लोगों ने कहा 'फटा पोस्टर निकलेगा हीरो' राजकुमार राजू ने पहाड़ी पंचायतों में स्वयं मोर्चा संभाल रखा है, जबकि उनकी धर्मपत्नी निचले मैदानी क्षेत्रों में लगातार प्रचार कर रही हैं। दोनों की सक्रियता और लगातार जनसंपर्क को लेकर क्षेत्र में चर्चा बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि राजकुमार राजू और उनकी पत्नी घर-घर जाकर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं और यही उनकी सबसे बड़ी ताकत बनती जा रही है।

क्षेत्र में बढ़ते जनसमर्थन के बीच राजनीतिक माहौल पूरी तरह चुनावी रंग में रंग चुका है। समर्थकों का दावा है कि राजकुमार राजू का प्रचार अभियान इस समय पूरे वार्ड में सबसे ज्यादा सक्रिय और प्रभावशाली नजर आ रहा है।

# पंचायत चुनाव में भाजपा में घमासान चरम पर

## किस-किस पर गिरेगी गाज, अब इसका इंतजार, कांग्रेस की हमदर्दी के पीछे क्या है राज?

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया हमीरपुर।** 'थ्री टायर' सिस्टम के पंचायती राज व्यवस्था में हो रहे चुनावों में भाजपा के भीतर जितना घमासान हमीरपुर जिले में मचा हुआ है, लगता नहीं किसी और जिले में हो। यहां दोनों गुटों के दरमियान जिस तरीके से लड़ाई की तलवारें अपना असर दिख रही हैं, लगता नहीं यहां की स्थिति संगठनात्मक ढांचे की चूलें हिलाने में कोई कोर कसर छोड़ रही हो। एकाद विधानसभा क्षेत्र को छोड़कर बाकी सभी में चर्चा इसी की हो रही है कि आखिर हो क्या रहा है क्या समीरपुर और उनके समर्थकों को खास अंदाज में प्रभावित करके नुकसान पहुंचाने की कोई विशेष योजना चल रही है, या फिर इस जिले में भाजपा का ढांचा आउट ऑफ कंट्रोल हो गया है।

कार्यकर्ताओं की समझ में यह चीज समझ नहीं आ रही कि यहां आखिर लीडर कौन है समरपुर से बंधे हुए लोग अभी भी लड़ाई लड़ रहे हैं मसाला चाहे बड़सर का हो हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र का हो या फिर सुजानपुर का यही स्थिति भोरंज विधानसभा क्षेत्र में भी कहीं



ना कहीं देखी तो जा सकती है। दर असल में जिला में भाजपा की भीतरी हालात की दशा दिशा जिस घोड़े पर सवार होकर चल रही है उसमें लगता है पार्टी की भीतरी जड़े हिल चुकी हैं। कारण यह है कि बड़सर हमीरपुर और सुजानपुर में नई भाजपा अपने अंदाज में सिस्टम को चलाने का दम भर रही है लेकिन समीरपुर से जुड़े हुए लोग या फिर पार्टी का पुराना कुनबा मौजूदा परिस्थितियों से बेहद आहत भी दिख रहा है।

मोटा-मोटा आइडिया यही लग रहा है कि घमासान पूरे यौवन पर है। इन पंचायत चुनावों के दरमियान अभी नहीं तो कभी नहीं की जो स्थिति चल रही है, उसमें पार्टी का अंदरूनी हिस्सा जर्जर होने से कोई नहीं बचा सकता। शायद कईयों को यह भी लग रहा होगा कि अब नई भाजपा का उदय हो चुका है। पार्टी का बड़े स्तर पर जो काम करने का तरीका है, उसके बूते सत्ता भी आने वाले समय में हासिल कर ली जाएगी। लेकिन खोखले ढांचे के भीतर नुकसान किसका होगा? यह स्थिति पार्टी के भीतर इस वक्त मुख्य रूप से चर्चा का विषय बनी हुई है। क्योंकि दोनों खेमे एक दूसरे के लिए यहां जिस तरीके से तलवारें खोलकर अपनी अपनी मौजूदगी का एहसास करवा रहे हैं। गर्मी के इस मौसम में जब तक बरसात आएगी, नफा किसका होगा और नुकसान में कौन रहेगा? इसका पता अभी इतनी जल्दी लगा पाना आसान नहीं है।

खैर, जो भी हो 26 28 और 30 मई को पंचायती राज व्यवस्था के वोट तीन चरणों में डल जाएंगे, कौन जीतेगा कौन हारेगा? किस-किस को नुकसान होगा? इंतजार करिए!

### कांग्रेस को भी भाजपा के भीतर घमासान से पीड़ा

**देखना** यही है कि इस जिला में अनुशासनहीनता में शामिल लोगों पर गाज कब तक गिरेगी, किस-किस पर गिरेगी और उसके बाद कैसा माहौल बनेगा। यह बात अलग है कि कांग्रेस को भी भाजपा के भीतर जो चल रहा है उसकी बहुत पीड़ा हो रही है। तभी तो शनिवार को जिला कांग्रेस के अध्यक्ष सुमन भारती ने इस मामले को लेकर पीड़ा भी जताई। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने पार्टी को सींचा होता है उनके साथ यदि इस तरह का व्यवहार शुरू हो जाए, तो फिर कार्यकर्ता राजनीतिक दलों के बीच उलट फेर करने के लिए भी तैयार हो जाता है। दरअसल में उनका जिले की राजनीति में भाजपा के भीतर जो टकराव चल रहा है, उस पर संवेदना जताने का यही मकसद था, क्योंकि इस जिला से गुटबाजी की वजह से जिला में कांग्रेस को पिछले विधानसभा चुनाव में मुकम्मल बहुमत मिला था, उसकी वजह भी राजनीति के जानकारी ठीक-ठाक जानते हैं।


# भाजपा प्रत्याशी श्यामलाल के समर्थन में गरजे रजत

## दर्जनों जनसभाओं में आधा दर्जन कांग्रेस नेताओं ने थामा भाजपा का दामन

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** विधानसभा क्षेत्र के तहत जिला परिषद नवाही वार्ड के चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। भाजपा समर्थित जिला पार्षद उम्मीदवार श्यामलाल के समर्थन में लगातार हो रही जनसभाओं में उमड़ रही भीड़ ने चुनावी माहौल को पूरी तरह भाजपा के पक्ष में कर दिया है। क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव पहुंचकर चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में धर्मपुर भाजपा नेता रजत ठाकुर ने श्यामलाल के समर्थन में पपलोग, बसंतपुर, रखोह, जधरू, दारपा, बकारटा और बरछवाड़ पंचायतों में ताबड़तोड़ जनसंपर्क अभियान चलाया तथा करीब एक दर्जन जनसभाओं को संबोधित किया।

रजत ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार के साढ़े तीन वर्षों के कार्यकाल में प्रदेश सहित सरकाघाट और धर्मपुर क्षेत्र के साथ विकास के नाम पर भेदभाव किया गया है। उन्होंने दावा किया कि आगामी डेढ़ वर्ष बाद प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने जा रही है और रुके हुए विकास कार्य युद्धस्तर पर शुरू किए जाएंगे।



भाजपा समर्थित जिला पार्षद उम्मीदवार श्यामलाल के समर्थन में प्रचार के लिए उतरे भारतीय जनता पार्टी के नेता रजत ठाकुर। अनंत ज्ञान

◆ **श्यामलाल को ईमानदार जनसेवी उम्मीदवार बताया**

उन्होंने कहा कि भाजपा ने श्यामलाल जैसे ईमानदार और सेवानिवृत्त अधिकारी को मैदान में उतारा है, जबकि विपक्षी दल उनके मुकाबले मजबूत उम्मीदवार तक नहीं दे सके। उन्होंने जनता से श्यामलाल को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। श्यामलाल के समर्थन में चुनावी माहौल उस समय और मजबूत हो गया जब पूर्व रिटायर्ड अधिकारी व्यास देव, मनोहर लाल, अमरनाथ, योगराज शर्मा, कश्मीर सिंह, रोशन लाल, नवजोत और हर्षवर्धन सहित आधा दर्जन से अधिक नेताओं ने कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया। सभी नेताओं ने श्यामलाल की कार्यशैली और ईमानदार छवि पर भरोसा जताया।

जनसभाओं में पूर्व जिला पार्षद विजयलक्ष्मी, पूर्व प्रधान कमलेश नागी, पवन वनयाल, राज कुमार, सुरेंद्र ठाकुर, ओमचंद ठाकुर सहित कई भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### जनता के बीच रहकर करूंगा काम : श्यामलाल

**भाजपा** समर्थित उम्मीदवार श्यामलाल ने कहा कि सेवानिवृत्त अधिकारी के रूप में सेवा देने के बाद अब वह सीधे जनता के बीच रहकर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। श्यामलाल ने कहा कि गरीब, असहाय, बीमार लोगों, जरूरतमंद बच्चों तथा पढ़ाई से वंचित कन्याओं के उत्थान के लिए वह अपना वेतन तक समाज सेवा में समर्पित करेंगे। उन्होंने कहा कि शोषित और उपेक्षित वर्ग की सेवा ही उनका मुख्य उद्देश्य रहेगा।

# सकरोहा और चतरौर पंचायतों में गर्माया चुनावी माहौल

अनंत ज्ञान

**प्रकाश धीमान, बैहना।** बल्ह उपमंडल की ग्राम पंचायत सकरोहा और नवगठित ग्राम पंचायत चतरौर में पंचायत चुनावों को लेकर चुनावी माहौल पूरी तरह गर्मा गया है। दोनों पंचायतों में प्रधान, उपप्रधान और बीडीसी पदों के लिए प्रत्याशी जनसंपर्क अभियान में जुटे हुए हैं, जबकि मतदाता भी अपने मताधिकार के प्रयोग को लेकर उत्साहित नजर आ रहे हैं। ग्राम पंचायत सकरोहा में 26 मई को मतदान होगा, जहां कुल 1507 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। पंचायत प्रधान पद के लिए सात उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं, जबकि उपप्रधान पद के लिए पांच प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। मतदाता लोकतंत्र के इस महापर्व में भाग लेकर उम्मीदवारों के राजनीतिक भविष्य का फैसला करेंगे। वहीं पंचायत पुनर्गठन के बाद अस्तित्व में आई नई ग्राम पंचायत चतरौर में 28 मई को मतदान संपन्न होगा। यहां कुल 893 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। प्रधान पद के लिए दो महिला प्रत्याशी चुनावी मैदान में आमने-सामने हैं, जबकि उपप्रधान पद के लिए दो पुरुष उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। इन दोनों पंचायतों के मतदाता बीडीसी सदस्य के लिए भी मतदान करेंगे।

# कुटलैहड़ के विधायक विवेक ने भाजपा पर साधा निशाना

## बोले- आपदा के समय केवल एक किलो राशन बांटना मदद नहीं कहलाता

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में पंचायती राज चुनावों के बीच राजनीतिक बयानबाजी लगातार तेज होती जा रही है। इसी कड़ी में कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने पूर्व विधायक और भाजपा नेताओं के आरोपों पर तीखा पलट वार करते हुए कहा कि आपदा के समय केवल एक किलो राशन बांटना मदद नहीं कहलाता, बल्कि संकट की घड़ी में लोगों को सुरक्षित आश्रय, भोजन और बच्चों की पढ़ाई तक की जिम्मेदारी उठाना ही असली सेवा है। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि धनेत जिला पार्षद वार्ड में आपदा के दौरान जिन परिवारों के घर पूरी तरह तबाह हो गए थे, उन्हें कांग्रेस सरकार और उनके प्रयासों से राहत प्रदान की गई। उन्होंने दावा किया कि लगभग सौ प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर ठहराने की व्यवस्था की गई और उनके खाने-पीने से लेकर बच्चों की पढ़ाई तक का खर्च स्वयं वहन किया गया। उन्होंने कहा कि राजनीति केवल भाषण देने से नहीं बल्कि जनता के दुख-दर्द में साथ खड़े होने से होती है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग राजनीतिक लाभ लेने के लिए आपदा राहत का मुद्दा उठा रहे हैं, जबकि वास्तविक सहायता कांग्रेस सरकार और उनके नेतृत्व में दी गई थी।

विधायक विवेक शर्मा ने बिना नाम लिए पूर्व विधायक पर राजनीतिक हमला बोलते हुए कहा कि जो नेता आज अपने नाम के आगे पूर्व विधायक लगाकर बड़े-बड़े बयान दे रहे हैं, उन्हें यह याद रखना चाहिए कि वर्ष 2022 में कुटलैहड़ की जनता ने उन्हें कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार के रूप में विधायक बनाया था। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर 14 महीने के भीतर उन्होंने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन क्यों थाम लिया। विवेक शर्मा ने कहा कि जनता को यह भी बताया जाना चाहिए कि आखिर उन्होंने जनता के विश्वास को क्यों तोड़ा। उन्होंने कहा कि जनता के वोटों से जीतकर दूसरी पार्टी में जाना लोकतांत्रिक भावना के खिलाफ है।

कुटलैहड़ की जनता सब समझती है और समय आने पर इसका जवाब भी देगी। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा जनता की भावनाओं का सम्मान किया है जबकि भाजपा केवल राजनीतिक स्वार्थ के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जनता को गुमराह करने वाले नेताओं की सच्चाई अब लोगों के सामने आ चुकी है।

# पंचायत चुनाव में बूथ के बाहर बवाल किया तो सीधे होगी जेल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल में होने जा रहे पंचायतीराज चुनावों को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने के लिए प्रशासन ने इस बार सख्त रुख अपनाया है। मतदान केंद्रों के बाहर हुड़दंग, अनावश्यक भीड़, नारेबाजी या मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश अब भारी पड़ सकती है। प्रशासन ने साफ चेतावनी दी है कि चुनावी माहौल खराब करने वालों को सीधे जेल भेजने के साथ-साथ हजारों रुपये का जुर्माना भी लगाया जाएगा। लिहाजा, प्रदेश में 26 मई से शुरू हो रहे तीन चरणों के पंचायत चुनावों को लेकर सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हो गई हैं। जानकारी के अनुसार राज्य की 3758 पंचायतों में जिला परिषद के 251 वार्ड, पंचायत समिति के 1769 वार्ड और पंचायतों के 21678 वार्ड सदस्यों के लिए मतदान होना है। ऐसे में प्रशासन ने संवेदनशील और अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर विशेष सुरक्षा प्रबंध किए हैं। पुलिस बल की अतिरिक्त तैनाती के साथ-साथ हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जाएगी। चुनाव अधिकारियों ने राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों को भी स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे अपने समर्थकों को मतदान केंद्रों से 100 मीटर की दूरी के भीतर अनुशासन बनाए रखने के लिए कहें।

# थानाकलां में गरजे पूर्व विधायक भुट्टो

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में पंचायती राज चुनावों को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां लगातार तेज होती जा रही हैं। इसी कड़ी में कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने थानाकलां, तलाई तथा आसपास के क्षेत्रों में आयोजित नुक्कड़ सभाओं के दौरान प्रदेश की सुक्खू सरकार पर जमकर निशाना साधा। सभाओं में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, महिला मंडलों, युवाओं और स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति देखने को मिली। पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य की सरकार ने बड़े-बड़े वादे करके जनता को भ्रमित किया, लेकिन साढ़े तीन वर्ष के कार्यकाल में सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। उन्होंने



कहा कि प्रदेश का किसान, कर्मचारी, व्यापारी, युवा, महिला और गरीब वर्ग सभी सरकार की नीतियों से परेशान हैं। महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार ने आम आदमी का जीना मुश्किल कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुटलैहड़ क्षेत्र के विभिन्न सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच चुका है। विकास कार्यों के नाम पर केवल कागजी योजनाएं बनाई जा रही हैं, जबकि धरातल पर जनता को कोई राहत नहीं मिल रही। उन्होंने कहा कि सरकार के करीबी लोगों को बंद कमरों में टेंडर बांटे जा रहे हैं और पारदर्शिता पूरी तरह समाप्त हो चुकी है। दविंदर कुमार भुट्टो ने कहा कि भाजपा हमेशा विकास और जनसेवा की राजनीति करती आई है, जबकि कांग्रेस केवल सत्ता हासिल करने के लिए जनता को गुमराह करती है।

**सियासत** नेता प्रतिपक्ष बोले-आम जनता को गुमराह कर रही है प्रदेश की कांग्रेस सरकार

# मंत्रिमंडल के निर्णयों में दिखी हार की बौखलाहट: जयराम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मंडी में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह और प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला। नगर पंचायत और नगर परिषद चुनाव परिणाम में कांग्रेस की हार की बौखलाहट प्रदेश सरकार की मंत्रिमंडल में देखने को मिली हैं। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार झूठ, छल और जनता से वसूली की राजनीति कर रही है। चुनावों के समय बड़ी-बड़ी गारंटियां देने वाली कांग्रेस अब जनता से किए गए वादों से पीछे हट चुकी है। बिजली पर वादाखिलाफी और जनता पर आर्थिक हमला जय राम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने की गारंटी दी थी, लेकिन सत्ता में आते ही भाजपा सरकार के समय प्रदेशवासियों को दी जा रही 125 यूनिट मुफ्त बिजली सुविधा भी समाप्त कर दी। जिन परिवारों के बिजली बिल पहले शून्य आते थे, अब उन्हें कम से कम 750 रुपये तक का बिल भरना पड़ रहा है। सरकार ने पहले स्लैब आधारित सब्सिडी खत्म कर बिजली बिलों में भारी बढ़ोतरी की



और अब घर से बाहर रहकर पढ़ाई तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों से भी महंगी बिजली वसूली जा रही है। इसके साथ ही होटल, निजी अस्पताल, पेट्रोल पंप, शॉपिंग मॉल और मल्टीप्लेक्स सहित कई श्रेणियों पर अतिरिक्त बिजली सेस लगाया जा रहा है। पहले दूध सेस और पर्यावरण सेस लगाया गया और अब लगातार नए कर लगाकर जनता की जेब पर बोझ बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने मेडिकल कॉलेजों में प्रोफेसरों के कार्यकाल बढ़ाने के फैसले पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार अपनी वित्तीय देनदारियों को आगे खिसकाने का प्रयास कर रही है। सरकार रिटायर कर्मचारियों के जीपीएफ और अन्य भुगतान तक समय पर नहीं कर पा रही है।

जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री पर आचार संहिता उल्लंघन के गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस इस मामले की मास्टरमाइंड रही है। विधानसभा चुनावों से पहले महिलाओं और युवाओं से विभिन्न योजनाओं के नाम पर फार्म भरवाए गए, लेकिन बाद में वे फॉर्म कार्यालयों में धूल खाते रहे। लोकसभा चुनावों के दौरान भी सम्मान निधि के नाम पर चुनावी लाभ लेने का प्रयास किया गया, लेकिन प्रदेश की अधिकांश महिलाओं को उसका लाभ नहीं मिला।

उन्होंने कहा कि मंडी नगर निगम चुनावों के दौरान भी मुख्यमंत्री लगातार घोषणाएं कर रहे हैं और जनता को प्रलोभन देने का प्रयास किया जा रहा है। कैबिनेट बैठकों और मीडिया के माध्यम से बड़ी-बड़ी घोषणाएं कर चुनावी माहौल प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है। जय राम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री लगातार झूठ बोलकर प्रदेश की जनता को भ्रमित कर रहे हैं।